जबलपुर

शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

- आश्विन मास कृष्ण पक्ष-7
- वर्ष : 21 अंक : 151
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 33
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल में गोपालक सम्मेलन आज

आतंरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर दो घंटे मंथन करेंगे अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



शाह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और सौगातें भी देंगे

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार शाम भोपाल पहुंचे। वे शनिवार को कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भेल दशहरा मैदान में वे नए आपराधिक कानूनों पर केंद्रित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। साथ ही कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर केंद्र व राज्य के बीच समन्वय को लेकर करीब दो घंटे की बैठक भी करेंगे। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के निदेशक, नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। साइबर अपराध, खासकर वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम और ठगी की राशि को समय पर होल्ड कराने के लिए साझा प्रयासों पर भी चर्चा के अलावा आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन, फोरेंसिक मोबाइल वैन सहित संसाधनों की उपलब्धता, देशविरोधी गतिविधियों, माओवादी हिंसा के बाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और सुरक्षा व्यवस्था, नशामुक्ति अभियान तथा विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

सम्मेलन से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह शनिवार राज्य में गो-पालक सम्मेलन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा आइसर के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी के कौशल विकास को प्रोत्साहित करेंगे।

पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार से की वीडियो कॉल पर बात, कहा-आपकी बहादुरी पर पूरे देश को गर्व

हम 'हिंदुस्तानी' जान लेने वाले नहीं, जान 'बचाने' वाले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लाईदुबई के कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने संकट के समय यात्रियों की जान बचाकर पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।

मोदी ने शुक्रवार को यूएई में इलाज करा रहे मच्छार से वीडियो कॉल पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश गर्व से कह सकता है कि हम हिंदुस्तानी जान लेने वाले लोग नहीं, बल्कि जान बचाने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने और खुद जीवन-मृत्यु से संघर्ष करने के बावजूद स्मित ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

उन्होंने कहा कि कैप्टन की हिम्मत ने भारतीय पायलटों की साख भी बचाई है। अगर उन्होंने संकट के समय सही कदम नहीं उठाया होता, तो इसके परिणाम बेहद गंभीर हो सकते थे। मोदी ने कहा कि स्मित ने बहुत बड़ा काम किया है और उनकी बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है।



घायल होने के बावजूद यात्रियों की जान बचाकर देशवासियों का मान बढ़ाया

को-पायलट ने किया था चाकू से हमला

फ्लाईदुबई की यह उड़ान दुबई से इजरायल के तेल अवीव जा रही थी। विमान में करीब 174 यात्री सवार थे। उड़ान के दौरान को-पायलट ने कैप्टन स्मित मच्छार पर चाकू से हमला कर दिया। इजरायली प्रधानमंत्री के बयान के अनुसार, को-पायलट ने विमान को क्रैश कराने की कोशिश की थी। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद स्मित ने हमलावर का सामना किया और कॉकपिट का दरवाजा खोला। इसके बाद यात्रियों और क्रू सदस्यों की मदद से हमलावर को काबू में किया गया। विमान की सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

संकट में भी करते रहे हनुमान चालीसा का पाठ

प्रधानमंत्री से बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित ने उस भयावह घटना को याद किया। उन्होंने बताया कि हमले के दौरान वह हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। स्मित ने कहा कि उस समय मैं हनुमान चालीसा बोल रहा था और मुझे पता है कि मुझे भगवान ने ही बचाया है।

बड़ी राहत

चुनाव आयोग उप्र-बंगाल समेत 20 राज्यों में फिर चलाएगा विशेष अभियान

एसआईआर में छूटे और नए वोटर्स के नाम जोड़े जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तीसरे फेज में 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया जारी, इनमें से 7 राज्यों में लिस्ट जारी हो चुकी है

नई दिल्ली। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर चल रहे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में छूट गए पात्र मतदाताओं की पहचान के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। एसआईआर की प्रक्रिया पूरी कर चुके 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं की जांच करेंगे, जिनके नाम पिछली सूची में थे लेकिन नई सूची में शामिल नहीं हैं। इसके साथ ही पहली बार मतदान करने वाले और नए पात्र मतदाताओं को भी सूची में जोड़ने की प्रक्रिया चलेगी।

आयोग ने निर्देश दिए हैं कि अभियान को एक महीने में पूरा किया जाए। बीएलओ एसआईआर से पहले और बाद की मतदाता सूचियों की तुलना कर छूटे नामों की पहचान करेंगे और घर जाकर उनकी स्थिति का सत्यापन करेंगे। पात्र मतदाता मिलने पर उनसे फॉर्म-6 भरवाया जाएगा। इसके बाद मतदाता पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) नाम शामिल करने पर अंतिम निर्णय लेंगे।

बीएलओ तलाशेंगे छूटे नाम

पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 से दोबारा होगा पंजीयन



फाइल फोटो

मप्र 34.25 लाख नाम कटे जबकि महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 2 करोड़ नाम कटे

बेघर लोगों के लिए भी विशेष कैंप

मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों और अन्य स्थानों पर रहने वाले बेघर लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने राज्यों से इस अभियान की प्रगति की नियमित रिपोर्ट भी मांगी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए प्रदर्शन

दिल्ली से मुंबई तक सीईसी के खिलाफ उमड़ा आक्रोश

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ की मांग को लेकर शुक्रवार को महात्मा गांधी जयंती पर दिल्ली से लेकर मुंबई तक प्रदर्शन हुए। मुंबई के शिवाजी पार्क में सीजेपी प्रमुख अभिषेक दीपके ने अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया और सीईसी के इस्तीफे की मांग की। इस मौके पर फिल्म अभिनेता नसरुद्दीन शाह, शबाना आजमी और विशाल ददलानी सहित कई बॉलीबुड की हस्तियों ने सीजेपी का समर्थन किया।



मुंबई में प्रदर्शन

मुंबई में आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत बोले

राष्ट्र और धर्म अलग नहीं, राष्ट्र कमजोर तो धर्म पर 'खतरा'



- दुनिया की चुनौतियों का समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा में
- विकास-पर्यावरण और स्वतंत्रता-परिवार के बीच संतुलन जरूरी

एजेंसी ⏭ मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। दोनों परस्पर निर्भर हैं और एक के कमजोर होने का असर दूसरे पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में सहायक है। धर्म संकट में आया तो देश को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि दुनिया इस समय कई तरह के विरोधाभासों और दुविधाओं से जूझ रही है। विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ पारिवारिक जीवन और धार्मिक आस्था के साथ संघर्ष जैसी चुनौतियां सामने हैं।

मुख्यमंत्री ने गांधी और शास्त्री की जयंती पर किया नमन

गांधी के स्वदेशी व आत्मनिर्भरता के विचारों को आगे बढ़ा रहे मोदी



- भारतीय मूल के कैप्टन स्मित के शौर्य और मानवता को सराहा
- मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचारों को आगे बढ़ाते हुए देश मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वदेशी को प्रोत्साहन देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गांधी जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर संसदीय समिति के साथ बैठक रद्द की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने 6 अक्टूबर को संसदीय समिति के साथ प्रस्तावित 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर होने वाली बैठक को रद्द कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा करना 'उचित या वांछनीय' नहीं हो सकता है, इसलिए यह बैठक रद्द की जाती है। बता दें कि बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद कपिल सिब्बल ने इस पर आपत्ति जताई थी।

कोर्ट ने क्या कहकर बैठक से इनकार किया?

सुप्रीम कोर्ट ने महासचिव कार्यालय के माध्यम से ईमेल का जवाब देते हुए विधायी विभाग को सूचित किया कि वरिष्ठ न्यायाधीशों ने प्रस्ताव पर चर्चा की थी। पत्र में कहा गया, उनका मत है कि प्रस्तावित संशोधन सुप्रीम कोर्ट के समक्ष न्यायिक समीक्षा का विषय बन सकता है, इसलिए प्रशासनिक स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा करना उचित या वांछनीय नहीं होगा। तदनुसार प्रस्तावित बैठक रद्द की जाती है। असुविधा के लिए खेद है।

बैठक में क्या होना था?

चुनाव आयोग ने 28 सितंबर को एक ईमेल से भारत के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के साथ 'अनौपचारिक बातचीत' का अनुरोध किया था, जिसे उसने 'स्थानीय अध्ययन यात्रा' बताया था। यह अनुरोध विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग से भेजा गया था। इस बातचीत में सीजेआई, अन्य न्यायाधीशों और संविधान के 129वां संशोधन विधेयक 2024 की जांच करने वाली संसदीय समिति शामिल होनी थी।

संसदीय समिति के अध्यक्ष ने क्या कहा?

एक साथ चुनाव संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद और पूर्व कानून मंत्री पीपी चौधरी हैं। उन्होंने मीडिया को बताया था कि बैठक का उद्देश्य विधेयक पर चर्चा करना नहीं, बल्कि /"सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट, उसकी लाइब्रेरी से परिचित कराने/" के लिए था, क्योंकि कुछ सदस्य वहां कभी नहीं गए। सांसद सिब्बल की आपत्ति मौजूदा न्यायाधीशों के साथ बैठक को लेकर थी, जो अंततः कानून की संवैधानिकता पर फैसला सुना सकते हैं। उन्होंने इसे 'संविधान का मजाक' बताया।

पुतिन की नाटो को चेतावनी

कैलिनिनग्राद पर हमला होने पर की जाएगी परमाणु कार्रवाई

एजेंसी ⏭ मॉस्को



रूस और नॉर्थ अटलांटिक संधि संगठन देशों के बीच यूक्रेन युद्ध को लेकर चल रहा तनाव बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर रूस के किसी भी हिस्से या उसके रणनीतिक क्षेत्र कैलिनिनग्राद पर सीधा हमला होता है, तो रूस अपने परमाणु शस्त्रागार सहित सभी हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुतिन का यह बयान मास्को में आयोजित वाल्दाई फोरम में आया है।

पुतिन ने क्या दी है चेतावनी?

राष्ट्रपति पुतिन ने फोरम में स्पष्ट रूप से कहा, अगर रूसी संघ पर सीधा हमला होता है, तो हमारे देश के पास मौजूद सभी हथियारों को तैनात करने का सवाल, निश्चित रूप से अनिवार्य रूप से और तुरंत एजेंडे में आ जाएगा। यह अपरिहार्य है। इस मामले में हमारा संदर्भ कैलिनिनग्राद और संभवतः देश के अन्य क्षेत्रों पर होने वाले किसी भी तरह के हमले से भी है।

पुतिन के बयान पर नाटो का जवाब

रूस की इस परमाणु चेतावनी पर नाटो के महासचिव मार्क रट ने कहा कि नाटो एक रक्षात्मक गठबंधन है और रूस की तरफ से दी जा रही इस तरह की परमाणु धमकियां पूरी तरह से अनुपयोगी और नुकसानदेह हैं। यूरोपीय सरकारों ने हाल के दिनों में रूस पर कथित रूप से तोड़फोड़ और आगजनी जैसी घटनाओं के जरिए हाइब्रिड युद्ध तेज करने के आरोप लगाए हैं, जिसे मास्को ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

कैलिनिनग्राद की भौगोलिक संवेदनशीलता

कैलिनिनग्राद रूस का सबसे पश्चिमी क्षेत्र है, जो चारों तरफ से नाटो के सदस्य देशों (पोलैंड और लिथुआनिया) से घिरा हुआ है और यहां भारी मात्रा में रूसी सेना व हथियार तैनात हैं। रूस ने हाल ही में नाटो को एक राजनयिक नोट भी भेजा था, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि नाटो ने कैलिनिनग्राद की घेराबंदी करने या उसका संपर्क काटने की कोशिश की, तो रूस परमाणु प्रतिक्रिया के लिए तैयार है।

6 महीने की मेहनत लाई रंग

पत्नी की जिद पर ली खदान से मिले 12 लाख के 4 हीरे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पन्ना



- सरकारी नीलामी में बिक्री के लिए रखे जाएंगे हीरे

पन्ना की धरती ने एक बार फिर एक परिवार की किस्मत चमका दी है। इस बार यह किस्मत झांसी जिले के धायपुरा गांव की रहने वाली गुड्डी देवी और उनके पति राजकुमार श्रीवास की खुली है। पति-पत्नी को पन्ना के सरकोहा इलाके में स्थित खदान से एक साथ 4 चमचमाते हीरे मिले हैं। इन चारों हीरों का कुल वजन 5.16 कैरेट है, जिनकी बाजार में कीमत 12 रुपए बताई जा रही है।

नाबालिगों की करतूत

छात्रा को मिलने बुलाया, दोस्तों के साथ मिलकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन



- दो आरोपी गिरफ्तार, दो अब भी फरार

उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता को उसका ही नाबालिग दोस्त मिलने के बहाने जीवाजीगंज स्थित अपने एक दोस्त के कमरे पर ले गया। वहां पहले से मौजूद तीन नाबालिग दोस्तों के साथ मिलकर दरिंदगी की। घटना के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो फरार हैं।

पहली बार बढ़ी ट्रेन की स्पीड

चिनाब ब्रिज पर 100 की रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- रेल मंत्री वैष्णव ने साझा किया वीडियो

दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पर वंदे भारत एक्सप्रेस ने 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेन के चिनाब ब्रिज से गुजरने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने इसे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

44 साल बाद महिला हॉकी में भारत को सोना, मुक्केबाजों की हैट्रिक

पीएम मोदी ने महिला हॉकी टीम को दी बधाई

चीन को हराकर चैंपियन बनी टीम, लवलीना परवीन-अंकुश ने बॉक्सिंग में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत की महिला हॉकी टीम ने 2026 एशियन गेम्स में इतिहास रच दिया। टीम इंडिया ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2028 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। 1982 के बाद पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीती है। एशियन गेम्स में महिला हॉकी में भारत के हिस्से पहली बार मेडल आया।



जीत का जश्न

भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर

एशियन गेम्स 2026 में 14वें दिन भारत ने कुल 6 स्वर्ण पदक जीते। इस 6 गोल्ड के दम पर भारत अब मेडल टैली में 5वें स्थान पर आ गया। भारत ने इस एशियन गेम्स में अब तक कुल 16 गोल्ड, 25 सिल्वर और 35 ब्रॉन्ज मेडल समेत कुल 76 मेडल जीते हैं।

बॉक्सिंग, कुश्ती और तीरंदाजी में भी भारत का शानदार प्रदर्शन

बॉक्सिंग में भारत ने तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं के 75 किग्रा फाइनल में चीन की बाओ जिया को 5-0 से हराया। अपने जन्मदिन पर मिली यह उपलब्धि उनके लिए खास रही। परवीन हुड्डा ने 65 किग्रा वर्ग में चीन की चेन निएन-चेन को 3-2 से शिकस्त दी। पुरुषों के 80 किग्रा में अंकुश पंघाल ने दक्षिण कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।



लवलीना



सुजीत

महिला 'साहूकारों' के घर सहकार विभाग व पुलिस की बड़ी कार्रवाई

13 लाख कैश, 88 किलो चांदी, कई ब्लैंक चेक व बॉण्ड

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के वाशिम में साहूकारी के खिलाफ सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां लखाला इलाके में रहने वाली दो सगी बहनों के घर पर छापेमारी के दौरान 13 लाख रुपये नकद और करीब 2 करोड़ रुपये कीमत की 88 किलो चांदी बरामद हुई। टीम ने कई ब्लैंक चेक, कई कोरे बॉन्ड, साहूकारी के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर और दूसरे दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

ब्लैंक चेक व कोरे बॉण्ड की बरामदगी अहम

कार्रवाई के दौरान टीम को घर से बड़ी मात्रा में नकदी और चांदी मिली। इस कार्रवाई में ब्लैंक चेक और कोरे बॉन्ड की बरामदगी भी अहम मानी जा रही है। ये दस्तावेज किस-किस व्यक्ति से जुड़े हैं और इनका इस्तेमाल किस तरह किया जाता था, इसकी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इसके अलावा दूसरे दस्तावेज का पंचनामा किए जाने के बाद उन्हें जब्त कर लिया गया।

दो बहनों के घर मिली अकूत दौलत

क्या है पूरा मामला

मामला वाशिम के लखाला परिसर का है। अलका वायेचाल और प्रिया वायेचाल नाम की दो सगी बहनों के खिलाफ सब रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत की गई थी। शिकायत में दोनों पर अवैध तरीके से साहूकारी करने का आरोप लगाया गया। शिकायत मिलने के बाद सब रजिस्ट्रार ने इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी। इसके बाद जिला अधिकारी की देखरेख में सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमें बनाई गईं। टीमों ने दोनों महिलाओं के घरों पर कार्रवाई की गई।



समृद्ध किसान
समृद्ध प्रदेश
किसान
कल्याण वर्ष 2026

सहकार से समृद्धि



सांची Sanchi

गौपालक सम्मेलन

मुख्य अतिथि
अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भूमिपूजन
₹255 करोड़ का डेयरी प्लांट, उज्जैन

लोकार्पण
फर्मेंटेड मिल्क प्रोडक्ट प्लांट एवं
राज्यस्तरीय केन्द्रीय गुणवत्ता लैब, भोपाल
मिनी डेयरी संयंत्र, शिवपुरी

हितलाभ वितरण
दुग्ध संघ के पशुपालकों को बोनस
गौशालाओं को सहायता
कामधेनु योजना स्वीकृति पत्र वितरण

सम्मान
गौपालक दीदियों का

3 अक्टूबर 2026
बीएचईएल, दशहरा मैदान, भोपाल

मिल्क कैपिटल बनेगा
मध्यप्रदेश

9% से 20%
देश के कुल दुग्ध उत्पादन में
मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी
बढ़ाने का लक्ष्य

₹2,973 करोड़ की
दुग्ध उत्पादन और डेयरी क्षेत्र के
विकास के लिए योजनाओं को मंजूरी

26,000 गांवों में
दुग्ध सहकारी समितियों के
नेटवर्क के विस्तार का लक्ष्य

10 लाख से 50 लाख लीटर प्रतिदिन
अगले 5 वर्षों में दुग्ध संकलन
करने का लक्ष्य



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11132/26
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

प्रधानमंत्री ने गांधी और शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

सादगी, साहस और राष्ट्रसेवा से भरे उनके जीवन की गाथाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी, प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा पथप्रदर्शक बनी रहेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि सादगी, साहस और राष्ट्रसेवा से भरे उनके जीवन की गाथाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता के स्मारक राजघाट और शास्त्री के स्मारक विजय घाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और भारत की प्रगति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमेशा



पथप्रदर्शक बनी रहेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी का शाश्वत संदेश सभी को बेहतर समाज और विकसित भारत की दिशा में मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि बापू का पूरा जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का प्रकाश स्तंभ रहा और यह हर युग में मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा।

राजघाट और शास्त्री के स्मारक विजय घाट गए

पीएम मोदी, सोनिया और राहुल ने एक दूसरे को जोड़े हाथ, खरगे से की बात



सियासी हमलों के बीच शुक्रवार को संसद भवन से दिलचस्प वीडियो सामने आया। गांधी और शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के मौके पर प्रधानमंत्री , कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक साथ दिखे। सभी ने एक दूसरे को हाथ जोड़े। इस दौरान खरगे और पीएम मोदी बातचीत भी करते दिखे। पीएम मोदी के साथ स्पीकर ओम बिरला, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू भी थे।

सेवाग्राम आश्रम में सर्वधर्म प्रार्थना की

वर्धा। महाराष्ट्र के वर्धा स्थित प्रतिष्ठित सेवाग्राम आश्रम में गांधी की जयंती मनाई गई। सर्वधर्म प्रार्थना और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत भक्ति गीतों के साथ आश्रम परिसर में नई तालीम से बापू कुटी तक निकाली गई शोभायात्रा से हुई। सुबह बापू कुटी में सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई और 'सूतक यज्ञ' के माध्यम से गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

रचनात्मक कांग्रेस करेगी विविधता को संरक्षित

कांग्रेस के प्रकोष्ठ 'रचनात्मक कांग्रेस' ने इस अवसर पर भारत की विविधता को संरक्षित करने और स्वतंत्रता संग्राम तथा संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। संगठन ने कहा कि यह संकल्प गांधी के मूल्यों के साथ विरासत और उन संवैधानिक मूल्यों को समाहित करता है, जो देश की नींव हैं। रचनात्मक कांग्रेस ने कहा कि भारत की समृद्ध विविधता उसकी पहचान है।



गुरुग्राम में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के तहत सफाई अभियान शुरू

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गांधी जयंती पर 'स्वच्छता ही सेवा 2026' और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कचरे के लिए संवेदनशील स्थलों (जीवीपी) को कचरा मुक्त बनाने के अभियान की शुरुआत की गई।

खबर संक्षेप

अमरावती में भीषण टक्कर, 7 की मौत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में समृद्धि हाईवे पर गुरुवार को एक ट्रक और टेंपो पिकअप के बीच



टक्कर हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 19 दूसरे घायल हो गए। यह हादसा धामनगांव रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टेंपो में श्रद्धालु सवार थे जो राज्य के बुलढाणा में मौजूद मशहूर तीर्थस्थल शेगांव से दुर्गा प्रतिमा लेकर वर्धा जा रहे थे, तभी ट्रक से टक्कर हुई।

आत्मसम्मान से मरूं कांग्रेस से इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विश्वेंद्र सिंह ने



शुक्रवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन्होंने प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर आरोप लगाने और भरतपुर-डीग की पार्टी इकाइयों पर निकाय चुनाव में असल पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाने के बाद लिया।

पूर्वी चंपारण में 4 बच्चियों की डूबने से मौत

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में शुक्रवार सुबह तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चियों की



डूबने से मौत हो गई। यह घटना जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के इनरवाभार पंचायत के बांकट गांव में साढ़े नौ बजे हुई। मृतकों की पहचान बांकट गांव निवासी सोनावती कुमारी, उसकी बहन फूलवती , सोनाली और प्रतिभा के रूप में हुई है।

साइनबोर्ड पर हिंदी लिखी तो 2 अधिकारी निलंबित

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को यहां कहा कि राज्य के अधीन आने वाले राजमार्ग के एक



साइनबोर्ड पर आधिकारिक दो-भाषा नीति का उल्लंघन कर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल करने के कारण 2अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने कहा कि हिंदी शब्दों को साइनबोर्ड से मिटा दिया गया है और विभागीय कार्रवाई होगी।

शिप्रा एक्स. में किन्नरों ने यात्री को पीटा, नीचे फेंका

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशन शंकरगढ़ पर शुक्रवार को किन्नरों ने यात्री युवक



की पिटाई करके ट्रेन से नीचे फेंक दिया। इससे उसका पैर टूट गया और गंभीर चोट आई। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख यात्री को प्रयागराज रेफर किया। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के आगे तालापार गांव के पास घायल यात्री की सूचना ड्यूटी कर रही महिला ने दी।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को अवैध ढांचों, अतिक्रमण को हटाने को कहा

आखिरी बार 8 सप्ताह का समय दे रहे वरना करेंगे अब अवमानना की कार्रवाई

बिहार सरकार को फटकार लगाई और कहा अब समय नहीं देंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को पटना में नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में बने सभी अवैध ढांचों और अतिक्रमण को हटाने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 21 जुलाई को शीर्ष अदालत ने राज्य को 6 सप्ताह का समय दिया था, ताकि नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में मौजूद अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाया जा सके। 28 सितंबर को बिहार के महाधिवक्ता एसडी संजय ने पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत के निर्देशों का आंशिक पालन हुआ है। हालांकि उन्होंने कहा कि नेपाल में आई हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे यह पूरा इलाका जलमग्न हो गया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया। इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम अंतिम बार 8 सप्ताह का समय देते हैं। अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो हमें बिहार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब करेंगे और अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

कोर्ट ने कहा कि अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो हमें बिहार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब करेंगे और अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में कार्रवाई

हस्तक्षेप करने पर देने होंगे स्वामित्व के दस्तावेज

अदालत ने साफ किया कि अगर कोई हस्तक्षेपकर्ता अभ्यावेदन देता है, तो उसे भूमि के स्वामित्व से जुड़े सभी दस्तावेज, निर्माण की स्वीकृति और अन्य आवश्यक अनुमतियां संलग्न करनी होंगी। कोर्ट ने अवैध निर्माण को गंभीर चिंता का विषय बताया था और 6 सप्ताह में नौजर से नूरपुर घाट तक के बीच सभी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था।

एनजीटी के आदेश के खिलाफ याचिका दी

पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई पर हम अतिक्रमण हटाने को लेकर पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट चाहते हैं। इसके बाद कोई और समय नहीं दिया जाएगा। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के जून 2020 के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी गई थी। 28 सितंबर के आदेश में पीठ ने यह भी कहा कि मामले में कुछ हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि निर्माण उनकी निजी जमीन पर है और वह बाढ़ क्षेत्र में नहीं आता। पीठ ने कहा कि ऐसे हस्तक्षेपकर्ता सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन दे सकते हैं।



सिब्बल ने यह दलील दी

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि सीआईडी पहले से ही मामले की जांच कर रहा है और जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर रहे सीआईडी अधिकारियों के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं, जिससे नए सिरे से जांच की जरूरत हो। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार के सुझाव लिए बिना एसआईटी के सदस्यों का चयन किए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने एसआईटी में कारागार महानिदेशक एवं महानिरीक्षक आलोक कुमार को शामिल किए जाने का भी उल्लेख किया।

न्यायालय ने कर्नाटक के केपीएससी भर्ती अनियमितता पर कहा

एसआईटी के गठन, नए सिरे से जांच पर रोक लगाई, 12 अक्टूबर तक जवाब दें

उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) की पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती में कथित अनियमितताओं की



नए सिरे से जांच करने और एसआईटी गठित करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने नोटिस जारी किया है। सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। कोर्ट ने 12 अक्टूबर तक राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

एसआईटी में आपत्ति हो तो हलफनामा दाखिल करें

राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एसआईटी में नियुक्त अधिकारियों पर यदि कोई आपत्ति हो तो उसका उल्लेख करते हुए अतिरिक्त हलफनामा सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। राज्य सरकार जांच टीम के लिए वैकल्पिक नाम भी सुझा सकती है।

हाईकोर्ट ने एसआईटी गठन का दिया था आदेश

उच्च न्यायालय ने पशु चिकित्सकों की भर्ती में केपीएससी की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने और सीआईडी तथा संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाने के पास मौजूद साक्ष्य एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया था।

यूसीसी पर लगी राष्ट्रपति की मुहर

अब गुजरात में एक समान कानूनी ढांचा तैयार किया

अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गया है। गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड, 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद राज्य सरकार ने राजपत्र अधिसूचना भी जारी कर दी है और राज्य में कानून को लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। मार्च 2026 में गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पारित किया था। यह विधेयक विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े मामलों के लिए धर्म की परवाह किए बिना एक समान कानूनी ढांचा तैयार करने का प्रावधान करता है। राज्य सरकार जल्द अधिसूचना जारी करेगी।

विवाह और उससे जुड़े कानूनी मामलों में अहम बदलाव होंगे

यूसीसी के लागू होने के बाद विवाह और उससे जुड़े कानूनी मामलों में कई महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। इसमें विवाह का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान है। लिव-इन रिलेशनशिप को भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत पंजीकृत कराना होगा। कानून का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति से जुड़े मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान नियम लागू करना है। यूसीसी में उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकारों को लेकर बेटियों और बेटों के बीच समानता का प्रावधान किया गया है। बिना वसीयत के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में उसके जीवनसाथी, बच्चों और माता-पिता के अधिकार भी कानून के तहत निर्धारित किए गए हैं। सरोगेसी और गोद लेने से जुड़े बच्चों को भी कानूनी अधिकारों के मामले में समान सुरक्षा देने का प्रावधान किया गया है।

यूसीसी में एकविवाह का नियम लागू

यूसीसी में एकविवाह का नियम लागू किया गया है। इसके तहत पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह करने पर प्रतिबंध रहेगा। विवाह और तलाक से जुड़े मामलों के लिए भी एक समान कानूनी प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यूसीसी की प्रमुख व्यवस्थाओं में लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण भी शामिल है। राज्य में ऐसे संबंधों को निर्धारित समय-सीमा और प्रक्रिया के तहत पंजीकृत कराना होगा।

एसटी के सदस्यों को प्रावधानों से छूट मिलेगी

यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को इसके प्रावधानों से छूट दी गई है। इसके पीछे आदिवासी समुदायों की पारंपरिक सामाजिक और वैवाहिक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखना बताया गया है।

राहुल से मिल वड़िंग का छलका दर्द

साढ़े चार साल मैंने काम किया अब मुझे आराम करना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने शुक्रवार को दिल्ली में नेता विपक्ष राहुल



गांधी से मुलाकात की। वे भावुक हो गए। अमरिंदर ने कांग्रेस हाईकमान को अपना इस्तीफा भी सौंप दिया।वड़िंग ने उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बायो में बदवाल किया था और खुद को पंजाब प्रदेश कांग्रेस का पूर्व अध्यक्ष बताया था। इस दौरान अपने काम को गिनाया।

मुझे थोड़ी देर के लिए छुट्टी लेनी चाहिए

अमरिंदर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा साढ़े चार साल मैंने काम किया है, मुझे लगता है कि कुछ वक्त आराम भी करना चाहिए। वड़िंग ने कहा कि वह इस बात का फैसला कैसे कर सकते हैं कि आगे उनका क्या रोल होगा? लुधियाना से सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे थोड़ी देर के लिए छुट्टी ले लेनी चाहिए।

भाजपा का 'पीसी' कार्यालय पर धरना

अवमानना पर सीएम डीके पर एफआईआर दर्ज हो, अरेस्ट करें

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा ने बेंगलुरु पुलिस आयुक्त कार्यालय की सीढ़ियों पर धरना



देकर सीएम डीके शिवकुमार और कैबिनेट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और आरोप लगाया कि उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक भी थे।

हाईकोर्ट की अवमानना की

शिवकुमार ने सहयोगियों के साथ सीईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया था। एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग की जांच और इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि शिवकुमार ने अधिकारी के यहां प्रदर्शन कर कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया।

कोलकाता में जिला उपभोक्ता आयोग का ऐतिहासिक फैसला

बिना सबूत खारिज करना सेवा में कमी

बीमा कंपनी ने खारिज किया क्लेम अब चुकाने होंगे 1 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

अगर किसी व्यक्ति ने लाइफ इंश्योरेंस करवाया हो और पॉलिसीधारक की मौत हो जाए, फिर इंश्योरेंस कंपनी क्लेम खारिज कर दें तो ऐसी स्थिति में परिवार क्या करेगा? कुछ ऐसा ही एक मामला कोलकाता से सामने आया है, जहां पर जिला उपभोक्ता आयोग ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को पॉलिसीधारक के बेटे को 1 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कंपनी को



99.41 लाख के साथ 50 हजार रुपए मुआवजा और 10 हजार रुपए कानूनी खर्च का देने को कहा। मामले पर आयोग का कहना है कि क्लेम को बिना किसी सबूत के खारिज करना कंपनी की सेवा में कमी है।

इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस का मामला

यह मामला इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस से जुड़ा है। एक महिला ने 1 करोड़ की टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी। अहम बात तो ये है कि महिला का बेटा पॉलिसी में नॉमिनी था और जब महिला की मौत हो गई तो उसने मार्च 2023 में कंपनी से 1 करोड़ का डेथ क्लेम करने के लिए अप्लाई किया, लेकिन कंपनी ने महिला के बेटे का क्लेम खारिज कर दिया।

अनंत ने किया 1 लाख करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान

मुझे आंध्र का बेटा मानिए और आप आदेश दीजिए

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

आंध्र के मुख्यमंत्री नायडू ने अंबानी को आंध्र का लाडला बेटा बताया

आंध्र प्रदेश के मदनपल्ले में गांधी जयंती पर कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने की शुरुआत हुई। सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडियन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर का शिलान्यास किया। इस मंच पर मौजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी को नायडू ने आंध्र का लाडला बेटा बताया। अनंत ने भी खुद को इस माटी का बेटा बताते हुए राज्य में 1 लाख करोड़ के निवेश की घोषणा की। यह निवेश कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोजेक्ट्स में लगाया जाएगा। इस मौके पर रायलसीमा हॉर्टिकल्चर हब की नींव भी रखी। इस पूरे प्रोजेक्ट से राज्य के किसानों की आय में इजाफा होगा।

- मदनपल्ले में कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोजेक्ट्स लगाएंगे अंबानी



अनंत का खास परिचय कराया

नायडू ने अनंत का खास अंदाज में परिचय कराया। उन्होंने कहा कि अनंत एक युवा उद्योगपति नहीं हैं, बल्कि वे आंध्र के लाडले बेटे हैं। अनंत ने कहा कि आप मुझे आंध्र का बेटा मानिए और आदेश दीजिए कि मैं आपके राज्य के लिए क्या कर सकता हूं?

किसानों को नई तकनीक से जोड़ेंगे

अनंत ने किसानों को नई तकनीक से जोड़ने की बात कही। उन्होंने याद दिलाया कि 25 साल पहले चनायडू हैदराबाद में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस लेकर आए थे। अब वे किसानों के लिए इंडियन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर शुरू कर रहे हैं। अब यह संस्थान किसानों को उसके खेत का सीईओ बनाएगा। यहां ड्रोन, रोबोटिक्स की जानकारी मिलेगी।

किसान अब ऊर्जा के दाता भी बनेंगे

रिलायंस इस संस्थान के साथ मिलकर 4 बड़े स्तरों पर काम करेगा। गांवों में वर्चुअल क्लासरूम बनाकर किसानों को आधुनिक खेती सिखाई जाएगी। जियो कृषि के जरिए नई तकनीक सीधे खेतों तक पहुंचेगी। वनतारा पशु चिकित्सा विवि के अनुभव से पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा। कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोजेक्ट्स से राज्य में 3 लाख नौकरियां निकलेंगी।

पीएमओ अफसर बताकर 'नबन्ना' में घुसी

मंत्री से मिल दिल्ली भागी महिला, पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री कार्यालय की एक उच्च पदस्थ अधिकारी होने का दावा करने वाली महिला को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। उस पर आरोप है उसने फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना में प्रवेश किया था। आकांक्षा विद्यार्थी ने बुधवार को झूठे बहाने बना पश्चिम बंगाल के लोक निर्माण मंत्री अजय पोद्दार से मुलाकात तय की। बातचीत के दौरान पोद्दार को उसके असंगत बयानों पर संदेह हुआ और उसने उसकी योग्यता पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। जब विद्यार्थी को अहसास हुआ कि उसकी पहचान उजागर हो गई है, तो वह अचानक परिसर छोड़कर चली गई। अधिकारियों को पता चला कि विद्यार्थी पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर चुकी थी। गुरुवार को सेंट्रल दिल्ली में विद्यार्थी को उसके घर पर ढूंढा और आखिरकार उसे हिरासत में ले लिया।

पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं। वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं

23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पुतिन बोले

यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए पीएम मोदी के पास अच्छे सुझाव

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 23वें वल्दाई इंटरनेशनल डिस्कशन क्लब के मुख्य सत्र में पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। पुतिन ने कहा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी हर मुलाकात में यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने का मुद्दा उठाते हैं। वे ऐसे सुझाव लेकर आते हैं, जो दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य हैं।

वे इस झगड़े को शांति से और जल्द सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बहुत अच्छे सुझाव देते हैं, जिनका मकसद ऐसे समाधान तलाशना होता है जो दोनों पक्षों को स्वीकार हों, खास तौर पर ऐसे समाधान जिन पर दोनों पक्ष सहमत हो सकें।

उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के लिए ऋण देने के लिए तैयार

भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता की सराहना की



व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

पीएम मोदी का रूख निष्पक्ष

पुतिन ने कहा कि संघर्ष विराम में प्रधानमंत्री मोदी की गहरी रुचि है और उनके पास ऐसे बहुत अच्छे विचार हैं, जिनका उद्देश्य दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तलाशना है। इस अर्थ में पीएम मोदी निश्चित रूप से तटस्थ रुख अपनाते हैं, लेकिन संघर्ष को समाप्त करने में उनकी दिलचस्पी है। मुझे लगता है कि मेरा यह बात सीधे तौर पर कहना मेरा कर्तव्य है। हम पीएम मोदी के विचारों के लिए उनके आभारी हैं।

पश्चिम देश बढ़ा रहे तनाव

पुतिन ने पश्चिमी देशों और यूरोप पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश आने वाले वर्षों में रूस के साथ युद्ध की तैयारी की बात कर रहे हैं, बाल्टिक सागर में सैन्य अभ्यास कर रहे हैं और रूसी जहाजों को जब्त कर रहे हैं। उन्होंने उन दावों को भी बेतुका बताया, जिनमें कहा जा रहा है कि रूस किसी अन्य देश पर हमला कर सकता है या ड्रोन और तोड़फोड़ के जरिये अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियां बढ़ा सकता है।

परिवहन में संभावना

भारत के साथ आर्थिक गलियारों पर चर्चा जारी

पुतिन ने भारत के साथ परिवहन और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रूस ने एक चीनी कंटेनर जहाज और दक्षिण कोरियाई जहाज के साथ पायलट परियोजना की है और भारतीय मित्रों के साथ भी बातचीत चल रही है। रूस इन संभावनाओं वाले अंतरराष्ट्रीय गलियारों के संयुक्त इस्तेमाल के पक्ष में है। पुतिन ने उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका विकास केवल रूस पर निर्भर नहीं है। रूस इस परियोजना के लिए ऋण संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है, लेकिन अभी ईरान को अपने हिस्से का काम पूरा करना है। गलियारे का एक हिस्सा अजरबैजान से होकर जाएगा और इस मुद्दे पर राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ संपर्क है। इस मामले में कोई समस्या नहीं है और अजरबैजान भी सहमत है।

हमला हुआ तो करेंगे सभी हथियारों का इस्तेमाल

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोपीय देशों पर हमला करने की योजना नहीं बना रहा है, लेकिन अगर रूस के खिलाफ सीधा हमला होता है, जिसमें कालिनिनग्राद या रूस का कोई अन्य क्षेत्र शामिल हो सकता है, तो देश के पास मौजूद सभी हथियारों के इस्तेमाल का सवाल अनिवार्य रूप से और तुरंत सामने आएगा।

भारतीय संस्कृति अन्य के लिए मिसाल

पुतिन ने भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुछ ऐसा है जो इसे बेहद खास बनाता है। यहां एक तरफ इतनी विविधता और अलग-अलग पहचान हैं, तो दूसरी तरफ एकता भी है।

खबर संक्षेप

कांगो में इबोला से 4000 से अधिक लोगों की मौत

बुनिया। कांगो में इबोला के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 4,000 के पार पहुंच गई है और अधिकारियों के सामने वायरस के प्रसार को



रोकने की चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक इबोला के 8,300 पुष्ट मामलों में 4,018 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या पुष्ट मामलों की लगभग आधी है और इसे इतिहास में इबोला का सबसे तेजी से फैलने वाला प्रकोप बताया जा रहा है। कांगो ने 15 मई को इस प्रकोप की घोषणा की थी। यह दुर्लभ बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है, जिसके लिए अभी कोई ज्ञात उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है।

मीठी नदी घोटाला मामले में डिनो मोरिया अरेस्ट

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया को मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग



(ईओडब्लू) ने कथित मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले मुंबई में बांद्रा स्थित उनके घर पर डिनो मोरिया से करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। यह मामला मुंबई की मीठी नदी में डीसिल्टिंग और कायाकल्प (के काम में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ा है जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को कथित तौर पर 65.54 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। ईओडब्लू इस मामले में जांच कर रही है।

भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास

तरनतारन में 2 पाक घुसपैठिए ढेर, चेतावनी के बाद फायरिंग


सीमा पर बीएसएफ फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ तरनतारन

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में गुरुवार देर रात घुसपैठ की बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। राजोके बीओपी के पास भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12:35 बजे राजोके बीओपी पर तैनात बीएसएफ जवानों को सीमा पार से संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। नाइट विजन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने पर जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से तीन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते देखा।

- सुरक्षा बलों द्वारा पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू

शव कब्जे में लिए पहचान नहीं हो पाई

कार्रवाई के बाद दोनों के शवों को सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले लिया। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर दोनों के पाकिस्तान से संबंधित होने की बात सामने आ रही है, लेकिन बीएसएफ की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी पाकिस्तानी रेंजर्स को भी दी है। सीमा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां इस घटना को भी तस्करी के संभावित एंगल से जांच रही हैं। सूत्रों के अनुसार, आशंका है कि मारे गए घुसपैठिए नशे या हथियारों की तस्करी से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि, बीएसएफ अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

कैमरे में कैद हुए 3 से 4 संदिग्ध

रात में नाइट विजन कैमरों से निगरानी के दौरान तीन से चार संदिग्धों की गतिविधि देखे जाने की बात सामने आई है। फायरिंग के बाद दो घुसपैठियों के मारे जाने की पुष्टि हुई, जबकि अन्य संदिग्धों के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसी कारण शुक्रवार को सीमा से सटे इलाके में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या कोई अन्य घुसपैठिया भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने में सफल हुआ या नहीं। साथ ही घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में किसी हथियार, मादक पदार्थ या अन्य संदिग्ध सामग्री की बरामदगी को लेकर भी तलाशी ली जा रही है।

अमेरिका में जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारत-फ्रांस के बीच चर्चा

व्यापार-निवेश सहयोग को नई गति देने पर बनी सहमति, एफटीए को भी आगे बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के दौरान फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक आकर्षण मामलों के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि बैठक में भारत और फ्रांस के बीच आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा। उन्होंने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में फ्रांसीसी मंत्री के भारत दौरे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जहां दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक एजेंडा को आगे बढ़ाने पर और विस्तार से चर्चा करेंगे।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (इंडिया-ईयू एफटीए) को आगे बढ़ाने, भारत में एयरोस्पेस विनिर्माण सहयोग का विस्तार करने, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण और संयुक्त नवाचार पहलों को बढ़ावा देने पर रहा

आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल फ्रांस के मंत्री निकोलस फोरिसिएर के साथ चर्चा करते हुए

बैठकों में वैश्विक आर्थिक साझेदारी पर जोर

ये बैठकें जी20 सम्मेलन के दौरान गोयल की अन्य प्रमुख वैश्विक नेताओं के साथ हुई चर्चाओं के बाद हुईं। इन बैठकों में मुक्त व्यापार समझौते, निवेश प्रवाह, बाजार पहुंच, डब्ल्यूटीओ सुधार, तकनीकी सहयोग और वैश्विक आर्थिक साझेदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। अर्थव्यवस्थाओं और क्षेत्रीय समूहों के साथ अपने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर, यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस शेफचोविच, ब्राजील के विदेश मंत्री मॉरो विएरा, मेक्सिको के अर्थव्यवस्था सचिव मार्सेलो एब्रार्ड और पोलैंड के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमांस्की सहित कई नेताओं से भी मुलाकात की।

सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया के मंत्री से की मुलाकात


माजिद कसाबी, गोयल

गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी के साथ भी मुलाकात की। इस बैठक में प्रस्तावित भारत-गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते और व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्री पार्क जंग-सुंग के साथ हुई बैठक में भारत-दक्षिण कोरिया सीईपीए को अपग्रेड करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। वार्ता के दौरान संतुलित व्यापार वृद्धि, भारतीय कृषि, फार्मास्यूटिकल और समुद्री उत्पादों की बेहतर बाजार पहुंच तथा भारत में दक्षिण कोरियाई विनिर्माण निवेश बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

कनाडा के साथ सीईपीए पर समीक्षा


मनींदर सिद्धू, गोयल

पीयूष गोयल ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) पर चल रही वार्ताओं की समीक्षा की गई। दोनों पक्षों ने बातचीत को तेज करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के साझा लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


ट्रंप और मोदी फाइल फोटो

भारत-यूएस व्यापार समझौता

राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी जल्द करेंगे एक और वार्ता

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते पर तुरंत किसी फैसले के आसार नहीं है, हालांकि दोनों पक्षों ने उन पेचीदा मुद्दों या बाधाओं की पहचान कर ली है जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है। मिलवॉकी में ग्रीर ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा के लिए बहुत जल्द एक बार फिर फोन पर बातचीत कर सकते हैं। ग्रीर ने कहा कि मंत्री गोयल और मेरे बीच सार्थक बातचीत हुई है। चूंकि हमारी टीम इस समय यहीं देश में मौजूद हैं, इसलिए उनके बीच बैठकों का दौर जारी है। हम भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

समुद्री निगरानी अभियान का प्रदर्शन

सागर कवच अभ्यास में 4800 कर्मियों ने दिखाई ताकत, परखी गई सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक ओर देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा समुद्री अभ्यास किया है। उन्होंने महाराष्ट्र और गोवा के तट पर यह संयुक्त तटीय सुरक्षा अभ्यास 'सागर कवच' सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह अभ्यास दो दिन चला और अभ्यास में 4,800 से अधिक सुरक्षा और संबंधित एजेंसियों के कर्मियों, समुद्री जहाजों और विमानों ने हिस्सा लिया। इस पूरे अभ्यास का उद्देश्य देश की बहुस्तरीय तटीय सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखना था।


आईसीजी कर्मी अभ्यास करते हुए

संदिग्ध घुसपैठ जैसी परिस्थितियां बनाई

इसके तहत समुद्र के रास्ते संदिग्ध घुसपैठ जैसी परिस्थितियां बनाई गईं। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर इन परिस्थितियों से निपटने के लिए संयुक्त रणनीतिक अभ्यास किया। महाराष्ट्र सरकार के मुख्य सचिव, आईएएस राजेश अग्रवाल ने मुंबई में दो दिन तक चले इस अभ्यास का जायजा लिया।

अवैध समुद्री खीरा बरामद

इसके साथ ही समुद्र में अवैध गतिविधियों पर भी बड़ी कार्रवाई की गई है। रामेश्वरम के पास उचिपुली समुद्र तट पर संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद भारतीय तटरक्षक पोत सी-435 ने तत्काल जांच दल भेजा। दल ने तलाशी के दौरान छह बोरियां बरामद कीं। इनमें करीब 120 किलोग्राम अवैध समुद्री खीरा पाए गए। यह कार्रवाई पंबन पुल के नजदीक समुद्री क्षेत्र में की गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी का असर

ईरान पर नए हमलों की तैयारी, अमेरिका ने 9000 सैनिक पश्चिम एशिया भेजे

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर धमकी दी है कि ईरान पर अमेरिका के नए सिरे से हमले हो सकते हैं।


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

उन्होंने कहा कि अमेरिका में तीन नवंबर के चुनाव के बाद ईरान में बमबारी बढ़ाना संभव है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपनी रणनीति के बारे में ज्यादा नहीं बता सकते। इसी के मद्देनजर ट्रंप प्रशासन करीब नौ हजार सैनिकों को जहाजों के एक समूह के जरिये पश्चिम एशिया भेज रहा है। एक अमेरिकी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया की ओर जा रहे जहाजों के इस समूह में 7,000 से ज्यादा नौसैनिक और मरीन कॉर्प्स के 2,000 सैनिक हैं। इस समूह में यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत का स्ट्राइक ग्रुप शामिल है। यह हाल ही में यूएसएस चोसिन क्रूजर के साथ रवाना हुआ था। इसमें यूएसएस मेकिन आइलैंड एम्फीबियस रेडीनेस ग्रुप भी शामिल है।

लद्दाख की बंजर धरती में महकेगी 'केसर'


(इनसेट में) रोपाई करते वीके सक्सेना

4 हजार वर्गमीटर में रोपे गए 90 हजार ईरानी कंद

लेह। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अब बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने का प्रयोग किया जा रहा है। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 'एक्स' पर शुक्रवार को लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लद्दाख में पहली बार बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करने के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रयोग किया जा रहा है। इस बुवाई अभियान का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया। उन्होंने कहा कि सिपतुक फारका के कमांड एरिया में गेट नंबर-27 के पास करीब 4,000 वर्गमीटर जमीन पर 90 हजार उच्च गुणवत्ता वाले ईरानी केसर के कंद रोपे गए हैं। इन कंदों का कुल वजन करीब 800 किलो है।

1 करोड़ की रंगदारी के लिए गोल्डी बराड़ के नाम पर दुबई से धमकी

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, फायरिंग की साजिश नाकाम, 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने 1 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले एक कथित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक इस नेटवर्क के तार दुबई और भारत से जुड़े हैं और इसमें गोल्डी बराड़ गैंग के नाम का इस्तेमाल कर दिल्ली के कारोबारियों को धमकाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि रंगदारी नहीं देने पर पीड़ित के घर पर कई राउंड फायरिंग करने की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

4 शूटर्स में से 3 की तलाश जारी, एक काबू

जांच में चार संदिग्ध शूटर्स के नाम सामने आए हैं। इनमें दो पानीपत और दो मुजफ्फरनगर के खालापार इलाके के बताए जा रहे हैं। ये सभी फिलहाल वांछित हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, तितवाड़ा निवासी पुलिस ने एक अन्य आरोपी नवाब अली उर्फ सोनिज को भी गिरफ्तार किया है। वह मुजफ्फरनगर के खालापार का रहने वाला है और पुलिस के मुताबिक उन चार वांछित शूटर्स में से एक था, जिन्हें कथित तौर पर फायरिंग के लिए लगाया गया था।

मुख्य साजिशकर्ता भी पकड़ाया

जांच के दौरान पुलिस को तितवाड़ा निवासी मुबारिक उर्फ गुल्लू की भूमिका भी सामने आई। मुबारिक ने पूरी साजिश रची और सह-आरोपी आरिफ को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई। मुबारिक शिकायतकर्ता के कारोबारी साझेदार दिलशाद का सगा भाई है। उसने शूटर्स के लिए दिल्ली के किराड़ी इलाके में ठहरने की व्यवस्था की थी और कमरे का किराया भी दिया था।

दुबई से आरिश ने दी थी धमकी

यह है पूरा मामला

दिल्ली पुलिस के मुताबिक 16 सितंबर 2026 की रात करीब 8 बजकर 15 मिनट पर शिकायतकर्ता प्रवीन जैन के मोबाइल पर तीन मिस्ड कॉल आईं। इसके बाद रात करीब 9 बजकर 27 मिनट पर उनके बेटे आयुष को संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के एक मोबाइल नंबर से कॉल आई।

इस मामले में 17 सितंबर 2026 को एफआईआर दर्ज करने के बाद रोहिणी स्थित थाना रूप नगर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान कुछ डिजिटल अकाउंट्स के तार यूएई से जुड़े मिले। इन तकनीकी सुरागों के आधार पर पुलिस ने अबूजर नाम के एक व्यक्ति की गतिविधियों की जांच की। पुलिस के मुताबिक अबूजर 13 जून 2026 को दुबई गया था। इसके अलावा दुबई में उस्मान की सिम के इस्तेमाल और एक मोबाइल हैंडसेट के आईएमईआई से भी जांच को आगे बढ़ाने में मदद मिली।

एक आरोपी गुजरात से अरेस्ट

जांच में शामली के रसूलपुर गुजरान निवासी आरिफ उर्फ पिस्टल का नाम भी सामने आया। आरिफ ने आरिश को धमकी भरी कॉल करने के लिए मोटी रकम देने की पेशकश की और उसे हरियाणवी भाषा में बात करने के लिए कहा, ताकि दुबई से की जा रही कॉल दिल्ली में किसी स्थानीय अपराधी की कॉल लगे। पुलिस ने आरिफ उर्फ पिस्टल की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। तकनीकी निगरानी से उसकी लोकेशन गुजरात के अहमदाबाद में मिली।

अमेरिकी एयरबेस पर हुई बड़ी सुरक्षा चूक

ब्रिटिश-ईरानी नागरिक गिरफ्तार 'आतंकवादी' साजिश का शक

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड में अमेरिका द्वारा संचालित एक एयरबेस के पास हुई सुरक्षा घटना की जांच के सिलसिले में ब्रिटिश पुलिस ने ब्रिटेन और ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले 27 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में कार्रवाई की है। व्यक्ति को गुरुवार को लंदन में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ब्रिटेन की राजधानी में दो ठिकानों की तलाशी ली गई। यह मामला रॉयल एयर फोर्स यानी आरएएफ फेयरफोर्ड में सप्ताहांत के



दौरान हुई सुरक्षा घटना से जुड़ा है। इस एयरबेस का इस्तेमाल अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने ईरान पर हमले के लिए किया है। रविवार को आरएएफ फेयरफोर्ड के पास व्हेलफोर्ड गांव में पुलिस को सूचना मिलने के बाद 20 साल की उम्र के पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

गांधी के सत्य-अहिंसा के आदर्शों का स्मरण, मुख्य न्यायमूर्ति ने दी पुष्पांजलि

डीएनएलयू में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर आयोजन, निर्माणाधीन परिसर का भी किया निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।

धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (डीएनएलयू), जबलपुर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति एवं डीएनएलयू के कुलाधिपति न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सत्य, अहिंसा और न्याय के आदर्शों का स्मरण किया। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और न्यायमूर्ति दीपक खोत भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार सिन्हा और कुलसचिव डॉ. प्रवीण त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं शिक्षाविद भी मौजूद रहे।



भजनों की प्रस्तुति ने बांधा समां

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों प्रगति झा, मौली दीक्षित, अश्विनी बघेल, नेहल यादव, श्रीम शुक्ला और अर्जुन पांडेय ने 'वैष्णव जन तो' और 'रघुपति राघव राजा राम' की संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन परिसर की प्रगति देखी

कार्यक्रम के बाद मुख्य न्यायमूर्ति कोगजे ने डुमना रोड स्थित डीएनएलयू के निर्माणाधीन स्थायी परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और परिसर को शीघ्र तैयार किए जाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि स्थायी परिसर विधि शिक्षा और अनुसंधान के लिए आधुनिक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



जनेकृविवि के 63वें स्थापना दिवस पर चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस एवं महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिकारियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेयी प्रशासनिक भवन, कृषि महाविद्यालय, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र और छात्रावासों में साफ-सफाई की। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। गांधी जयंती पर 'स्वच्छ जनेकृविवि-हरित जनेकृविवि' के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर संस्थान एवं आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। कृषि महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर और छात्रावास की सफाई कर एकल उपयोग प्लास्टिक एकत्रित किया। अभियान में डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. एस.के. प्यासी, डॉ. स्वाती बारचे, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. विजय यादव, डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. बी.एस. द्विवेदी सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आयुष्मान योजना पर निजी अस्पतालों की चिंताएं, समय पर भुगतान की मांग

जबलपुर। आयुष्मान भारत-निरामयम योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर एम.पी. नर्सिंग होम एसोसिएशन-यूनाइटेड हॉस्पिटल्स एसोसिएशन ने रानीताल स्थित आईएमए सभागार में पत्रकार वार्ता की। एसोसिएशन ने वैध दावों का समय पर भुगतान, लंबित बकाया के निपटारे और सभी संबद्ध अस्पतालों के साथ समान एवं पारदर्शी व्यवहार की मांग की। पदाधिकारियों ने योजना में शामिल अस्पतालों के लिए एनएबीएच मान्यता अनिवार्य किए जाने के कानूनी आधार पर स्पष्टता की मांग की। भुगतान, अनुबंध और वित्तीय मामलों से जुड़ी शिकायतों के लिए निष्पक्ष शिकायत निवारण व्यवस्था बनाने तथा किसी कार्रवाई से पहले अस्पतालों को अपना पक्ष रखने का अवसर देने पर भी जोर दिया। एसोसिएशन ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर उच्च न्यायालय में मामला उठाया जा चुका है। समाधान नहीं होने पर राज्यव्यापी हड़ताल सहित वैधानिक कदमों पर विचार किया जाएगा। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के विरोधी नहीं, बल्कि इसके क्रियान्वयन में भागीदार हैं।



राष्ट्रीय मेगा डॉग शो आज से, देशभर से जुटेंगे श्वान प्रेमी

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में केनल क्लब ऑफ महाकौशल द्वारा 3 एवं 4 अक्टूबर 2026, शनिवार-रविवार को राष्ट्रीय स्तर के मेगा डॉग शो का आयोजन स्पोर्ट्स क्लब प्रांगण में किया जाएगा। के.सी.आई. के मापदंडों के अनुरूप आयोजित इस शो में देशभर से श्वान प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार करीब 30-35 प्रजातियों के 350 श्वान हिस्सा ले सकते हैं। आयोजन सुबह 10 बजे से होगा और दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

इस वर्ष शो को विशेष महत्व इसलिए भी दिया जा रहा है कि केनल क्लब ऑफ महाकौशल को मध्य भारत में पहला पॉइंटेड शो आयोजित करने का दर्जा मिला है। शनिवार को लैब्राडोर, गोल्डन रिट्रीवर एवं डॉबरमैन की तीन ब्रीड स्पेशलिटी शो तथा ओबेडिएंस शो होगा, जबकि रविवार को ऑल ब्रीड शो आयोजित किया जाएगा। ओबेडिएंस शो में मिक्स एवं प्योर ब्रीड के के.सी.आई. पंजीकृत श्वान भाग ले सकेंगे। मुख्य निर्णायक इवान सैंडोवल एवं फैबियन डाज़ा (कोलंबिया), रंजीत मुंजाल एवं प्रवीण कनुकुर्थी (भारत) होंगे। इस बार पश्मी, स्टैंडर्ड पूडल, एयरडेल टेरियर, वेल्श कॉर्गी और जैक रसेल टेरियर जैसी नस्लें भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। क्लब पदाधिकारियों डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. संतोष यादव, सुखबीर सिंह लाम्बा, सुनैना पटेरिया, डॉ. अंकुर चौधरी, डॉ. प्रियंका चौधरी, एड. मनीष सोनी, मनीष कनौजिया एवं पुष्पिंदर कौर ने श्वान प्रेमियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की।





162 वर्ष से रामलीला की त्रेतायुगीन छटा, 4 से होगा श्रीगणेश

जबलपुर। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति की 162वीं रामलीला का शुभारंभ 4 अक्टूबर से होगा। समिति अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि इस बार पारंपरिक मंचन के साथ आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया है। करीब तीन हजार वर्गफुट का ऊंचा मंच और टीन की छत तैयार की गई है, ताकि वर्षा में भी आयोजन प्रभावित न हो और सभी दर्शकों को स्पष्ट दर्शन हो सके। पुष्पवाटिका, अशोक वाटिका, रावण दरबार, बाणासुर का शिवपूजन, ताड़का-शूर्पणखा तथा मेघनाद की अग्निवर्षा विशेष आकर्षण रहेंगी। 4 अक्टूबर को मुकुट पूजन एवं चल समारोह से 21 दिवसीय आयोजन शुरू होगा। 5 अक्टूबर को राम जन्म-नारद मोह, 8 को धनुष यज्ञ, 9 को श्रीराम बारात, 14 को सीता हरण, 16 को लंका दहन, 18 को लक्ष्मण शक्ति और 22 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक होगा। 24 अक्टूबर को भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा। संरक्षक रवि गुप्ता, व्यासपीठाचार्य पं. वासुदेव शास्त्री, कटरा महावीर मंदिर महंत पं. मोहन चौबे, महामंत्री मनीष पाठक, कोषाध्यक्ष मंगू गोयल, राकेश पाठक, पवन पाण्डे, महेश मालगुजार, आदि ने आमजन से उपस्थिति की अपील की है।

गांधी जयंती पर चला महाअभियान जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान



जबलपुर। महात्मा गांधी जयंती पर नगर निगम द्वारा 'सेवा मेरा योगदान' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शहरभर में वृहद स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान चलाया गया। अधारताल तालाब, भटौली विसर्जन कुंड, महाराजपुर तालाब, माण्डवा बस्ती, सरकारी कुआं चौधरी बस्ती और रानीताल सर्वोदय नगर सहित सभी संभागों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने श्रमदान किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, संदीप रजक, अखिलेश जैन, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। महापौर ने मशीन से अधारताल तालाब की चोई भी साफ कराई। अभियान में पौधरोपण के साथ कीटनाशक का छिड़काव किया गया। नागरिकों को एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई तथा कपड़े के थैले वितरित किए गए। सफाई मित्रों ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता की। महापौर एवं जनप्रतिनिधियों ने माला पहनाकर सफाई मित्रों का सम्मान किया और प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।



50 साल बाद फिर अपने कॉलेज लौटेंगे 1976 बैच के छात्र

जबलपुर। इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर के 1976 बैच के पूर्व छात्र 50 साल बाद 4-5 अक्टूबर को स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन समारोह में जुटेंगे। पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष सपन बोस, सचिव अनिल गर्ग और कोषाध्यक्ष राजेश मेहता ने बताया कि देश-विदेश से करीब 70 पूर्व छात्र परिवार सहित शामिल होंगे। 4 अक्टूबर को होटल कृष्णा में स्वागत एवं पंजीयन के बाद सभी भेड़ाघाट जाएंगे, जहां भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 5 अक्टूबर को पूर्व छात्र अपने पुराने कॉलेज पहुंचेंगे। जश्न समागार में प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, पूर्व प्राचार्य डॉ. एमसी चौबे और विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में समारोह होगा। वर्ष 1976 में सेवाएं देने वाले प्राध्यापकों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया जाएगा। पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों से संवाद के लिए 'द सिनर्जी प्वाइंट' तैयार कराया है। विभागों का भ्रमण कर पुरानी यादें ताजा की जाएंगी। आयोजन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्मृति-चिह्न वितरण और रात्रिभोज से होगा।

सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश दे रहा यूपी-बिहार महासंघ

जबलपुर। उत्तरप्रदेश-बिहार महासंघ का 30वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और प्रतिभाओं के सम्मान का संदेश दिया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठजनों तथा 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। भोजपुरी गीत-संगीत एवं नृत्य ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि, कुलगुरु डॉ. पीके मिश्रा, विधायक अशोक रोहाणी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित अतिथि उपस्थित रहे। स्वामी अखिलेश्वरानंद ने उत्तरप्रदेश-बिहार की संस्कृति की सराहना की। डॉ. पीके मिश्रा ने महासंघ को समाज को जोड़ने वाला संगठन बताया। डॉ. राजेश जायसवाल ने संगठन की गतिविधियों का विवरण देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पारदर्शिता पर जोर दिया तथा कुछ लोगों पर संगठनात्मक अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही।



गांधी जयंती पर स्काउट्स-गाइड्स ने लिया सत्य, अहिंसा और सेवा का संकल्प

जबलपुर। महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश, जिला संघ जबलपुर द्वारा शुक्रवार को पी.एम. श्री एम.एल.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नेपियर टाउन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष एवं जिला संघ अध्यक्ष रिकुंज विज, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्बे, जिला संरक्षक अजय तिवारी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी तथा अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, आयुक्त मध्यप्रदेश निशक्तजन संदीप रजक एवं सहायक संचालक व विकासखंड शिक्षा अधिकारी पनागर सोनम कटारे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में "कचरे से कमाल" विषय पर क्राफ्ट प्रदर्शनी और समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई। विजेताओं को सम्मानित किया गया। राज्यपाल द्वारा पूर्व वर्षों में प्रदान किए गए मध्यप्रदेश के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित स्काउट्स-गाइड्स का भी विशेष सम्मान हुआ। कार्यक्रम में जिले के करीब 450 स्काउट्स, गाइड्स एवं यूनिट लीडर्स ने सहभागिता की। आयोजन में बेला सिंह, देवेन्द्र कुमार भट्ट, व्ही.के. झारिया, अमिता चौधरी, प्रतिभा दुबे, अंजना वर्मा, राहुल राजपूत, ममता देवी सिंह, दीपक नामदेव, लेखराम यादव, विशाल तिवारी, अंकित दाहिया सहित पदाधिकारियों एवं यूनिट लीडर्स का सहयोग रहा।



ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा का 27वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 नवंबर को



जबलपुर। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा, जबलपुर का 27वां भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 नवंबर 2026, रविवार को मानस भवन, जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर उखरी तिराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महासभा के वरिष्ठ अध्यक्ष पंडित मुन्नालाल दुबे की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा कर पदाधिकारियों को प्रचार-प्रसार सामग्री, बायोडाटा प्रारूप एवं बैनर वितरित किए गए। पंडित मुन्नालाल दुबे ने बताया कि सम्मेलन के लिए अधिक से अधिक योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा एकत्रित कर विवाह योग्य संबंधों के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर 1101 विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा वाली समाज की प्रमुख वैवाहिक पत्रिका 'नवजीवन' का विमोचन भी किया जाएगा। बैठक में कमलेश दुबे, रमेश दत्त पाण्डेय, सत्य प्रकाश शर्मा, महेश स्थापक, के.के. शुक्ला, दिवाकर शर्मा, नारायण पांडे, आनंद शुक्ला, बद्री प्रसाद चौबे, अजय तिवारी, सतीश अवस्थी, रामसेवक उपाध्याय, अशोक दुबे एवं त्रिभुवन किशोर मिश्रा ने विचार रखे।

गांधी जयंती पर धुआंधार में चला स्वच्छता अभियान

भेड़ाघाट। गांधी जयंती के अवसर पर भेड़ाघाट नगर परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत धुआंधार में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धुआंधार क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद सफाई मित्रों को स्वच्छता कार्य से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। नगर परिषद कार्यालय के सामने पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि विधायक नीरज सिंह ठाकुर रहीं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे, उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, पार्षद महेश तिवारी एवं अजय पटेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम झरिया, सब इंजीनियर निधि परोहा, लक्ष्मी नारायण दुबे, सुनील बैरागी, विजय करी, अमित मिश्रा सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी सफाई मित्र मौजूद रहे।

घमापुर चौराहा व रेलवे ब्रिज नं. 2 की समस्या पर तत्काल कार्रवाई की मांग

जबलपुर। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर घमापुर चौराहा एवं रेलवे ब्रिज नं. 2 की यातायात समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की है। मंच ने घमापुर चौराहे पर लेफ्ट टर्न का रास्ता बनाने तथा रेलवे ब्रिज नं. 2 के चौड़ीकरण के लिए राशि भुगतान संबंधी समस्या का समाधान कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। पत्र में बताया गया कि डॉ. पी.जी. नाजपांडे एवं रजत भार्गव द्वारा हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर न्यायालय के निर्देशानुसार ट्रैफिक मैनेजमेंट सेल गठित किया गया है तथा नगर निगम को इसकी नोडल एजेंसी बनाया गया है।

आम सूचना

दिनांक- 01/10/2026

श्री विमलेश साहू आत्मज कारेलाल आयु 37 वर्ष
निवासी- हाउस नं. 72 वार्ड नं. 07 भगतसिंह वार्ड शाहपुरा मनकेंदी जबलपुर म.प्र. आधार नं. 3988 1780 0296

आप नोटिसी द्वारा श्री रूपेश अग्रवाल आत्मज गौरीशंकर अग्रवाल बम्हनी बंजर मण्डला के महुआ व्यवसायी की देय राशि हेतु उसे निम्नांकित चार चौक कुल 13,25,000/- रू. की राशि हेतु प्रदान किये थे-

क्र.	चैक क्र.	चैक राशि	चैक दिनांक
1	068909	3,00,000	11.07.2026
2	068910	3,00,000	17.07.2026
3	068911	3,00,000	21.07.2026
4	068918	4,25,000	27.07.2026

उक्त सभी चैक दिनांक 12/08/2026 को अनादरित हो गये थे एवं आपके फोन पर निदेर्शानुसार प्रस्तुत करने पर पुनः दिनांक 04/09/2026 को आपके बैंक ने अनादरित कर दिये हैं। आपको तदसंबंध में रूपेश अग्रवाल ने अधिवक्ता के माध्यम से स्पीड पोस्ट से उक्त कुल 13,25,000/- रू. की राशि भुगतान करने बावद् नोटिस भी प्रेषित किया। इसलिये इस आम सूचना के भी द्वारा आपसे उक्त 13,25,000/- रू. (तेरह लाख पच्चीस हजार रुपए) भुगतान करने सूचना प्रेषित की जाती है शीघ्र भुगतान कर पावती प्राप्त करें।

अनुराग चौरसिया अधिवक्ता
कार्यालय-शताब्दी लॉयर्स चेम्बर नं. 107, सिविल कोर्ट, मण्डला
मोबा. 9752885550 (म.प्र.)
वास्ते- रूपेश अग्रवाल आत्मज गौरीशंकर, अग्रवाल बम्हनी बंजर मण्डला

नाखूनों में छिपी थी 2 साल पुरानी मर्डर मिस्ट्री, डीएनए मैच होते ही पकड़े गए महिला के 3 हत्यारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना पुलिस ने डीएनए रिपोर्ट के आधार पर हत्या के तीन आरोपित मनहरण सारंग (33), राजेश पाल उर्फ चोटी उर्फ राजू (31) और राजू मंडल उर्फ बंगाली (35) को गिरफ्तार किया है। शराब को लेकर हुए विवाद के बाद लता साहू की हत्या कर दी गई थी। करीब दो साल तक अज्ञात रहे इस हत्याकांड में पुलिस को सफलता मृतिका के नाखूनों में मिले जैविक साक्ष्य से मिली।

घटना के समय लता के नाखूनों में मिले जैविक साक्ष्य को पुलिस ने सुरक्षित कराकर डीएनए प्रोफाइल तैयार कराया था। वर्ष 2026 में संदिग्धों के डीएनए नमूने लिए गए और पुराने प्रोफाइल से वैज्ञानिक मिलान कराया गया। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों का डीएनए मृतिका के नाखूनों से मिले जैविक साक्ष्य से मेल खा गया। इसके बाद वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर हुई पूछताछ में पुलिस के सामने हत्या की पूरी कड़ी खुलती चली गई।

संदिग्ध सामने आए तो पुराने डीएनए से कराया मिलान



मामले में डीसीपी दीपमाला कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अगस्त 2024 को ट्रांसपोर्ट नगर में लता साहू की हत्या हुई थी। उस समय आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी थी। हत्या की जांच के दौरान पुलिस को मृतका के हाथों के नाखूनों में अज्ञात व्यक्ति के जैविक साक्ष्य मिले। पुलिस ने इस साक्ष्य को महत्वपूर्ण मानते हुए विधिवत सुरक्षित कराया और डीएनए प्रोफाइलिंग कराई। यही वैज्ञानिक साक्ष्य करीब दो वर्ष बाद मामले को सुलझाने में निर्णायक कड़ी बना। पुलिस की जांच के दौरान वर्ष 2026 में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों के डीएनए नमूने लिए। इन नमूनों को 2024 में मृतिका के नाखूनों से सुरक्षित किए गए जैविक साक्ष्य के डीएनए प्रोफाइल से मिलान के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार, वैज्ञानिक परीक्षण में मनहरण सारंग, राजेश पाल और राजू मंडल के डीएनए का मिलान मृतका के नाखूनों से प्राप्त जैविक साक्ष्य से हुआ। इस रिपोर्ट ने करीब दो साल पुराने अज्ञात हत्या के मामले की जांच को महत्वपूर्ण दिशा दी। इसके बाद तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई।

पुलिसने साक्ष्य सामने रखे तो बदलते रहे बयान

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के शुरुआती दौर में तीनों आरोपित घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने से बचते रहे। उन्होंने अलग-अलग बातें बताईं। हालांकि पुलिस के पास मौजूद डीएनए रिपोर्ट के आधार पर लगातार पूछताछ की गई। वैज्ञानिक साक्ष्य के संबंध में सवाल किए जाने पर आरोपियों से घटना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई। पूछताछ में पुलिस के सामने जो घटनाक्रम आया, उसके अनुसार घटना वाली रात तीनों लता साहू के घर पर शराब पी रहे थे। शराब खत्म होने के बाद दोबारा शराब लाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद झूमाझटकी में बदल गया।

एक ने गला दबाया, दो ने हाथ-पैर पकड़े

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कथन में सामने आया कि विवाद के दौरान राजू मंडल ने लता का गला दबाया। मनहरण सारंग ने उसके दोनों हाथ पकड़ रखे थे, जबकि राजेश पाल ने उसके दोनों पैर पकड़ लिए थे। लता ने बचने के लिए संघर्ष किया और आरोपियों को नोचने का प्रयास किया। इसी दौरान उनके जैविक साक्ष्य लता के नाखूनों में रह गए पुलिस के मुताबिक, कुछ देर बाद लता की छटपटाहट बंद हो गई। इसके बाद तीनों आरोपी घर में रखी नकदी, साड़ी और बाजारू पायल लेकर पीछे की दीवार से निकलकर फरार हो गए।

बचने के लिए संघर्ष किया और आरोपियों को नोचने का प्रयास किया

पुलिस के अनुसार, नकदी तीनों ने आपस में बांट ली थी, जबकि साड़ी और पायल मनहरण सारंग ने अपने पास रखी थी।

राजू मंडल के खिलाफ पहले से हत्या समेत तीन मामले

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी राजू मंडल उर्फ बंगाली के खिलाफ पहले से दो चोरी और एक हत्या के मामले दर्ज हैं। वर्तमान हत्या का मामला उसके खिलाफ दर्ज चौथा अपराध है। वहीं मनहरण सारंग के खिलाफ मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने और अवैध वसूली का अपराध दर्ज होने की जानकारी पुलिस रिकार्ड में सामने आई है।

खबर संक्षेप

बालोद में 5 करोड़ से बनेगा साइंस सेंटर

बालोद। किताबों में विज्ञान पढ़ने वाले बालोद के विद्यार्थियों को अब विज्ञान को देखने, छूने, प्रयोग करने और अनुभव करने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विज्ञान, नवाचार और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में डौंडी ब्लॉक के पथराटोला में करीब 5 करोड़ रुपए की लागत से साइंस सेंटर एंड एक्सपीरियंस डेस्टिनेशन विकसित किया जा रहा है। केंद्र को इंटरैक्टिव लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार करने की योजना है, जहां विद्यार्थी वैज्ञानिक सिद्धांतों को केवल पढ़ेंगे नहीं, बल्कि प्रयोग और तकनीक के माध्यम से उन्हें समझ सकेंगे। जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के अनुसार साइंस सेंटर का टेंडर हो चुका है। आगामी 8 से 10 दिनों में वर्क ऑर्डर जारी होने की संभावना है।

ग्राम सभाओं में दें खाद्य योजनाओं की जानकारी

भोपाल। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में दो अक्टूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन प्रस्तावित है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने निर्देशित किया है कि संबंधित ग्राम पंचायत में उचित मूल्य विक्रेता योजनाओं की जानकारी दें। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में पात्र परिवार को निःशुल्क गेहूं, चावल, नमक एवं प्राथमिकता श्रेणी परिवार को निःशुल्क गेहूं, चावल 5 किलो प्रति सदस्य एवं नमक दिया जाता है।

ऐसा कार्य करें कि दायित्व बदलने के बाद भी कार्यकर्ता हृदय से याद करें

कांग्रेस के पास जनता के विकास और प्रदेश के भविष्य को लेकर कोई विजन नहीं: बिप्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने की भाजपा प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक



भाजपा के पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों व मोर्चों के प्रदेशाध्यक्षों की बैठक।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों एवं मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने संबोधित किया। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा का संगठन मजबूत, सक्रिय और व्यापक है। संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के कारण कांग्रेस हमारे मुकाबले में नहीं है। कांग्रेस संगठन लगातार कमजोर हो रहा है और वहां असंतोष एवं टूट की स्थिति दिखाई दे रही है। विपक्षी दलों के पास जनता के विकास और प्रदेश के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट विजन नहीं है। उन्होने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा है। सभी नेता और कार्यकर्ता मिलकर संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं और आगे भी इस कार्य को निरंतर बनाए रखेंगे। शालीनता, अनुशासन और संवाद भाजपा की कार्य संस्कृति की पहचान है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी का आचरण पार्टी की मर्यादा और परंपराओं के अनुरूप होना चाहिए।

कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की ताकतः चंद्रशेखर

प्रदेश सगंठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसके पीछे वर्षों का संघर्ष, त्याग और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। अनेक कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि संगठन की इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनसेवा को अपना मूल आधार बनाकर जनता के विश्वास को हमेशा कायम रखना है।

उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना होगाः रेखा वर्मा

प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि बैठक में संगठन को लेकर जो मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, उस पर पूरी गंभीरता और प्राथमिकता के साथ फोकस करते हुए आगे बढ़ेंगे। बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने के साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित किया जाएगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी निरंतर जारी रहेगा।

कार्यकर्ता की नाराजगी संगठन से न जुड़े

प्रदेश प्रभारी देब ने कहा कि संगठन में दायित्व मिलना या दायित्व से हटना स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में कार्यकर्ता की नाराजगी संगठन से नहीं जुड़नी चाहिए। संगठन में काम करने वाले प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संवाद बनाए रखें और संगठनात्मक कारणों से किसी भी कार्यकर्ता में असंतोष न रहे। पद स्थायी नहीं होता, लेकिन कार्यकर्ता के बीच किया गया काम और बनाया गया विश्वास लंबे समय तक याद रहता है। इसलिए पदाधिकारी अपने कार्यकाल में ऐसा काम करें कि पद समाप्त होने के बाद भी कार्यकर्ता उन्हें सम्मान और विश्वास के साथ याद करें।

बाबा साहेब की प्रतिमा पर रेखा ने किया माल्यार्पण



भोपाल। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा ने गुरुवार को बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पार्टी की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, प्रकोष्ठ संकुल के प्रदेश सह संयोजक अजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष रविंद्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प सभा की बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यालय से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने वर्चुअल सहभागिता की।

आदिवासियों के बीच पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

राज्य सरकार बीमारी से निपटने में पूरी तरह से असफलः राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के नेतृत्व व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को बिरसा ब्लॉक के जगला गांव में बैगा आदिवासियों से मुलाकात की। कुपोषण और मलेरिया की वजह से यहां दर्जनों बच्चों की मौत हो गई थी। उन्होंने मृत बच्चों के परिवार से मुलाकात कर सच्चाई को जाना और समझा। यहां वे करीब एक घंटे रुके और बीमारी से जान गंवाने वाले बच्चों के परिवारों से भी मिले। राहुल से मिलने आसपास के गांवों से करीब डेढ़ हजार लोग पहुंचे। इससे पहले उन्होंने माटे प्राथमिक शासकीय स्कूल में बच्चों से मिड डे मील के बारे में जाना।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार 24 घंटे विकास की केवल बात करती है जबकि 24 घंटे भ्रष्टाचार करती है। यही वजह है कि यहां स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार की शिकार है। जब आदिवासी परिवार को सरकार की जरूरत थी तब वो उनके साथ नहीं थी। आदिवासी परिवार के बच्चों की मौत का मामला लोकसभा में उठाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार रात दिन सिर्फ विकास की बातें करती है,जबकि भ्रष्टाचार भी चौबीसों घंटे चल रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरत के समय आदिवासी परिवारों के साथ सरकार खड़ी नजर नहीं आई।



आदिवासियों के बीच मौजूद राहुल गांधी।

गांव में स्कूल, अस्पताल की सुविधाएं नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि हैरानी होती है कि गांव में स्कूल.अस्पताल की सुविधाएं नहीं हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर हर पांचवा व्यक्ति आदिवासी है। राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश की आबादी में आदिवासियों की हिस्सेदारी 21.1:फीसदी है। यानी हर पांचवां व्यक्ति आदिवासी है। फिर भी सरकार प्रदेश में आदिवासियों की अनदेखी कर रही है। इसका असर चुनाव में भी दिखता है। विधानसभा की 230 सीटों में 47 सीटें एसटी की है। आरक्षित हैं जबकि 37 अन्य सीटों पर भी आदिवासी वोट अहम माना जाता है। यानी कुल 84 सीटों पर इसका असर है। लोकसभा की 29 सीटों म छह सीटें एसटी के लिए आरक्षित है। उन्होंने सरकार से अपनी जिम्मेदारी पूरी करने और कम से कम परिवारों को जमीन का पट्टा देने की मांग की।

डॉक्टर से लाखों की ठगी, केस दर्ज

क्रिप्टो ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाकर की 25.66 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिप्टो करेंसी और यूएसडीटी ट्रेडिंग में निवेश कर कम समय में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी की गई है। आजाद चौक थाना पुलिस ने समता कॉलोनी निवासी चिकित्सा अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा की शिकायत पर रेशमी गुप्ता और सुरेश चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

डॉक्टर से शुरुआत में निवेश कराकर दिखाया फायदा

आरोप है कि दोनों ने ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर शुरुआती निवेश में फायदा दिखाकर भरोसा जीता और बाद में अलग-अलग बैंक खातों व यूपीआई के माध्यम से 25 लाख 66 हजार 900 रुपये जमा करा लिए। रकम निकालने की कोशिश करने पर आरोपियों ने उसे रोक दिया।

फेसबुक के जरिए हुई आरोपियों से पहचान

मिश्रा ने पुलिस को बताया कि अगस्त 2026 में फेसबुक के माध्यम से रेशमी गुप्ता नाम की युवती से संपर्क हुआ था। उसने क्रिप्टो करेंसी में निवेश का प्लान बताते हुए अच्छा मुनाफा होने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने अपने सीनियर सुरेश चौहान से संपर्क कराया। सुरेश ने शिकायतकर्ता को सिनचेन नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत कराया। यहां शुरुआती ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाया गया।

किसानों की केंद्र सरकार से गेहूँ के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की मांग

फिर ठगे गये किसान...गेहूं के समर्थन मूल्य में केवल 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि से किसानों में रोष

जबलपुर। विगत दिनों केंद्र सरकार ने वर्ष 2027-28 के लिए रबी की 6 फसलों- गेहूं, जो, चना, मसूर,सरसों एवं कुसुम के समर्थन मूल्य घोषित किये। गेहूं के समर्थन मूल्य में विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष केवल 25 रुपये की बढ़ोतरी किये जाने से किसान सकते में है। वे अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। पिछले वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल था, किसान आंदोलनो के चलते प्रदेश सरकार इस पर 40 रुपये बोनस देने मजबूर हुई थी। अब इस वर्ष 2610 रुपये किया गया है । केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्ष प्रति क्विंटल 160 रुपये की बृद्धि की गई थी। इस वर्ष केवल 25 रुपये की बृद्धि हुई है जो विगत 15 वर्षो की तुलना में सबसे कम है। किसानों को उम्मीद थी की कम से कम उसे पिछले वर्ष से ज्यादा दाम मिलेगा,परन्तु वह फिर ठगा गया, सरकार की इस घोषणा से वह न केवल अत्यंत निराश हुआ है, वरन रोष में है। इस वर्ष खाद, बीज, दवाओ, कृषि उपकरण, डीजल, अन्य आदान सामग्री आदि की कीमतों में अप्रत्याशित बृद्धि से खेती की लागत 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विगत वर्ष के गेहूं के समर्थन मूल्य में भी बा मुश्किल किसी तरह वह अपनी लागत निकाल पा रहा था। मध्य प्रदेश की मुख्य फसल गेहूँ है, यहाँ की जमीन व जलवायु गेहूँ के लिए अत्यंत उपयुक्त है, इसलिए गेहूं लगाना उसकी मजबूरी है। अब क्या होगा ? किसान को अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है। वह रोष में है। किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर किसानों की चिंता से उन्हें अवगत कराते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने की मांग की है। कृषक समाज के के.के.अग्रवाल, रूपेंद्र पटेल, जे. आर. गायकवाड़, सुभाष चंद्रा, रामगोपाल पटेल, प्रमोद मरवाहा, रामकिशन पटेल, अविनाश राय, संजय जैन, अनिल चिले, डॉ प्रकाश दुबे, व्ही के पंड्या, सी एल शर्मा, रमेश नवेरिया, रामेश्वर अवस्थी, सुशील जैन, योगेश पटेल, हरनारायण सिंह, मनीष सोनी, किसान सेवा संगठन के जितेंद्र पटेल, सुरेश कुर्मी, महेन्द्र पटेल, अंकित पटेल, रामदीन पटेल, मुकेश सिंह ठाकुर, पंचम हल्दकार, मनोज पटेल, श्रीमती मीतू शुक्ला, जुगल किशोर पटेल , श्रीमती सपना काछी आदि ने कहा है की सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 2700 रुपये मे गेहूँ खरीद का वायदा किया था, अब वह किसानों के साथ वायदा खिलाफी कर रही है, किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानो से एकजुट होकर इस वायदा खिलाफी व नाकाफी बृद्धि के विरोध में आवाज उठाने की अपील की गई है।

मप्र पंचायत राज अधिनियम के प्रस्तावित संशोधनों पर मंथन

पंचायतों को जवाबदेह, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाना प्राथमिकताः पटेल

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा है कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अधिक सक्षम, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे विकास योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीण अंचल के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पटेल विकास भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 में समय की आवश्यकता के अनुसार प्रस्तावित संशोधनों के प्रारूप पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई।



पंचायतों के अधिकारों के युक्तियुक्तकरण पर बल

मंत्री पटेल ने समीक्षा बैठक में 73वें संविधान संशोधन की मूल भावना के अनुरूप ग्राम सभा और ग्राम पंचायतों के अधिकारों व कृत्यों के युक्ति युक्तकरण पर बल दिया। इसके तहत ग्राम सभा को नीतिगत व जनसहभागिता की सशक्त संस्था बनाते हुए स्वच्छता, पेयजल, सड़क और अधोसंरचना निर्माण जैसे सभी कार्यकारी दायित्व सौंपने का निर्णय लिया गया है। साथ ही ग्राम सभा की अप्रासंगिक हो चुकी पुरानी समितियों के प्रावधानों को विलोपित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। ग्राम सभा के अतिरिक्त सम्मेलन बुलाने की जिम्मेदारी सरपंच को देने तथा कोरम के अभाव में दो बार बैठक स्थगित होने पर तीसरी बैठक में विकास कार्यों के एजेंडे पर नियमानुसार विचार करने का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

प्रभारी अधीक्षिका की मनमानी से तंग आईं छात्राएं, शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के पंडित रेवतीरमण मिश्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कन्या छात्रावास का विवाद गुरुवार शाम को कलेक्टोरेट पहुंच गया। छात्रावास की छात्राओं ने जिला संयुक्त कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रेना जमील से मुलाकात की और प्रभारी छात्रावास अधीक्षिका नीरजा भगत के खिलाफ गंभीर शिकायतें रखते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर ने जांच करा अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया।

छात्राओं की शिकायत में कथित दबाव बनाने, अमानवीय व्यवहार, सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने तथा मेस संचालन करने वाले महिला स्व सहायता समूह से हर माह कमीशन मांगने जैसे आरोप लगाए गए हैं। कलेक्टर ने मामले की जांच कराकर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया है। छात्राओं के अनुसार, महाविद्यालय में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत नीरजा भगत को वर्तमान में कन्या छात्रावास का प्रभारी अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, नए छात्रावास अधीक्षक के रूप में वीरेंद्र सिन्हा की नियुक्ति हो चुकी है, लेकिन उन्हें अब तक छात्रावास का प्रभार नहीं सौंपे जाने को लेकर भी छात्राओं ने सवाल उठाए हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि प्रभारी अधीक्षिका द्वारा आए दिन उन्हें परेशान किया जाता है और विभिन्न मामलों में दबाव बनाया जाता है। छात्राओं के मुताबिक छात्रावास में मेस संचालन करने वाले महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से हर माह कमीशन की मांग किए जाने को लेकर भी विवाद की स्थिति बनी रहती है। छात्राओं ने हास्टल वार्डन रीना ताज के व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें प्रेमपूर्ण और मित्रवत बताया।

विभागों की योजनाओं पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश

राजधानी में आदर्श गोशाला स्थापित करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर, इंदौर और उज्जैन में बड़ी आदर्श गौशालाओं के संचालन में सफलता मिली है। इसी तरह भोपाल में इस मॉडल पर आदर्श गौ-शाला स्थापित करने के कार्य को गति प्रदान करते हुए अच्छे परिणाम प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं।

डॉ यादव मंत्रालय में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं पर चर्चा कर रहे थे। इन विभागों में नगरीय विकास एवं आवास, खनिज, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और कार्यों की जानकारी प्राप्त की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सिंगरौली को आदर्श जिला बनाना प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा प्रदेश के नगरों के साथ ही राजधानी भोपाल के विकास में नए आयाम जोड़े जाएं। उन्होंने कहा कि सिंगरौली को आदर्श जिला बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से भी चर्चा की जाए। नई टाउनशिप विकसित होने से आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और सभी वर्ग लाभान्वित होंगे। खनिज विभाग के अधिकारियों ने सिंगरौली जिले में माइनिंग सेक्टर की नई संभावनाओं और भविष्य में जिले के समग्र विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि सिंगरौली में अधोसंरचना विकास के कार्य हो रहे हैं।

निजी क्षेत्र में आईटी पार्क की स्थापना करें

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से संबंधित चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में भी आईटी पार्क स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए। जबलपुर के उद्यमी सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कार्य के इच्छुक हैं। इस नाते उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जाए। इसके अलावा टेक्नीकल यूनिवर्सिटी को एक महत्वपूर्ण कौशल विकास केंद्र की पहचान देने के प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश जल जीवन मिशन के कार्यों में अग्रणी है। प्रदेश के 83 लाख से अधिक परिवारों को नल से जल मिल रहा है। गत दो वर्ष में इस कार्य में अच्छी सफलता मिली है। प्रदेश की 38 हजार 403 जल प्रदाय संरचनाओं को जियो टैग किया गया है।

वन्यजीव संरक्षण से प्रदेश में वन पर्यटन को मिलेगी नई दिशा और गतिः डॉ यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में चीतों के सफल पुनर्स्थापन के लिए किए जा रहे सामूहिक प्रयासों की सराहना की गई है। यह सराहना हम सभी को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करने वाली है। डॉ यादव ने प्रदेशवासियों और वन संरक्षण से जुड़े सभी मैदानी साथियों को एक अक्टूबर से प्रारंभ हुए वन्यजीव सप्ताह-2026 की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को कहा कि मध्यप्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है कि 'प्रोजेक्ट चीता' की सफलता ने वन्यजीव संरक्षण के हमारे संकल्प को और भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर वन्यजीवों के सुरक्षित आवास और प्रकृति के संतुलन के संरक्षण में अपना योगदान दें। इससे वन्यजीव संरक्षण के साथ ही प्रदेश में वन पर्यटन को भी नई दिशा और गति मिलेगी।



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से मिले मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से की भेंट

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरूवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से भेंट कर मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को गति देने के लिए केन्द्र सरकार से आवश्यक सहयोग और लंबित विषयों के शीघ्र निराकरण का अनुरोध किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के लिए केन्द्रांश जारी करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली योजनाओं के लिए केन्द्रांश की राशि की प्रतिपूर्ति के लिए पोर्टल पर विकल्प प्रारंभ करने का विषय भी रखा।

खबर संक्षेप



यूपीआई लेनदेन की संख्या सितंबर में घटी

मुंबई। यूपीआई के जरिये लेनदेन सितंबर में मासिक आधार पर 1.8 प्रतिशत घटकर 2,407 करोड़ रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा संचालित यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) के जरिये अगस्त में 2,450 करोड़ लेनदेन हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में यूपीआई के जरिये लेनदेन का कुल मूल्य भी 1.50 प्रतिशत घटकर 29.37 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अगस्त में 29.82 लाख करोड़ रुपये था।

सेबी ने एसएमसी ग्लोबल पर लगाया जुर्माना



नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ग्राहकों के ऑर्डर देने से जुड़े रिकॉर्ड रखने और अधिकृत व्यक्ति की निगरानी के नियमों के पालन में चूक के मामले में दिल्ली स्थित एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह आदेश जनवरी से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 'शेयर ब्रोकर' की विशेष जांच के बाद आया। बाजार नियामक ने यह जांच बिना अनुमति के कारोबार किए जाने की शिकायतों और ग्राहकों के ऑर्डर देने की प्रक्रिया के संबंध में की।

हुंडई मोटर ने सितंबर में दर्ज की सर्वाधिक मासिक बिक्री



नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया की निर्यात सहित कुल मासिक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 77,916 इकाई पर पहुंच गई। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि सितंबर में घरेलू बिक्री 57,166 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत अधिक है। वहीं, निर्यात सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 20,750 इकाई हो गया। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं तरुण गर्ग ने कहा, हमें खुशी है कि सितंबर 2026 में घरेलू बिक्री और निर्यात को मिलाकर कुल मासिक बिक्री 77,916 इकाई के अब तक के उच्चतम स्तर पर रही।

अमेजन नाउ अब 120 से अधिक शहरों में मौजूद



बेंगलुरु। अमेजन ने अपनी त्वरित आपूर्ति सेवा 'अमेजन नाउ' का विस्तार भारत के 120 से अधिक शहरों तक कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी ने त्योहारों से पहले अपने डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत करने के बीच दो सप्ताह में इसका विस्तार दोगुना किया है। अमेजन ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह सेवा अब अमृतसर, अबोहर, जालंधर, अंबाला, मंगलुरु, मणिपाल, विशाखापत्तनम, कोच्चि, चंगनाशेरी, भुवनेश्वर और कारवार समेत शहरों में उपलब्ध है।

नेपाल में सितंबर में पहुंचे सबसे अधिक पर्यटक



काठमांडू। नेपाल में सितंबर महीने में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे। इस दौरान 17,425 भारतीय पर्यटक नेपाल आए जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत अधिक है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। नेपाल पर्यटन बोर्ड (एनटीबी) के अनुसार, सितंबर में कुल 88,248 विदेशी पर्यटक नेपाल पहुंचे। अगस्त की तुलना में भी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। अगस्त में हिमालयी देश में 85,444 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे।

दुनिया पर महंगाई का खतरा, फ्यूल सब्सिडी हो सकती है 1 ट्रिलियन डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का आपकी जेब पर भी होगा असर, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर अब सिर्फ तेल बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर की सरकारों के बजट पर भी इसका दबाव बढ़ रहा है। कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच कई देश पेट्रोल-डीजल और दूसरी जरूरी चीजों की कीमतों को काबू में रखने के लिए सब्सिडी, टैक्स में राहत और कीमतों पर सीमा जैसे कदम उठा रहे हैं। लेकिन लंबे समय तक ऐसा करना सरकारों के लिए आसान नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल दुनिया में फ्यूल सब्सिडी पर होने वाला खर्च 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 9,61,03,02,24,00,000 रुपए तक जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच महंगे फ्यूल और खाने-पीने की चीजों से लोगों को राहत देने वाले तरीके अपनाने वाले देशों की संख्या करीब दोगुनी हो गई। इन सरकारी कदमों का सीधा फायदा आम लोगों को मिला है। अनुमान है कि इस साल करीब 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जाने से बच सके। लेकिन अब सरकारों के सामने दूसरी चुनौती खड़ी हो रही है।

महंगा तेल बढ़ा रहा परेशानी

पश्चिम एशिया का तनाव लंबा खिंचने से ऊर्जा बाजार पर दबाव बना हुआ है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल, डीजल, गैस और परिवहन लागत पर पड़ता है। इसका असर आगे चलकर खाने-पीने और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। इसी वजह से कई सरकारें लोगों पर तुरंत पड़ने वाले बोझ को कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रही हैं। कहीं फ्यूल पर सब्सिडी दी जा रही है, तो कहीं कीमतों की अधिकतम सीमा तय की गई है। कुछ देशों ने टैक्स में भी राहत दी है। लेकिन तेल महंगा रहने पर इन उपायों का खर्च लगातार बढ़ता जाएगा।



अल नीनो से खाने-पीने की चीजें हो सकती हैं महंगी

एनर्जी संकट के साथ मौसम भी चिंता बढ़ा रहा है। इस समय मजबूत अल नीनो की स्थिति बन रही है। इससे कई इलाकों में सामान्य से ज्यादा गर्मी, सूखा या बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

सरकारों के बजट पर बढ़ रहा दबाव

समस्या सिर्फ तेल की कीमतों तक सीमित नहीं है। दुनिया के कई देशों में कर्ज लेना पहले के मुकाबले महंगा हो गया है। ऐसे में सरकारों के लिए अतिरिक्त पैसा जुटाना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ लोगों को महंगाई से बचाने की जरूरत है और दूसरी तरफ सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है।

आम लोगों पर असर

महंगे ईंधन का असर सिर्फ पेट्रोल पंप तक नहीं रहता। ट्रक, बस और दूसरे वाहनों का खर्च बढ़ने पर सामान को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना महंगा हो जाता है। इसका असर सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों के लिए भी लंबे समय तक महंगा कच्चा तेल चुनौती बन सकता है। सरकारें कीमतों पर राहत देने के अलग तरीके भी निकाल सकती है, लेकिन इसका असर सरकारी वित्त पर पड़ सकता है। यूएनडीपी के मुताबिक, सितंबर में कम से कम 10 देशों में महंगी एनर्जी से जुड़ी सामाजिक अशांति और परफॉर्मेंस भी देखने को मिले।

साख निर्धारण एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट

डेटा सेंटर नीति के मामले में तेलंगाना महाराष्ट्र व उप्र शीर्ष राज्यों में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों को तेलंगाना में बिजली और मजबूत समर्थन मिला

भारत में डेटा सेंटर के लिए तेलंगाना सबसे आकर्षक नीतिगत पैकेज देने वाला राज्य बनकर उभरा है। उसे बिजली और नियामकीय प्रोत्साहनों के मामले में मजबूत समर्थन मिला है। वित्तीय शोध और साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

तेलंगाना सबसे आकर्षक पैकेज देने वाला राज्य बना

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने बिजली, बुनियादी ढांचे, पूंजी और नियामकीय व्यवस्था से जुड़े व्यापक प्रोत्साहनों के साथ संतुलित नीतियां तैयार की हैं। 'इंडिया फॉरवर्डः रीइमैजिनिंग ग्रोथ' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि गुजरात ने बड़े स्तर के डेटा सेंटर संचालकों (हाइपरस्केलर्स) को आकर्षित करने के लिए बिजली और कारोबार सुगमता के मामले में सबसे लाभकारी प्रावधान किए हैं।

सूची में चार राज्यों को 50 अंक मिले

एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी के 'डेटा सेंटर पॉलिसी अट्रैक्टिवनेस इंडिया' (डीसीपीएआई) सूचकांक में इन चारों प्रमुख राज्यों को करीब 50 अंक मिले हैं। इस सूचकांक में 11 राज्यों द्वारा 2016 से लागू की गई 19 नीतियों का मूल्यांकन किया गया। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आईटी आधारित सेवाएं (आईटीईएस), डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) से संबंधित नीतियां शामिल हैं।



चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियां तय

नीतियों का मूल्यांकन चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियों (बिजली, जमीन और पूंजी, परिचालन एवं तकनीकी सहायता तथा नियामकीय व्यवस्था और कारोबार सुगमता) के आधार पर किया गया। दूसरे समूह में 42 से 45 अंक वाले ओडिशा, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं।

पूंजी से जुड़े प्रोत्साहन में आंध्रप्रदेश आगे

इस समूह में जमीन और पूंजी से जुड़े प्रोत्साहनों के मामले में आंध्र प्रदेश आगे है, जबकि कर्नाटक में कारोबार सुगमता से जुड़े उल्लेखनीय प्रावधान हैं। इनमें आवश्यक सेवाओं के रखरखाव से संबंधित कानून के तहत संरक्षण भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा और हरियाणा की नीतियां परियोजना के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रोत्साहन देने पर केंद्रित हैं।

मौजूदा क्षमता करीब 1,5 गीगावाट की

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों के बीच यह प्रतिस्पर्धा डेटा सेंटर क्षेत्र में बड़े विस्तार के बीच हो रही है। भारत में उद्यमों के लिए साझा और समर्पित डेटा सेंटर सुविधाओं की मौजूदा क्षमता करीब 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले एक दशक में पांच गीगावाट क्षमता के लिए प्रतिबद्धताएं पहले ही की जा चुकी हैं, जबकि छह से सात गीगावाट अतिरिक्त क्षमता की घोषणा हो चुकी है या उसकी योजना शुरुआती चरण में है।

डेटा सेंटर की बिजली मांग बढ़ने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग तथा परिचालन संबंधी बिजली खपत समेत भारतीय डेटा सेंटर की कुल बिजली मांग 2025 से 2035 के बीच सालाना औसतन 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है।

कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र की वृद्धि दर घटाया

इक्रा ने कमजोर मानसून के कारण कृषि वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र की वृद्धि दर के अनुमान को 1.3 प्रतिशत से घटाकर लगभग एक प्रतिशत कर दिया है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश इस साल दीर्घकालीन औसत (एलपीए) के मुकाबले 87 प्रतिशत पर आने को देखते हुए वृद्धि दर घटायी गयी है। यह औसत 2015 के बाद सबसे कम है।

■ अनुमान को 1.3 प्रतिशत से घटाकर लगभग एक प्रतिशत किया

इक्रा ने मानसून पर अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कम और असमान बारिश ने खरीफ बुवाई को पहले ही प्रभावित किया है। यह सितंबर के अंत तक पिछले वर्ष के स्तर से 1.2 प्रतिशत कम रही। जलाशयों के विशेष रूप से दक्षिणी और कुछ उत्तरी राज्यों में घटे जलस्तर ने आगामी रबी सत्र को लेकर चिंता बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा, ''फसल उत्पादन और कृषि आय पर कमजोर मानसून के संभावित असर को लेकर इक्रा सतर्क बनी हुई है।'' इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि कृषि आय में कमी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग को सुस्त कर सकती है और खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

जून-सितंबर के दौरान 'अल नीनो' के प्रभाव के कारण बारिश दीर्घकालीन औसत के मुकाबले 87 प्रतिशत रही।

मध्य भारत में सामान्य बारिश दर्ज

दूसरी ओर उत्तर-पश्चिम भारत में 94 प्रतिशत बारिश हुई। मध्य भारत एकमात्र प्रमुख क्षेत्र रहा जहां सामान्य बारिश दर्ज की गई, जो एलपीए का 97 प्रतिशत है। सितंबर के अंत तक खरीफ का रकबा 11.07 करोड़ हेक्टेयर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 1.2 प्रतिशत कम है।

लाइसेंस उल्लंघन अपराध की श्रेणी से बाहर

पेट्रोलियम से जुड़े अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोलियम क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अनधिकृत परिचालन से जुड़े गंभीर अपराधों के लिए आपराधिक दंड को बरकरार रखने या सख्त करने का प्रस्ताव किया है।

आपराधिक दंड को बरकरार रखने का प्रस्ताव

साथ ही पेट्रोलियम लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एक दीवानी जुर्माना व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव भी किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 के मसौदा संशोधनों पर जनता और उद्योग जगत से टिप्पणियां मांगी हैं।

इसमें कानून के अपराध, दंड और प्रवर्तन से जुड़े प्रावधानों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 को पेट्रोलियम के आयात, परिवहन, भंडारण, उत्पादन, शोधन और सम्मिश्रण से संबंधित कानून को संशोधित करने के लिए लागू किया गया था।

मसौदा संशोधनों पर टिप्पणियां मांगते हुए मंत्रालय ने कहा, ''लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक मुद्दों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से दीवानी जुर्माना लगाने की व्यवस्था करने के लिए पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 में संशोधन का प्रस्ताव किया गया है।''

मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन पेट्रोलियम परिचालन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विशिष्ट अपराधों के खिलाफ पर्याप्त रोकथाम करते हैं। प्रस्तावित संशोधनों के तहत लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन से आपराधिक मुकदमे के बजाय एक प्रशासनिक न्याय व्यवस्था के माध्यम से निपटा जाएगा।

पहले उल्लंघन के लिए 2.5 करोड़ का जुर्माना

अधिकारी पहले उल्लंघन के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक और दूसरे या उसके बाद के उल्लंघन के लिए पांच करोड़ रुपये तक का दीवानी जुर्माना लगा सकता है। हालांकि, अगर लाइसेंस उल्लंघन से सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ती है या गंभीर चोट या मृत्यु होती है, तो उनसे आपराधिक मामलों की तरह निपटा जाएगा।

जनता से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित

मसौदे में कई गंभीर अपराधों के लिए कड़े दंड का भी प्रस्ताव किया गया है। मंत्रालय ने अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर आम जनता और उद्योग से जुड़े पक्षों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं।

महात्मा गांधी जयंती पर बाजार रहे बंद

मुंबई। महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार 2 अक्टूबर को शेयर बाजार, मुद्रा, जिंस और सराफा बाजार बंद रहे। शेयर बाजार में तीन और चार अक्टूबर को भी कामकाज नहीं हो पाएगा। शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को ट्रेडिंग सेशन नहीं होते हैं। सराफा बाजार में कुछ स्थानों पर शनिवार को कारोबार हो सकता है।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने एलुकैम के अधिग्रहण की योजना की रद्द

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की धातु क्षेत्र की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौदे को पूरा करने में लगातार हो रही देरी के बीच अमेरिका स्थित एलुकैम कंपनीज इंक के 12.5 करोड़ डॉलर के प्रस्तावित अधिग्रहण की योजना रद्द कर दी है। आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी नेलिस ने एसई को दी सूचना में बताया कि हिंडाल्को और अमेरिका स्थित कंपनी ने एलुकैम तथा उसके विशेष कैल्साइंड और टेबूलर एल्युमिना कारोबार के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए किए गए इक्विटी खरीद समझौते को संयुक्त रूप से समाप्त करने का फैसला किया है।हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने कहा कि हालांकि, विशेष एल्युमिना कारोबार का विस्तार करने की उसकी रणनीति बरकरार है। सूचना में कहा गया, ''एलुकैम कंपनीज इंक (एलुकैम) और उसके विशेष कैल्साइंड तथा टेबूलर एल्युमिना कारोबार के प्रस्तावित अधिग्रहण को लेकर एलुकैम और कंपनी ने उचित विचार-विमर्श के बाद इक्विटी खरीद समझौते को समाप्त करने का संयुक्त रूप से फैसला किया है।

■ कंपनी ने 12 .5 करोड़ डॉलर के प्रस्तावित अधिग्रहण योजना की रद्द

उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर 10 लाख टन करना है

हिंडाल्को का एल्युमिना कारोबार विशेष एल्युमिना और एल्युमिना हाइड्रेट पर केंद्रित है, जिनका विनिर्माण कंपनी अपने संयंत्रों में करती है। हिंडाल्को के पास फिलहाल पांच लाख टन विशेष एल्युमिना की उत्पादन क्षमता है और उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 10 लाख टन करना है।

रॉयल एनफील्ड की बिक्री सितंबर में 8 फीसदी बढ़ी

मुंबई। विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा समेत सावधि जमा के एवज में बैंकों का कर्ज 31 अगस्त, 2026 तक सालाना आधार पर 43.2 प्रतिशत बढ़कर 2.04 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक साल पहले 31 अगस्त तक यह कर्ज 1.43 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष के आधार पर भी 31 मार्च, 2026 के 1.69 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 20.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सावधि जमा के एवज में कर्ज में यह तेज वृद्धि ऐसे समय हुई है जब कुल बैंक कर्ज भी 31 अगस्त, 2026 तक सालाना आधार पर 19.1 प्रतिशत बढ़कर 223.88 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 188.01 लाख करोड़ रुपये था।

विदेशी निवेशक सितंबर में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे

एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 35,860 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार दो महीने की खरीदारी के बाद सितंबर में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। उन्होंने शेयर बाजार से 35,860 करोड़ रुपये निकाले। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की बिकवाली अक्टूबर में भी जारी रही और उन्होंने एक अक्टूबर को भारतीय शेयर बाजार से 9,232 करोड़ रुपये और निकाले। इससे पहले एफपीआई ने जुलाई में भारतीय शेयरों में 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,630 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

■ विदेशी निवेशकों की बिकवाली अक्टूबर में जारी रही

ताजा बिकवाली के साथ एफपीआई 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से करीब 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है।

अल्फा एएमसी के कोष प्रबंधक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश सिंगला ने कहा कि एफपीआई मुख्य रूप से बाहरी कारकों की वजह से भारतीय शेयरों से पैसा निकाल रहे हैं।

इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, रुपये की विनिमय दर में गिरावट, अमेरिकी बॉण्ड पर ऊंची प्रतिफल दर, जुलाई-अगस्त में निवेश के बाद मुनाफावसूली और एआई आधारित उत्तर एशियाई बाजारों की ओर पूंजी का रुख शामिल है। सीईओ ने कहा, यह वैश्विक स्तर पर पूंजी के आवंटन का मामला है, घरेलू कंपनियों की कमाई का नहीं। सिंगला ने कहा कि घरेलू एसआईपी के जरिये लगातार आ रहा निवेश विदेशी बिकवाली के असर को कम करने में मदद कर रहा है।

कच्चे तेल और अमेरिकी बांड का पड़ेगा असर

विश्लेषकों के अनुसार, आगे एफपीआई निवेश पर ईरान-अमेरिका संघर्ष और उसका कच्चे तेल की कीमतों पर असर महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी बॉण्ड पर अधिक प्रतिफल से भारतीय शेयरों और एफपीआई निवेश पर दबाव पड़ सकता है। अमेरिका की 10 साल की बॉन्ड प्रतिफल करीब पांच प्रतिशत है।

इंफो एज के प्रमुख ब्रांड नौकरी डॉट कॉम की रिपोर्ट

सितंबर में दफ्तरों की नौकरी में दो फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एआई और वाहन क्षेत्र की मांग के चलते मामूली वृद्धि हुई

मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा तथा मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) भूमिकाओं और साथ ही वाहन क्षेत्र में मजबूत मांग के चलते सितंबर में दफ्तरों में काम करने को लेकर नियुक्तियों में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंफो एज के प्रमुख ब्रांड नौकरी डॉट कॉम की इस रिपोर्ट के अनुसार सितंबर में दफ्तरों की नियुक्तियां मोटे तौर पर स्थिर रहीं और इनमें सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके साथ ही 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' पिछले वर्ष के इसी महीने के 3,002 की तुलना में बढ़कर 3,053 पर पहुंच गया।

मंच रुझानों की निगरानी करता है

'नौकरी जॉबस्पीक' एक मासिक सूचकांक है जो नौकरी डॉट कॉम के मंच पर नई नौकरियों की पोस्टिंग और नियोक्ताओं द्वारा की जाने वाली खोजों के आधार पर भारत के रोजगार बाजार और नियुक्ति गतिविधियों के रुझानों की निगरानी करता है।



एआई और मशीन लर्निंग में 20 फीसदी की तेजी

रिपोर्ट से पता चला कि कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं में जोरदार वृद्धि का दौर जारी रहा और सितंबर में यह 20 प्रतिशत बढ़ी, जबकि वाहन क्षेत्र में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समीक्षाधीन माह के दौरान बीपीओ/आईटीईएस और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में नियुक्तियों में चार-चार प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बीमा, बैंकिंग व वित्तीय सेवाएं स्थिर रहे

अन्य प्रमुख क्षेत्रों में बीमा, खुदरा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं तथा रियल एस्टेट मोटे तौर पर स्थिर रहे। वहीं आईटी/सॉफ्टवेयर सेवाओं में चार प्रतिशत, फार्मा/जैव प्रौद्योगिकी में चार प्रतिशत, रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुओं (एफएमसीजी) में चार प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

हैदराबाद में नौ फीसदी की वृद्धि

महानगरों में हैदराबाद ने सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके बाद चेन्नई में छह प्रतिशत तथा बेंगलुरु और कोलकाता में चार-चार प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। पुणे का स्तर जहां स्थिर रहा, वहीं दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में छह-छह प्रतिशत की गिरावट आई।

चिंतन

देश के भविष्य में निवेश है खेल पर हो रहा खर्च

एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है, लेकिन पदकों की चमक के साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। क्या भारत को खेलों पर सरकारी खर्च और बढ़ाना चाहिए? इसका उत्तर केवल पदक तालिका में नहीं है। असल सवाल यह है कि क्या भारत उस खेल संस्कृति का निर्माण कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में देश को विश्व की बड़ी खेल शक्तियों के बीच खड़ा कर सके। एशियाई खेल 2026 अभी जारी हैं। 2 अक्टूबर तक भारत ने 16 स्वर्ण समेत 76 पदक हासिल किए हैं। यह प्रदर्शन बताता है कि भारतीय खेल जगत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लेकिन तुलना करें तो 2022 के हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे। इसलिए मौजूदा प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल पदकों की संख्या से करना उचित नहीं होगा। असली उपलब्धि उस व्यवस्था की है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए पहले से कहीं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सरकार का खेल बजट भी इसी बदलाव का संकेत देता है। वित्त वर्ष 2026-27 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के लिए 4,479.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 3,346 करोड़ से काफी अधिक है। 'खेलो इंडिया' और राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता के लिए भी अगले पांच वर्षों के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया गया है। एशियाई खेलों की तैयारी में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए लगभग 800 करोड़ से अधिक खर्च किया गया। इससे पता चलता है कि भारत अब खिलाड़ियों को केवल प्रतियोगिता से पहले प्रशिक्षण देने की सोच से आगे बढ़कर दीर्घकालिक तैयारी की ओर बढ़ रहा है। फिर भी सवाल है कि क्या इतना पर्याप्त है? भारत की आबादी और युवा शक्ति को देखते हुए शायद यह पर्याप्त नहीं है। देश में करोड़ों बच्चे और युवा हैं, लेकिन उनमें से कितनों को गुणवत्तापूर्ण खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण और नियमित प्रतियोगिताओं की सुविधा मिलती है? यही वह अंतर है जिसे भरना होगा। हर जिले में अच्छे खेल मैदान हों। स्कूलों में खेल शिक्षक और प्रशिक्षक हों। प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान के लिए नियमित प्रतियोगिताएं हों। यदि भारत वास्तव में खेल महाशक्ति बनना चाहता है तो यह पूरा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा। इसके आर्थिक लाभ भी हैं। खेल उपकरणों का निर्माण, फिटनेस उद्योग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, कोचिंग, खेल आयोजन, प्रसारण और खेल पर्यटन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। यदि भारत खेल उपकरणों का बड़ा विनिर्माता बनता है तो यह खेल बजट को एक व्यापक आर्थिक निवेश में बदल सकता है। भारत को ओलंपिक और उसके आगे की तैयारी अभी से करनी होगी। इसके लिए केवल कुछ स्टार खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की रणनीति पर्याप्त नहीं होगी। हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें हर वर्ष हजारों प्रतिभाएं खोजी जाएं, उनमें से सैकड़ों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिले और उनमें से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अवसर मिले। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि खेलों पर इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। सवाल यह होना चाहिए कि इस निवेश को और प्रभावी कैसे बनाया जाए। भारत के लिए खेल अब केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं। यह स्वस्थ भारत, युवा भारत, रोजगार के नए अवसरों और दुनिया में भारत की बढ़ती पहचान से जुड़ा क्षेत्र है। इसलिए खेल बजट में वृद्धि को खर्च नहीं, भविष्य में निवेश के रूप में देखना होगा।



मुद्दा
राजकुमार सिंह

विपक्ष के निशाने पर ज्ञानेश कुमार

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से लेकर विपक्ष तक ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, एसआईआर से पहले की मतदाता सूची बहाल करने और ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से ही चुनाव करवाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि सीजेपी से लेकर विपक्ष तक ने मांगों को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

सीजेपी ने मुंबई के शिवाजी पार्क से देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की है तो 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले 20 विपक्षी दलों ने भी दो अक्तूबर से व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया है। भाजपा की 'बी टीम' बताई जाती रही बसपा की सुप्रीमो मायावती ने भी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की है। दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों की बाबत एक अंग्रेजी अखबार द्वारा खुलासे से उत्साहित 'इंडिया' गठबंधन अपने आरोपों को लेकर राष्ट्रपति के पास भी जाएगा और संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध महाभियोग भी लायेगा। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता के साथ ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई में भी इस बीच किसी फैसले की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष की निगाहें जन साधारण की प्रतिक्रियाओं पर ज्यादा रहेंगी। पेपर लीक मामले में सीजेपी के बैनर तले जंतर मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन के चलते नरेंद्र मोदी सरकार 12 साल में पहली बार, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के रूप में, अपने किसी मंत्री का इस्तीफा दिलवाने को मजबूर हुई। फिर भी संसद का मानसून सत्र, दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर-मंतर आंदोलनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग और कथित पैलेट गन के इस्तेमाल की जिम्मेदारी के सवाल सत्तापक्ष और विपक्ष में तनातनी में बह गया। दो चुनाव आयुक्तों को बताये बिना ही मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा फैसले लेने के मीडिया में खुलासे से संसद के शीतकालीन सत्र से पहले ही विपक्ष को उससे भी बड़ा मुद्दा हाथ लग गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाते रहे हैं, जो पश्चिम बंगाल के बाद 'सरकार चोरी' में बदल गये। चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल भाजपा उन आरोपों को खारिज करते हुए इसी बीच कुछ विधानसभा चुनावों में विपक्ष की जीत को लेकर सवाल पूछते रहे, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा फॉर्म- 6 समेत एसआईआर प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति के खुलासे से विपक्ष के तेवर ज्यादा आक्रामक हो गये हैं। भाजपा का तर्क है, क्योंकि चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर विपक्ष उसकी सरकारों की वैधानिकता पर संदेह का माहौल बना रहा है, इसलिए उसे जवाब देना ही पड़ेगा।



तर्क पूरी तरह निराधार भी नहीं, लेकिन अपनी कार्य प्रणाली पर अंदर से उठे सवालों पर पूर्ण चुनाव आयोग या मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस से परहेज भी संदेह और सवालों को बल प्रदान कर रहा है। दरअसल चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून और खासकर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के चलते चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पहले से ही संदेह और सवालों के घेरे में है। सर्वोच्च न्यायालय दो बार टिप्पणी कर चुका है कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना ही नहीं चाहिए, दिखना भी चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियां और सवाल चुनाव आयोग के साथ ही केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हैं। पिछली बार सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल किया: 'जब चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री शामिल हैं, तब क्या यह व्यवस्था वास्तव में 'स्वतंत्र' है या सिर्फ स्वतंत्रता का दिखावा भर है?... 'इस संरचना में कार्यपालिका का वर्चस्व स्पष्ट दिखाई पड़ता है। 'न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सवाल किया कि जब सीबीआई निदेशक की नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति में किसी स्वतंत्र सदस्य को जगह क्यों नहीं दी गई? पीठ ने टिप्पणी की: 'लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए स्वतंत्रता उतनी ही जरूरी है, जितनी कानून व्यवस्था के लिए। 'सर्वोच्च न्यायालय के इस सवाल पर अटार्नी जनरल वेंकटरमणी निरुत्तर हो गये थे कि अगर प्रधानमंत्री एक नाम चुनें और विपक्ष का नेता दूसरा, तो तीसरा सदस्य यानि प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री किसके पक्ष में जाएगा? पीठ ने टिप्पणी की: 'जब हर निर्णय 2-1 के बहुमत से सरकार के पक्ष में ही जाने की संभावना है, तो फिर विपक्ष के नेता को समिति में रखने का औचित्य ही क्या है? यदि केबिनेट मंत्री, प्रधानमंत्री के विरुद्ध नहीं जायेंगे तो विपक्ष के नेता की भूमिका मात्र 'सजावटी' बन कर रह जाती है। 'सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है, पर वह तभी संभव है, जब चुनाव आयोग न सिर्फ स्वतंत्र हो, बल्कि जनता को स्वतंत्र दिखाई भी दे। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने हाल ही में यही टिप्पणी फिर दोहरायी, पर विभाजित फैसले में याचिका की सुनवाई बड़ी पीठ द्वारा किए जाने का विकल्प खुला छोड़ दिया। ध्यान रहे कि दशकों तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति बिना किसी कानून के की जाती रही। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून के अभाव में केंद्र सरकार की मनमर्जी रोकने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई थीं। उन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो मार्च, 2023 को संविधान पीठ ने फैसला दिया कि इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति देश के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता की समिति की सिफारिश पर होगी। उसी साल 28 दिसंबर को संसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पारित कर कानून बना दिया, जिसमें तीन सदस्यीय चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश के बजाय प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री को जगह दी गई। बेशक सर्वोच्च न्यायालय ने नहीं कहा था कि मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति समिति में रखा ही जाना चाहिए, लेकिन उन्हें बाहर कर केबिनेट मंत्री को शामिल करने से संदेश गया कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सरकार अपना वर्चस्व चाहती है। विपक्ष के तमाम संदेह और सवाल इसी संदेश से उपजे, जिन्हें आयोग के अंदरूनी विवाद से बल भी मिल गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विमान हादसा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल



कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम...


जब हौसला बना 174 जिंदगियों का कवच...! जब सूझबूझ ने बनाया महामानव ...! आज की दुनिया में जब हम सुपरहीरो की कहानियां पर्दे पर देखते हैं, तो असली हीरो की पहचान भूल जाते हैं। 30 सितंबर की रात 34,000 फीट की ऊंचाई पर एक भारतीय कैप्टन ने साबित कर दिया कि असली हीरो कैप नहीं पहनते, वर्दी पहनते हैं। उनका नाम है - कैप्टन स्मित मच्छार। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं। यह फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 की सच्ची दास्तान है, जो दुबई से तेल अवीव जा रही थी। वो 90 सेकंड जब मौत सामने थी...! फ्लाइट जॉर्डन के हवाई क्षेत्र से गुजर रही थी। कॉकपिट में अचानक कयामत टूट पड़ी। रिपोर्ट्स,एजेंसी व एआई के मुताबिक, ओमानी मूल के सह-पायलट ने क्रैश एक्स और चाकू से कैप्टन स्मित पर जानलेवा हमला कर दिया। उसका मकसद विमान को क्रैश कराना था। हमले में कैप्टन स्मित गंभीर रूप से घायल हो गए।शरीर से खून बह रहा था। इसी बीच विमान ने 90 सेकंड में 34,000 फीट से 16,600 फीट तक गोता लगा दिया। लगभग 14,000 फीट की सीधी गिरावट। यात्रियों में चीख-पुकार...! केबिन में अफरा-तफरी...! आम तौर पर ऐसी स्थिति में पायलट होश खो देता है। पर गुजरात के सावरकुंडला के इस प्रतिभा पुत्र ने अदम्य साहस दिखाया। लहूलुहान होने के बावजूद अटूट संकल्प...! भारी खतरे का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने तीन काम किए जो एविएशन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। पहला, उन्होंने ट्रांसपोंडर कोड 7700 सेट किया। यानी



इमरजेंसी सिग्नल, और दूसरा कोड जो गैर-कानूनी हस्तक्षेप को दर्शाता है। दूसरा, अपनी आखिरी ऊर्जा बटोरकर, फर्श पर लहूलुहान पड़े-पड़े उन्होंने कॉकपिट के दरवाजे का लॉक खोला। तीसरा, दर्द को भूलकर उन्होंने विमान को स्थिर करने की कोशिश जारी रखी। विमान में मौजूद फ्लाईदुबई के दो अन्य पायलटों ने मोर्चा संभाला और विमान को सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा दिया। उस विमान में 174 यात्री थे, जिनमें ज्यादातर इजरायली नागरिक थे। आज वे सभी अपने परिवार के साथ हैं, तो सिर्फ कैप्टन स्मित की वजह से। कैप्टन स्मित मच्छार मूल रूप से मुंबई के हैं। उन्होंने 2011 में स्पाइसजेट से अपना करियर शुरू किया। 11 साल तक लाइन-ट्रेनिंग कैप्टन और सीनियर कमांडर रहे। जून 2022 में वे फ्लाईदुबई में डायरेक्ट-एंट्री कैप्टन बने। उनके पास बोइंग 737 पर 9750 घंटे से ज्यादा का अनुभव है। कभी परिवार के टेक्सटाइल बिजनेस के लिए मैनेजमेंट पढ़ने वाले स्मित ने एक एविएशन सेमिनार में अपना जुनून पहचाना और आज वे दुनिया के लिए मिसाल बन गए। भारत से लेकर इजरायल तक सलाम...! इस दिलेरी ने दो देशों के प्रधानमंत्रियों को एक मंच पर ला दिया। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि -भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताया। उन्होंने 174 लोगों की जान बचाई। वे एक सच्चे हीरो हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी कहा - 'इंडियन, इजरायली, एमिराती - अलग-अलग राष्ट्रीयता, पर एक असाधारण साहस का कार्य। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने कहा -ए ट्रू रियल लाइफ हीरो, तो सुरेश रैना ने उन्हें 'गुजरात का भूमिपुत्र' कहकर गर्व जताया। गुजरात सरकार ने उन्हें 'गुजरात गौरव पुरस्कार' देने की घोषणा की है। आज कैप्टन स्मित अबू धाबी के अस्पताल में भर्ती हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं। तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। यह कहानी हमें सिखाती है कि वर्दी सिर्फ नौकरी नहीं, जिम्मेदारी है। कैप्टन स्मित ने जब कॉकपिट का दरवाजा खोला, तो उन्होंने सिर्फ दरवाजा नहीं, 174 परिवारों के लिए जिंदगी का दरवाजा खोल दिया। यही सबसे बड़ी बात है, जिसे दुनिया अब समझ रही है। कैप्टन स्मित मच्छार ने 9/11 जैसी त्रासदी रोक दी ...! इजरायली पीएम नेतन्याहू ने इसीलिए कहा - उन्होंने एक भयावह हवाई त्रासदी को ताल दी।" फर्क सिर्फ इतना है, 9/11 में हमले के बाद हीरो बने, यहां कैप्टन स्मित ने हमले को ही हीरोइज्म में बदल दिया। इसीलिए आज भारत ही नहीं, तेल अवीव की सड़कों पर भी लिखा है –"थैंक यू ,कैप्टन स्मित –यू आर रियल आयरन डोम इन द स्काइ" सचमुच, कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम... !

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता इंसान



संकलित
दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें।

करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

अंतर्मन



आज की पाती

खादी से स्वदेशी और स्वरोजगार की राह

महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने के लिए स्वदेशी अपनाओ पर भी जोर दिया था। उन्होंने देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए ऊन, रेशम और सूत के धागों को कात कर खादी को बढ़ावा देने के लिए काम किया था। पहले तो खादी को हाथ से चरखा कात कर तैयार किया जाता था, हालांकि अब इसके लिए मशीनें भी आ गई है। महात्मा गांधी ने उस समय खादी के निर्माण को रोजगार का भी बहुत अच्छा साधन माना था। महात्मा गांधी ने खादी के लिए कहा था कि 'मैं स्वराज का विक्रेता हूं और मैं खादी का भक्त हूं। मेरा लोगों को हर ईमानदारी से खादी पहनने के लिए प्रेरित करना प्रथम कर्तव्य है।' – **जगदीश बजाज**, रोहतक

ट्रेंड

परवीन को बधाई

एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 65 किलो बॉक्सिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने पर परवीन को बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और लगन से मिली यह जीत इतिहास में दर्ज हो गई है और हर भारतीय को आप पर गर्व है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



गर्व की बात

हर भारतीय के लिए यह गर्व की बात है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की है। आज दुनिया भारत की ताकत देख रही है, भारत की आवाज सुन रही है और शांति के लिए भारत के प्रयासों को स्वीकार कर रही है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



बापू का संदेश

सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, बापू ने देश को आजादी का रास्ता दिखाया। आज, जब समाज में बंटवारे की कोशिशें दिखाई दे रही है, तब बापू का सत्य, अहिंसा, निर्भयता, सद्भाव और सर्व-कल्याण का संदेश हमें और भी मजबूत बनाता है।
- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड



चुनाव आयोग

देश के युवा अपने वोट और संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं। वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवालों के बीच चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। वोट की चोरी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी; मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना ही होगा।
- **कुमारी सैलजा**, सांसद, कांग्रेस



करंट अफेयर

हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का कार्यालय बनाया

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का एक नया कार्यालय शुरू किया है, जो सीधे उन्हें रिपोर्ट करेगा। यह उनके कार्यकाल में धर्म से जुड़ा नवीनतम सुधार है। हेगसेथ ने बुधवार को एक भाषण में कहा कि यह कार्यालय ' 'उच्चस्तरीय धार्मिक सहायता'' उपलब्ध कराने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, ' 'जब हम भौतिक युद्ध लड़ रहे हैं, तो हम सभी जानते हैं कि असली लड़ाई आध्यात्मिक है।'' पेंटागन के अनुसार, धार्मिक मामलों का कार्यालय (ओआरए) सैन्य पादरियों और धार्मिक सहायता के लिए रक्षा विभाग के उच्चतम स्तर पर काम करेगा। हालांकि, यह किसी को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेगा, किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देगा और किसी भी धर्म को मानने या न मानने वाले सैन्यकर्मियों के अधिकारों को कम नहीं करेगा। इस पहल की आलोचना भी हुई है। चर्च और राज्य को अलग-अलग रखने के लिए काम करने वाले संगठन 'अमेरिकन्स यूनाइटेड फॉर सेपरेशन ऑफ चर्च' की प्रमुख रेचल लेजर ने कहा कि रक्षा विभाग का दायित्व सैन्यकर्मियों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पहल अमेरिकी सैन्य नीति में ईसाई धर्म की भूमिका बढ़ाती है।



ऑफ बीट

क्या वाकई में 'राइट-ब्रेन' वाले लोग ज्यादा रचनात्मक होते हैं?

क्या आप तार्किक हैं, बारीकियों पर ध्यान देते हैं या गणित में अच्छे हैं? तो संभव है कि आपको 'लेफ्ट-ब्रेन' वाला कहा जाए। वहीं, रचनात्मक, कलात्मक और सहज-बोध वाले लोगों को अक्सर 'राइट-ब्रेन' वाला माना जाता है। हालांकि वैज्ञानिक शोध इस लोकप्रिय धारणा का समर्थन नहीं करता कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व या रचनात्मकता मुख्य रूप से मस्तिष्क के एक हिस्से पर निर्भर करती है, लेकिन इस पर बहस भी नहीं थमती। यह विचार लंबे समय से रहा है कि कुछ लोगों के मस्तिष्क का बायां हिस्सा अधिक प्रभावी होता है, जबकि कुछ लोगों का दायां हिस्सा। माना जाता है कि यही अंतर उनकी सोचने की शैली और व्यक्तित्व को तय करता है। लेकिन इस धारणा की शुरुआत मस्तिष्क के दोनों हिस्सों के वास्तविक अंतर से हुई थी। 1860 के दशक में फ्रांसीसी चिकित्सक पॉल ब्रॉका ने पाया कि बोलने की क्षमता मुख्य रूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से से जुड़ी है। इससे पहली बार यह संकेत मिला कि मस्तिष्क के दोनों हिस्सों की अलग-अलग भूमिकाएं हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चला कि बायां हिस्सा भाषा जैसे कार्यों में अधिक विशेषज्ञ है, जबकि दायां हिस्सा भावनात्मक और गैर-मौखिक सूचनाओं के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क के कार्यों का इस तरह अलग-अलग हिस्सों में केंद्रित होना केवल इंसानों तक सीमित नहीं है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कलयुग के 'भगवान' पर मासूम को प्रताड़ित करने के आरोप

पीठ पर चोटों के निशान दिखाकर रोती रही बच्ची

मोहल्ले वालों ने बचाई जान

शहडोल। डॉक्टर को समाज में अक्सर 'धरती का भगवान' कहा जाता है, लेकिन शहडोल की आशीर्वाद कॉलोनी में सामने आया घटनाक्रम इस सम्मानित पेशे पर ही सवाल खड़े कर रहा है। जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर बी.आर.प्रजापति और उनकी पत्नी शांति प्रजापति पर महज 7-8 साल की मासूम को घर में कथित रूप से बंधक बनाकर रखने, घरेलू काम कराने और मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। बच्ची मौका पाकर भागी तो मोहल्ले वालों ने उसे पनाह दी। बच्ची को जबरन वापस ले जाने का प्रयास हुआ तो लोगों ने पुलिस बुलाकर उसकी जान बचाई।





मासूम को घर में रखकर कराती थी घरेलू काम

गर्म चिमटे से पीठ-गर्दन जलाने का आरोप शांति उर्फ गुड़िया पर एफआईआर

शहडोल।

आशीर्वाद कॉलोनी में आठ वर्षीय बालिका से कथित मारपीट और घरेलू काम कराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अब प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जांच में बालिका के बयानों, परिजनों के कथनों और मेडिकल परीक्षण के आधार पर शांति उर्फ गुडिया प्रजापति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 118(1), किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और बाल श्रम अधिनियम की धारा 14(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

चार महीने पहले 'पढ़ाई-परवरिश' के नाम पर लाई गई थी बच्ची

मामला 30 सितंबर की शाम सामने आया था, जब आठ वर्षीय लक्ष्मी कुशवाहा निवासी खाईपार बांदा, उत्तर प्रदेश, कथित प्रताडऩा से डरकर शहडोल के पांडवनगर स्थित घर से निकलकर पड़ोसी यशोवर्धन सिंह के घर पहुंची थी। बच्ची ने वहां अपने साथ मारपीट किए जाने की जानकारी दी, जिसके बाद डायल-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस बच्ची को कोतवाली लेकर आई और उसके संरक्षण की व्यवस्था की। पुलिस की जांच के अनुसार लक्ष्मी अपने माता-पिता की सात संतानों में से एक है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है और वह अपनी बड़ी बहन प्रीति कुशवाहा के साथ बांदा में रह रही थी। करीब चार महीने पहले शांति उर्फ गुडिया प्रजापति, जो प्रीति कुशवाहा की रिश्ते में बुआ सास बताई गई है, ने बच्ची को अपने घर भेजने के लिए कहा था। उसने कथित तौर पर बच्ची की पढ़ाई और परवरिश करने तथा अपनी बच्ची के साथ खेलने के लिए उसे रखने की बात कही थी। इसके बाद बच्ची को शहडोल लाया गया और शांति प्रजापति के सुपुर्द किया गया।

कुछ दिन बाद घरेलू काम कराने का आरोप

एफआईआर में दर्ज पुलिस जांच के अनुसार शुरुआत में बच्ची के साथ ठीक व्यवहार किया गया, लेकिन कुछ दिन बाद उससे घरेलू काम कराया जाने लगा। बच्ची से घर में पोछा लगाने, बर्तन धोने सहित अन्य काम कराए जाने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक बच्ची ने बताया कि काम करते-करते थक जाने पर भी उससे काम कराया जाता था और काम नहीं करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। बच्ची ने पुलिस को यह भी बताया कि शांति उर्फ गुडिया उसे धमकी देती थी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो उसे चिमटे से जलाया जाएगा। एफआईआर में दर्ज बालिका के कथन के अनुसार करीब एक माह पहले गर्म चिमटे से उसकी पीठ और गर्दन में चोट पहुंचाई गई थी। डर के कारण उसने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी।

पति की गैरमौजूदगी में फिर मारपीट का प्रयास

30 सितंबर की शाम करीब 5 से 6 बजे शांति के पति डॉक्टर बीआर प्रजापति घर पर नहीं थे। इसी दौरान बालिका के अनुसार शांति उर्फ गुडिया ने उसे दोबारा मारपीट करने के लिए दौड़ाया। डरकर बच्ची घर से भागी और पड़ोसी यशोवर्धन सिंह के घर पहुंच गई। उसने वहां शांति द्वारा मारपीट और प्रताड़ित किए जाने की बात बताई। यशोवर्धन सिंह ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी बच्ची को कोतवाली थाना लेकर आए। पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह शांति के घर रहकर घरेलू काम करती थी और मारपीट व डराए जाने के कारण अब वहां वापस नहीं जाना चाहती। पुलिस ने उसके बताए अनुसार उसकी बड़ी बहन प्रीति कुशवाहा से संपर्क किया।

बहन और अन्य परिजनों ने भी पुलिस को दिए बयान

पुलिस के मुताबिक प्रीति कुशवाहा ने अपने बयान में बच्ची द्वारा बताई गई घटनाओं की पुष्टि की। घटना की सूचना मिलने पर प्रीति अपने पति शिवा प्रजापति और सास टन्टी प्रजापति के साथ शहडोल पहुंची और बच्ची से बातचीत की। परिजनों के बयानों को भी पुलिस ने जांच में शामिल किया है। पुलिस ने बालिका का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल रिपोर्ट में चोट के निशान पाए जाने और चोट को साधारण प्रकृति का बताया गया है। रिपोर्ट में चोट की प्रकृति के संबंध में सर्जिकल विशेषज्ञ से राय लेने का भी उल्लेख किया गया है।

बालिका को बाल शिशु गृह में रखा गया

पुलिस ने बालिका के तत्काल संरक्षण को देखते हुए उसे शासकीय संरक्षण में लिया। इसके बाद अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति शहडोल को पत्र भेजकर बालिका को आश्रय के लिए बाल शिशु गृह में दाखिल कराया गया। अब बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका की काउंसलिंग की जाएगी और समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने जांच के बाद दर्ज की एफआईआर

कोतवाली पुलिस ने 30 सितंबर की घटना से संबंधित रोजनामचा रिपोर्ट और जांच के आधार पर एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में शांति उर्फ गुडिया प्रजापति पति डॉ. बी.आर.प्रजापति, निवासी वार्ड नंबर 07 पांडवनगर, शहडोल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 118(1), किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की धारा 75 तथा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 14(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह को सौंपी गई है। पुलिस की जांच अब इस बिंदु पर भी केंद्रित है कि बच्ची को किन परिस्थितियों में बांदा से शहडोल लाया गया, उसकी देखरेख की वास्तविक व्यवस्था क्या थी और उसके साथ कितने समय से कथित रूप से मारपीट एवं घरेलू काम कराया जा रहा था। एफआईआर में दर्ज आरोपों की पुष्टि विवेचना, मेडिकल एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर होगी।

नीलगिरी का अवैध कटान कर रहे अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश

तीन आरोपी मौके से रंगे हाथों गिरफ्तार

शहडोल। दक्षिण शहडोल वनमंडल अंतर्गत शहडोल वन परिक्षेत्र की टीम ने नीलगिरी की लकडिय़ों की अवैध कटाई और तस्करी करने वाले एक गिरोह को दबोचने में सफलता हासिल की है। वन विभाग के अधिकारियों ने बीती रात घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन सहित नीलगिरी के 40 ल_ और तीन आरा मशीनें जब्त की हैं।

वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल महेंद्र प्रताप सिंह, वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पंद्रे एवं उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर संतोष कुमार शुक्ला के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। 1 अक्टूबर की मध्यरात्रि लगभग 02 बजे वन विभाग को सूचना मिली थी कि सिंहपुर वृत्त के जोधपुर बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 790 से कुछ लोग बड़े पैमाने पर नीलगिरी के पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही शहडोल वन परिक्षेत्र के कर्मचारियों एवं रात्रि गश्ती दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पूरे जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर दी।

वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा कि जंगल के अंदर कुछ लोग नीलगिरी के पेड़ों को काटकर एक मालवाहक गाड़ी में



लाद रहे थे। सतर्क वन अमले ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों व्यक्तियों को मौके पर ही धर दबोचा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपनी पहचान अनूपपुर जिले के केल्हारी निवासी आर्सल चौरसिया पिता उमेश चौरसिया, गंगाराम चौरसिया पिता प्रेमलाल चौरसिया तथा अनुज चौरसिया पिता शोभनाथ चौरसिया के रूप में दी। जब अधिकारियों ने लकड़ी काटने और परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके।

वन अमले ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके से नीलगिरी के 40 नग ल_, लकड़ी काटने में इस्तेमाल की जा रही 3 आरा मशीनें तथा मालवाहक गाड़ी जब्त कर ली। जब्त किए गए वाहन, उपकरण और लकड़ी को सुरक्षा के लिहाज से नरसरहा काष्ठागार डिपो में रखवा दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अवैध कटाई पर इस बड़ी कार्रवाई में शहडोल वन परिक्षेत्राधिकारी विनायक कुमार गौतम, वनक्षेत्रपाल राजेश श्रीवास्तव, सिंहपुर परिक्षेत्र सहायक (कार्यवाहक वनपाल) राकेश द्विवेदी, अंतरा बीट प्रभारी अविनाश सिंह और जोधपुर बीट गार्ड रामकिशोर बैगा सहित अन्य वन कर्मियों की विशेष भूमिका रही। वन विभाग की इस अचानक हुई सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के लकड़ी तस्करों में हडक़ंप मच गया है।

यूजीसी के विरोध में सवर्ण नेताओं की अर्थी निकालकर किया अंतिम संस्कार, 13वें दिन हुआ ब्राह्मण भोज



रीवा। यूजीसी के एक प्रस्तावित कानून के विरोध में रीवा में आंदोलनकारियों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। सवर्ण समाज से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की कथित चुप्पी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से उनकी अर्थी निकाली और अंतिम संस्कार की रस्में निभाईं। अब इसी क्रम में शुक्रवार को आंदोलन के 13वें दिन कोठी कंपाउंड में शंकर मंदिर परिसर में तेरहवीं का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मण भोज भी कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिस कानून को वे अपने हितों के खिलाफ मान रहे हैं, उसके विरोध में सवर्ण समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और नेताओं से मुखर होकर आवाज उठाने की अपेक्षा थी। उनका आरोप है कि समाज के मुद्दे पर इन नेताओं की ओर से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण उन्होंने प्रतीकात्मक विरोध के रूप में नेताओं को 'मृत' मानकर उनके अंतिम संस्कार और तेरहवीं की रस्में पूरी कीं। आंदोलन की शुरुआत करीब 12 दिन पहले रीवा के विवेकानंद पार्क से हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के प्रस्तावित प्रावधानों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था। इसी दौरान सवर्ण समाज से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों के रवैये पर भी नाराजगी जताई गई। आंदोलनकारियों ने इसके बाद प्रतीकात्मक अर्थी तैयार की। मंत्रोच्चार के बीच अर्थी की शवयात्रा निकाली गई और उसे छोटी पुल के नीचे ले जाया गया। यहां हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद प्रतीकात्मक रूप से अस्थियां एकत्र की गईं और उन्हें प्रयागराज ले जाकर विसर्जित किया गया। आंदोलनकारियों के मुताबिक इसके जरिए उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि समाज के मुद्दों पर आवाज नहीं उठाने वाले नेताओं को वे अपना प्रतिनिधि नहीं मानते। इसी विरोध की अगली कड़ी में शुक्रवार को रीवा के प्रसिद्ध शंकर मंदिर में तेरहवीं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां नेताओं की प्रतीकात्मक 'तेरहवीं' की रस्म पूरी की गई और ब्राह्मण भोज कराया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राम्हण सामाज के प्रदेश सचिव सतीश चौबे, जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, प्राशू तिवारी, अनुराग मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष की सहजता से बालाघाट में चर्चा जोरों पर

काफिला रोककर राहुल गांधी ने स्वीकार किया गुलाब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बालाघाट जिले के आदिवासी क्षेत्र बैहर विधानसभा दौरे के दौरान उनकी सहजता और आम लोगों के प्रति आत्मीयता का एक भावुक कर देने वाला दृश्य सामने आया।



आदिवासी परिवारों से मुलाकात और कार्यक्रमों के बाद जब राहुल गांधी बालाघाट होते हुए वापसी के लिए जा रहे थे, तभी खुरसोडी गांव के समीप 42 वर्षीय बालाघाट की बेटी रश्मि तांडी की इच्छा हुई कि वह राहुल गांधी से मिलकर उन्हें गुलाब का फूल भेंट करे। रश्मि ने अपनी यह इच्छा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय कृष्णा डिगरू से साझा की। जय कृष्णा डिगरू ने बताया कि यह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, लेकिन यदि रश्मि की इच्छा है तो वह सड़क किनारे हमारे साथ खड़े होकर प्रयास कर सकती है। इसके बाद रश्मि पूरे आत्मविश्वास के साथ सड़क किनारे हाथ में गुलाब का फूल लेकर खड़ी हो गई। राहुल गांधी के काफिले के गुजरने के दौरान वह "राहुल गांधी जिंदाबाद" और "भारत माता की जय" के नारे लगाती रही। इसी दौरान राहुल गांधी की नजर सड़क किनारे खड़ी रश्मि पर पड़ी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और रश्मि से मुलाकात की। रश्मि ने उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया और राहुल गांधी ने भी सहजता से उसका अभिवादन स्वीकार करते हुए उससे हाथ मिलाया। महज कुछ क्षणों की यह मुलाकात रश्मि के लिए जिंदगी भर याद रहने वाला पल बन गई। जिस नेता से मिलने की इच्छा उसने मन में संजोई थी, उसी नेता ने उसके लिए अपना काफिला रुकवाकर उसे मिलने का अवसर दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि बड़े राजनीतिक पद पर होने के बावजूद आम लोगों से सहजता और आत्मीयता से मिलना किसी भी जनप्रतिनिधि के व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण पहचान हो सकती है। रश्मि के लिए वह गुलाब केवल एक फूल नहीं, बल्कि उसके जीवन की एक यादगार मुलाकात बन गया।

रामबाग में ज्वेलर्स की दुकान में सेंधमारी लाखों के जेवरात-नकदी ले गए चोर

रीवा। जिले के पनवार थाना क्षेत्र के रामबाग चौराहे में चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों ने दुकान की पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। चोरी की जानकारी शुक्रवार सुबह दुकान खुलने के बाद हुई। घटना सामने आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रामबाग निवासी सुभाष कुशवाहा रामबाग चौराहे में अलंकार ज्वेलर्स नाम से आभूषण की दुकान संचालित करते हैं। बताया गया कि 30 सितंबर की रात अज्ञात बदमाश दुकान के पीछे पहुंचे और दीवार तोड़कर भीतर



दाखिल हो गए। दुकान में प्रवेश करने के बाद चोरों ने वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी को समेटा तथा उसी रास्ते से बाहर निकलकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। दुकान की स्थिति देखकर उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई। जांच करने पर पीछे की दीवार में सेंधमारी के निशान मिले। इसके बाद चोरी की पुष्टि हुई। दुकानदार ने तत्काल पनवार पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुटाए साक्ष्य

सूचना मिलते ही पनवार थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान का निरीक्षण कर सेंधमारी के तरीके और बदमाशों के प्रवेश व बाहर निकलने वाले रास्ते की जानकारी जुटाई। इसके साथ ही दुकानदार से चोरी गए जेवरात और नकदी के संबंध में पूछताछ की गई। पुलिस अब दुकान में मौजूद सामान के मिलान के साथ चोरी गए आभूषणों की वास्तविक कीमत का आकलन करने में जुटी है।

सास को पीटकर गया था जेल, बाहर आते ही पत्नी का कत्ल!

पुश्तैनी जमीन का विवाद बना हत्या की वजह

अमलतास कॉलोनी में डेढ़ माह में दूसरी नृशंस हत्या, पति और साथी यूपी से गिरफ्तार, 2 मासूम बेसहारा

छतरपुर।

शहर की अमलतास कॉलोनी में शुक्रवार को दिनदहाड़े 26 वर्षीय ज्योति चौरसिया की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मृतका के पति लखन जोशी और उसके साथी को करीब पांच घंटे में उत्तर प्रदेश के ग्राम ननौरा से गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार, महाराजपुर निवासी ज्योति ने करीब आठ साल पहले लखन जोशी से प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच पुश्तैनी कृषि भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि कुछ महीने पहले लखन ने अपनी सास के साथ मारपीट की थी, जिसके मामले में उसे जेल भेजा गया था। वह दो दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। शुक्रवार सुबह ज्योति बाजार गई थी। लौटते समय घर के पास बाइक सवार दो लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय उसके दोनों बच्चे घर में सो रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पता लगाया और उन्हें उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में जमीन का विवाद हत्या की वजह माना जा रहा है। पुलिस वारदात में इस्तेमाल हथियार, बाइक और अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच कर रही है।

2 मासूमों पर टूटा दुखों का पहाड़

इस वारदात ने 2 छोटे बच्चों की जिंदगी को मुश्किलों में डाल दिया है। मां की हत्या हो गई और पिता हत्या के मामले में गिरफ्तार है। दोनों मासूमों के सामने अब परवरिश और भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। अमलतास कॉलोनी में डेढ़ माह के भीतर दूसरी हत्या से क्षेत्र के लोगों में भी चिंता का माहौल है।

नैनपुर में भूमिहीन परिवारों को मिलेंगे 223 भूखंड


मण्डला। नैनपुर नगरीय क्षेत्र में लंबे समय से भूखंड की प्रतीक्षा कर रहे भूमिहीन पात्र परिवारों के लिए राहत की खबर है। कलेक्टर मंडला श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका नैनपुर द्वारा भूमिहीन व्यक्तियों को भूखंड उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कार्यवाही पूर्ण की गई है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 11 सितंबर 2026 को आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पालिका नैनपुर ने न्यायालय कलेक्टर मंडला द्वारा नगर पालिका को आवंटित भूमि खसरा क्रमांक 43, इटका नैनपुर, रकबा 4.014 हेक्टेयर पर पात्र हितग्राहियों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना एवं लेआउट प्लान तैयार किया है। तैयार लेआउट प्लान में लगभग 450 वर्गफुट से 700 वर्गफुट क्षेत्रफल के 223 भूखंड प्रस्तावित किए गए हैं। इन भूखंडों पर सड़क, नाली, पाइपलाइन, विद्युत सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को समाहित किया गया है।

क्या आपने कभी सोचा है कि जिस धरती पर हम सांस ले रहे हैं, वह हमेशा ऐसी ही रहेगी? विज्ञान कहता है- नहीं। सुपरकंप्यूटर की एक डरावनी भविष्यवाणी के मुताबिक, एक दिन हमारी धरती से ऑक्सीजन पूरी तरह गायब हो जाएगी। इंसानों और जीव-जंतुओं का वजूद पूरी तरह खत्म होना तय है।

सुपरकंप्यूटर ने दिखाई पृथ्वी के भविष्य की डरावनी तस्वीर

लंदन। साल 2021 में वैज्ञानिक काजुमी ओजाकी और क्रिस्टोफर टी. रेनहार्ड ने सुपरकंप्यूटर की मदद से धरती के भविष्य का एक मॉडल तैयार किया था। इस रिसर्च के मुताबिक, हमारी सांसों में बसने वाली ऑक्सीजन सिर्फ अगले 108 करोड़ साल तक ही टिक पाएगी। इसके बाद धरती का माहौल ऐसा हो जाएगा कि यहां किसी भी जटिल जीव का जिंदा रहना नामुमकिन होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि जैसे-जैसे सूरज की गर्मी और रोशनी बढ़ेगी, धरती का पूरा क्लाइमेट और कार्बन चक्र बिगड़ जाएगा। नतीजा यह होगा कि पहले पेड़-पौधों के लिए जरूरी कार्बन डाइऑक्साइड कम होगी, जिससे वे दम तोड़ देंगे। पेड़ नहीं होंगे, तो ऑक्सीजन बनना बंद हो जाएगी। पूरी धरती वापस उसी प्राचीन दौर में लौट जाएगी, जब यहां सिर्फ छोटे बैक्टीरिया हुआ करते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि समुद्र का पानी सूखने से बहुत पहले ही हमारी ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी।

पहले ऑक्सीजन खत्म होगी, फिर धरती होगी बंजर



क्या है असली सबक?

इस वैज्ञानिक चेतावनी का सीधा सा मतलब यह है कि किसी ग्रह पर जीवन होने का मतलब यह नहीं कि वहां हमेशा ऑक्सीजन रहेगी ही। ब्रह्मांड में जीवन की खोज कर रहे वैज्ञानिकों को अब ऑक्सीजन के अलावा दूसरे संकेतों पर भी ध्यान देना होगा। धरती का अंत तय है, बस देखना यह है कि पहले ऑक्सीजन साथ छोड़ती है या सूरज की तपिश।



जब सुलग उठेगी धरती

कहानी यहीं खत्म नहीं होती। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल की एक दूसरी रिसर्च बताती है कि ऑक्सीजन खत्म होने से बहुत पहले ही एक और बड़ी आफत आ सकती है। कंप्यूटर मॉडलिंग के अनुसार, करोड़ों साल बाद धरती के सारे महाद्वीप आपस में जुड़कर एक विशालकाय सुपरकॉन्टिनेंट बना लेंगे, जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। जब यह महाद्वीप बनेगा, तो ज्वालामुखी फटने की घटनाएं आम हो जाएंगी। चारों तरफ सिर्फ उमस और खौफनाक गर्मी होगी। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा और कुछ इलाकों में तो यह रिकॉर्ड तोड़ देगा। इंसानों और स्तनधारी जीवों के लिए इस झुलसाने वाली गर्मी में खुद को ठंडा रख पाना और भोजन-पानी जुटाना नामुमकिन हो जाएगा।

रोचक खबरें

नर से मादा बन जाते हैं ये जीव! आखिर क्यों बदलते हैं अपना जेंडर



सिर्फ क्लाउनफिश ही नहीं, कई जीवों में होती है ऐसी प्रक्रिया

लिंग परिवर्तन केवल क्लाउनफिश तक सीमित नहीं है। कुछ समुद्री मछलियां और अन्य जीव भी अपने जीवन में लिंग बदल सकते हैं।कई प्रजातियों में यह बदलाव सामाजिक स्थिति, साथी की उपलब्धता, उम्र या समूह की संरचना से जुड़ा होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, अलग-अलग प्रजातियों में लिंग परिवर्तन का तरीका और कारण एक जैसा नहीं होता. कुछ जीव नर से मादा बनते हैं, जबकि कुछ मादा से नर में बदलते हैं।

नई दिल्ली। प्रकृति अपने अंदर ऐसे कई रहस्य छिपाए हुए है, जिन्हें जानकर इंसान भी हैरान रह जाता है। दुनिया में कुछ ऐसे जीव पाए जाते हैं, जो अपनी जिंदगी के दौरान नर से मादा या मादा से नर में बदल सकते हैं।सुनने में यह भले ही अजीब लगे, लेकिन समुद्री जीवों की दुनिया में यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसका मुख्य कारण बदलते पर्यावरण के अनुसार खुद को ढालना होता है। कुछ जीवों में लिंग परिवर्तन उनके जीवन चक्र का सामान्य हिस्सा होता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में अनुक्रमिक उभयलिंगीता कहा जाता है। यानी कोई जीव अपनी जिंदगी की शुरुआत एक लिंग के रूप में कर सकता है और बाद में परिस्थितियों के अनुसार दूसरे लिंग में बदल सकता है। यह बदलाव अचानक नहीं होता, बल्कि शरीर में होने वाले हार्मोनल और जैविक परिवर्तनों के जरिए धीरे-धीरे पूरा होता है। क्लाउनफिश इस प्रक्रिया का सबसे चर्चित उदाहरण है। इनके समूह में आमतौर पर एक प्रमुख मादा और उसके साथ कई नर रहते हैं।यदि समूह की प्रमुख मादा मर जाती है, तो सबसे बड़ा नर मादा में बदल सकता है। इसके बाद समूह का अगला बड़ा नर प्रजनन करने वाला नर बन जाता है। इस तरह समूह में प्रजनन की व्यवस्था बनी रहती है और किसी नए जीव के आने का इंतजार नहीं करना पड़ता।

शिकागो में मिला डायनासोर से भी पुराना जीव, दो स्टूडेंट साइंटिस्ट्स ने उसे दिया अपनी मां का नाम



न्यूयार्क। शिकागो के फील्ड म्यूजियम में इंटर्न के तौर पर काम करने वाली दो छात्राओं ने एक ऐसे नए जीव की खोज की है, जो धरती पर डायनासोर के आने से भी बहुत पहले मौजूद थे। करीब 40 करोड़ साल पुराने इस जीव को दोनों छात्राओं ने अपनी मां का नाम दिया है। देखने में यह जीव आज के मेंढक और छिपकली जैसा है, बस साइज में थोड़ा गोल-मटोल है। साइंटिस्ट इसे इन्हीं का पूर्वज कह रहे हैं। विज्ञान की भाषा में इसे जीनरपेटॉन माजोनेंसिस नाम दिया गया है। साइंटिस्ट का कहना है कि ये दलदल की मिट्टी में बहुत तेजी से दबा था, इसीलिए 40 करोड़ साल बाद भी इस जीवाश्म में जीव की पीठ के शल्क, पेट की छोटी पसलियां और यहां तक की आंखों के निशान भी बिल्कुल साफ आ रहे हैं। फील्ड म्यूजियम की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जीव को कई साल पहले एक शख्स ने इलिनोइस की माजोन क्रीक नाम की जगह से ढूंढकर म्यूजियम को दान कर दिया था। उस वक्त साइंटिस्ट्स ने इसकी गहराई से जांच नहीं की थी और इसे एक आम जीव समझकर डिब्बे में बंद कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, सालों पुरानी इस भूल को पेटन कोहलबर्ग और एलिसन सेफकोविच नाम की दो स्टूडेंट साइंटिस्ट्स ने सुधारा। जब इन दोनों ने जीवाश्म की बारीकी से जांच की, तो पता चला कि यह कोई आम जीव नहीं, बल्कि बिल्कुल ही एक नई प्रजाति है। जब इस नई प्रजाति का नाम रखने की बारी आई, तो दोनों ने अपनी-अपनी मां को सम्मान देने का फैसला किया। इत्तेफाक से दोनों की मां का नाम 'जीन' है।

मिसाल

भव्यता देख झूम उठेगा मन

20 बीघा में घर, 100 खिड़की-दरवाजे ऐसे रहता है किसान का संयुक्त परिवार

नई दिल्ली। पश्चिम यूपी की पहचान किसान बेल्ट के रूप में होती है। पश्चिमी यूपी में आज भी संयुक्त परिवार का भी चलन हैं। यहां किसानों के एक से बढ़कर एक भव्य मकान हैं। ऐसा ही एक मकान बुढ़ाना तहसील के पास शाहडब्बर गांव में है। यह मकान एक चौधरी परिवार फूल सिंह का है जो कि 20 बीघे में बना हुआ है। मकान शाहपुरा ब्लॉक रोड पर है। पूरे इलाके में ऐसा घर ढूंढने से भी नहीं मिलता। किसान परिवार का यह घर किसी महल से कम नहीं है। चार भाइयों के परिवार में 60 सदस्य हैं। 35 सदस्य गांव में रहते हैं। परिवार के कई सदस्य सरकारी नौकरी में भी हैं। 650 बीघा जमीन है। घर में 5-6 ट्रैक्टर और इतनी ही लग्जरी कार हैं। मुजफ्फरनगर जिले की बुढ़ाना तहसील के गांव शाहडब्बर से शाहपुर जाते समय लोगों की नजर अक्सर एक मकान पर ठहरती है।



अभी भी नहीं हुआ है जमीन का बंटवारा

पूरे परिवार में 80 से ज्यादा गाय-भैंसे हैं। नागौरी बैल भी हैं। दो घोड़ी भी हैं। चारों भाइयों के घर अलग-अलग जरूर हैं, लेकिन जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है। हर घर में दो-तीन ट्रैक्टर हैं। परिवार के पास करीब 6-7 ट्रैक्टर हैं और इतनी ही लग्जरी कारें हैं। हर घर में सब्जी उगाई जाती है। यह किसान परिवार गन्ने की खेती के लिए जाना जाता है। इस परिवार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके सदस्य नशा-शराब से दूर हैं। पूरे परिवार का खाना कभी एक ही चूल्हे पर बनता था। अब घर अलग-अलग हो गए हैं, लेकिन तीज-त्योहार साथ में बनाते हैं। जमीन का बंटवारा अभी भी नहीं हुआ है। परिवार में मेल-जोल बहुत ज्यादा है। भाई-भाई में प्यार है। गांव में पहला ट्रैक्टर इसी घर में आया था। पहले ऊंट भी इस घर में था। परिवार का एक ही मूल मंत्र है, अपने काम पर ध्यान देना। जो सदस्य खेती-बाड़ी कर रहे हैं, वो खेती करते हैं, कुछ पढ़ाई तो कुछ बिजनेस कर रहे हैं।

पूरे परिवार में 60 सदस्य

मकान सड़क किनारे बना हुआ है। यह मकान करीब 20 बीघा में फैला हुआ है। मकान स्वर्गीय फूल सिंह चौधरी का है जिनके पास 200 बीघा जमीन थी। उनके चार बेटों ने अपनी मेहनत के बल पर करीब 450 बीघा जमीन खरीदी है। चार भाइयों के 12 बेटे हुए। पूरे परिवार में 60 सदस्य हैं, 35 गांव में रहते हैं। हर भाई का मकान करीब 5 बीघा में बना हुआ है। हर मकान की डिजाइन एक जैसी है।



घर में गिर गाय और मुर्रा भैंस भी

घर में गिर गाय भी है। 18 किलो दूध देने वाली मुर्रा भैंस भी हैं। इस परिवार के पास कभी ऊंट-घोड़ा भी था। परिवार की समृद्धि का सबसे बड़ा राज एकजुटता है। पूर्वजों ने एकजुट रहने की सलाह दी, जिसका पालन आज भी यह चौधरी परिवार कर रहा है। घर पर ही पूरा परिवार सब्जी उगाता है। कभी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह इस घर में आते थे। घर में 60 से ज्यादा कमरे हैं।

इराक में है दुनिया का सबसे पुराना पुल, 4000 साल पहले का इतिहास



बगदाद। दुनिया की सबसे पहली सड़क और इमारत का जिक्र जब भी होता है, तो हर किसी के मन में यह सवाल जरूर उठता है कि आखिर इंसानों द्वारा बनाया गया सबसे पहला पुल कहां होगा? इस सवाल का जवाब छुपा है मध्य पूर्व के देश इराक के रेगिस्तानी इलाके में। आधुनिक इराक के बगदाद और बसरा शहर के ठीक बीचो-बीच गिरसू नाम का एक प्राचीन शहर बसा हुआ है। लगभग 5,000 साल पुराना यह शहर सुमेरियन सभ्यता की राजधानी हुआ करता था। इसी पौराणिक शहर की पुरातात्विक खुदाई में पकी हुई लाल ईंटों से बना एक ऐसा ढांचा मिला है, जिसे आधुनिक विज्ञान और इतिहासकार दुनिया का सबसे पुराना पुल मानते हैं। इसका इतिहास करीब 4,000 साल पुराना है। इंसानी इंजीनियरिंग की इस अद्भुत मिसाल की कहानी जितनी हैरान करने वाली है, उतनी ही दर्दनाक भी रही है। इस ऐतिहासिक शहर की पहली खुदाई साल 1877 में फ्रांसीसी पुरातत्वविदों की एक टीम ने शुरू की थी।

100 सालों तक बदहाली की हालत में था यह अनमोल पुल

अफसोस की बात यह रही कि 1920 में खोजे जाने के बावजूद इस अनमोल पुल को करीब 100 सालों तक खुले आसमान के नीचे बेदरो-बदली हालत में छोड़ दिया गया। आज आधुनिक दौर में इस प्राचीन गिरसू शहर को अरबी भाषा में तिल्लो कहा जाता है। लंबे अरसे से लावारिस पड़े इस 4,000 साल पुराने पुल को बचाने के लिए कुछ साल पहले बड़ी वैश्विक पहल शुरू हुई। ब्रिटिश म्यूजियम, यूके सरकार की आर्थिक मदद से इस ऐतिहासिक जगह को बचाने का काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत इराकी पुरातत्वविदों को सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने और ऐतिहासिक इमारतों को नया जीवन देने की स्पेशल ट्रेनिंग दी जा रही है।

लद्दाखी बालान गाय का छाछ है सबसे महंगा, बिकता है घी के भाव

नई दिल्ली। यूपी-राजस्थान-हरियाणा, एमपी-बिहार और गुजरात में किसान साहीवाल, गिर और राठी जैसे कई दुधारू नस्ल की गाय पालते हैं। देश के बाकी राज्यों की तरह लद्दाख में 'लद्दाखी बालान' को लोग पालते हैं। यह गाय की स्थानीय नस्ल है। यह गाय माइनस 20 डिग्री तक सर्वाइव करती है। इसका घी 2500 रुपये प्रति किलो तक बिकता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस गाय के छाछ से एक ऐसी चीज बनाई जाती है जो 1200 से 1500 रुपए प्रति किलो बिकती है। इस पनीर को दुनिया का सबसे हार्ड पनीर माना जाता है। लद्दाख में गाय पालना आसान नहीं है। करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई-बर्फबारी, कम ऑक्सीजन और खराब मौसम लेकिन प्रकृति के बीच यहां के लोग हिमालयी गाय पालते हैं। इस गाय के दूध से 'छुर्पे' नाम की पनीर बनती है। यह दुनिया की सबसे सख्त पनीर मानी जाती है। इस गाय के दूध से ऐसा दुर्लभ घी बनता है जो ताकत का अनूठा खजाना है। लद्दाख के युवा व्यवसायी लोटस ग्याल्त्सन लद्दाख के खारू में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट लगाए हुए हैं। घी-बटर बनाते हैं।

बंदर को बेटे की तरह पाला, पूरी संपत्ति कर दी थी नाम



नई दिल्ली। आपने बहुत से बंदरों के बारे में सुना होगा. बंदरों को अक्सर पेड़ों पर उछलते-कूदते या लोगों के आसपास घूमते देखा जाता है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे बंदर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी जिंदगी किसी आम बंदर से बिल्कुल अलग थी। यूपी के रायबरेली के रहने वाले राजेश श्रीवास्तव हिंदू थे, जबकि शबिस्ता मुस्लिम थीं. दोनों ने धर्म की दीवारें तोड़कर शादी की, लेकिन इसके बाद समाज और उनके अपने परिवारों ने उन्हें अपनाने से इनकार कर दिया। सामाजिक बहिष्कार के चलते यह कपल कई सालों तक अकेलेपन का सामना करता रहा। इसी तन्हाई को दूर करने के लिए साल 2005 में उनकी जिंदगी में 'चुनमुन' की एंट्री हुई।बताया जाता है कि राजेश और शबिस्ता ने चुनमुन को साल 2005 में करीब 500 रुपए में खरीदा था। उसकी मां की बिजली का झटका लगने से मौत हो चुकी थी। मां के बिना वह छोटा बंदर अकेला था। कपल ने उसे अपने पास रख लिया और धीरे-धीरे उससे उनका लगाव बढ़ता चला गया। राजेश और शबिस्ता ने चुनमुन को कभी सिर्फ पालतू जानवर की तरह नहीं देखा। दोनों उसे अपने बेटे की तरह पालने लगे। उसकी हर जरूरत का ख्याल रखा जाता था और घर में उसके लिए अलग इंतजाम किए गए थे।

पूरी संपत्ति की वसीयत तैयार की थी : चुनमुन की जब मौत हो गई, तो महिला ने अपने घर में उसका मंदिर बनवा दिया। मंदिर में राम-लक्ष्मण और सीता के साथ बंदर की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई. इस मौके पर भंडारा भी कराया गया था। इस कहानी का सबसे खास हिस्सा कपल का वह फैसला था, जो उन्होंने अपनी संपत्ति को लेकर लिया। जिन रिश्तेदारों ने मुश्किल वक्त में उनका साथ नहीं दिया, उनसे अलग उन्होंने चुनमुन को अपना सबसे करीबी माना। बताया जाता है कि राजेश और शबिस्ता ने अपनी पूरी संपत्ति चुनमुन के नाम करने की वसीयत तैयार की थी। उनके लिए चुनमुन सिर्फ एक बंदर नहीं था। वह उस समय उनके परिवार का हिस्सा बना, जब दोनों खुद को बेहद अकेला महसूस करते थे।

अनूठी परंपरा खतरनाक मगरमच्छों के साथ पूरी तरह से मेल-मिलाप और सद्भाव से रहते हैं

अनोखा तालाब; सौ से ज्यादा मगरमच्छ फिर भी बेखौफ नहाते हैं लोग

औगाडौगू। दुनियाभर में ऐसी कई अद्भुत और रहस्यमयी जगहें हैं, जो इंसानों और जानवरों के बीच के अनोखे रिश्ते को बयां करती हैं। इनमें से कुछ जगहें हर किसी को हैरान कर देती हैं। ऐसी ही एक जगह अफ्रीकी देश बुरकीना फासो की राजधानी औगाडौगू से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बाजोले गांव है, जो एक विशाल झील के किनारे बसा हुआ है। यहां की परंपरा पूरी दुनिया में बिल्कुल अनूठी है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इस गांव में पिछले कई पीढ़ियों से स्थानीय निवासी सौ से अधिक खतरनाक मगरमच्छों के साथ पूरी तरह से मेल-मिलाप और सद्भाव के साथ रह रहे हैं। ये लोग मगरमच्छों से भरे तालाब में बेखौफ होकर नहाते हैं, घरेलू काम करते हैं, लेकिन मगरमच्छ इन्हें चोट नहीं पहुंचाते और ना ही शिकार करने की कोशिश करते हैं। बाजोले के ये मगरमच्छ बड़े और अधिक आक्रामक माने जाने वाले नील नदी के मगरमच्छों की फैमिली से हैं। ये अपनी एक अलग प्रजाति से ताल्लुक रखते हैं, जिसे क्रोकोडिलस सूचस कहा जाता है।



बदलते पर्यावरण के साथ खुद को पूरी तरह ढाल लिया

इन्हें पश्चिमी अफ्रीकी मगरमच्छ या मरुस्थलीय मगरमच्छ के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि ये मुख्य रूप से जंगली क्षेत्रों और खुले आवासों में पाए जाते हैं। इन मगरमच्छों या यूं कहें कि उनके पूर्वजों ने उत्तरी अफ्रीका के बदलते पर्यावरण के साथ खुद को पूरी तरह ढाल लिया है। आज से लगभग 10,000 साल पहले जहां हरी-भरी सवाना और घास के मैदान हुआ करते थे, वे आज गर्म और शुष्क सहारा रेगिस्तान में बदल चुके हैं, लेकिन इन जीवों ने हर स्थिति में खुद को जीवित रखा है। नील नदी के मगरमच्छ जहां रहने के लिए बड़ी मौसमी नदियों को पसंद करते हैं, तो पश्चिमी अफ्रीका के मगरमच्छ मुख्य रूप से जंगलों के भीतर स्थित लैगून और आर्द्रभूमि को अधिक पसंद करते हैं।

मगरमच्छों का करते हैं आदर

पश्चिमी अफ्रीकी मगरमच्छ नील नदी के मगरमच्छों की तुलना में काफी कम आक्रामक होते हैं और आम तौर पर इंसानों पर हमला नहीं करते हैं। बाजोले की तरह ही पूरे पश्चिमी अफ्रीका में कई ऐसे समुदाय हैं, जो इन मगरमच्छों के बेहद करीब रहते हैं। यहां तक कि उनसे डरने के बजाय उनका आदर करते हैं तथा उन्हें किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं। बाजले के लोगों का अटूट विश्वास है कि ये मगरमच्छ बारिश के साथ आसमान से उतरे थे और यदि ये मगरमच्छ यहां से गायब हो गए, तो तालाब का पानी भी हमेशा के लिए सूख जाएगा। पवित्र मगरमच्छों की ऐसी ही अद्भुत बस्तियां मध्य-पश्चिमी बुरकीना फासो के साबो शहर में भी देखने को मिलती हैं। इसके अलावा बुरकीना फासो की सीमा से सटे घाना देश में पगा नाम का एक ऐसा शहर भी है, जहां मगरमच्छों का अपना एक समूह इंसानों के ठीक बगल में शांति से निवास करता है। बाजोले और पगा दोनों ही जगहों पर विशेष गाइड मौजूद होते हैं, जो मुर्गे को चारे के रूप में इस्तेमाल करके इन मगरमच्छों को पानी से बाहर आकर्षित करते हैं, ताकि दूर से आने वाले पर्यटक उन्हें सहला सकें और उनके साथ अपनी यादगार तस्वीरें खिंचवा सकें।

प्रीमियम वाइन शॉप कैशलेस

अब ऑनलाइन पेमेंट पर ही मिलेगी शराब

रायपुर

प्रदेश शासन तथा आबकारी विभाग के आदेश पर गुरुवार से प्रदेश की सभी प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों में शराब खरीदी करने कैशलेस सुविधा शुरू कर दी गई है। कैश में शराब बिक्री पूरी तरह से बंद कर दी गई है। शराब खरीदने ग्राहकों को यूपीआई तथा कार्ड से पेमेंट करना पड़ रहा है। पहले दिन रायपुर की कई प्रीमियम शॉप में ट्रांजेक्शन में परेशानी होने की बात सामने आई है। इसके लिए सेल्समैन समेत शराब खरीदने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसलिए ऑनलाइन बिक्री

शराब दुकान में तय कीमत से ज्यादा कीमत पर शराब बिक्री करने की शिकायतें मिलती रहती हैं। साथ ही शराब दुकान में काम करने वाले सेल्समैन तथा अन्य के खिलाफ पैसों की अफरातफरी की शिकायतें भी होती रहती हैं। शासन ने सभी प्रीमियम शॉप से कैशलेस शराब बिक्री करने का निर्णय लिया है। इससे शराब की कीमत को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी।

टैक्स-ई-20 पेट्रोल की मार, 80 फीसदी चौपट हो गया पुरानी कारों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी का सपना अपने घर के साथ ही कार का भी होता है। जो मध्यम वर्ग नई कार नहीं ले पाते, वे पुरानी कार खरीदकर अपना सपना पूरा करते हैं। प्रदेश में कुछ समय पहले तक पुरानी कारों का बड़ा कारोबार होता था। हर माह नई कारों से डबल करीब दस हजार से ज्यादा कारें बिकती थीं, लेकिन अब पुरानी कारों का धंधा 80 फीसदी चौपट हो गया है। इसके पीछे का कारण कारोबारी टैक्स और ई-20 पेट्रोल को बताते हैं। इस कारण अब हर माह मुश्किल से दो हजार कारें ही बिक पा रही हैं। आने वाले समय में इसका कारोबार पूरी तरह से चौपट होने की संभावना है। अपने प्रदेश में भी पुरानी कारों का बड़ा बाजार है। राजधानी रायपुर के साथ ही दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर और कोरबा सहित कई शहरों में पुरानी कारें बेचने वाले बहुत कारोबारी हैं। सबसे बड़ा कारोबार दुर्ग-भिलाई और रायपुर में होता है। रायपुर में तो मारुति कार बेचने वाली कंपनी का भी पुरानी कारें बेचने का कारोबार है। अन्य शहरों में भी मारुति कार कंपनी के डीलर पुरानी कारें बेचते हैं। कुछ और कंपनियों के डीलर भी पुरानी कारें बेचने का काम करते हैं।



कम बजट की कारें ही बिक रहीं

कारोबारियों के मुताबिक, अभी जो हर माह दो हजार कारें बिक रही हैं, वे सब कम बजट वाली हैं। इनकी कीमत एक से तीन लाख है। ज्यादा बजट वाली कारें लेने से लोग बच रहे हैं। पांच से दस लाख बजट वाली कारों का कारोबार लगभग नहीं के बराबर हो गया है। जिनके पास पांच से दस लाख का बजट है, वे इतने बजट वाली नई कार लेना पसंद कर रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक, जिन कारोबारियों के यहां हर माह 50 से 100 कारें बिक जाती थीं, अब मुश्किल से 10 से 20 कारें ही बिक रही हैं।

खबर संक्षेप

डॉव सॉफ्ट आईपीओ से जुटाएगी 73.26 करोड़

मुंबई। डॉव सॉफ्ट लिमिटेड आईपीओ के जरिए 73.26 करोड़ रुपए जुटा रही है। कंपनी का आईपीओ सोमवार, 5 अक्टूबर को बंद होगा। इसके लिए शेयर का मूल्य दायरा 104 से 111 रुपए तय किया गया है और कंपनी की बीएसई एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होने की योजना है। आईपीओ में 53.28 लाख नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 12.72 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। आईपीओ से जुड़ी जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 से 2026 के बीच कंपनी का राजस्व 46 प्रतिशत और कर पश्चात लाभ 42 प्रतिशत बढ़ा।

सैमसंग ने पेश की गैलेक्सी टैब एस12 श्रृंखला

सियोल। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी टैब एस12 श्रृंखला पेश कर दी है। इसमें गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और गैलेक्सी टैब एस12 प्लस शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक नई श्रृंखला को बेहद पतले डिजाइन के साथ दमदार प्रदर्शन, लंबी बैटरी क्षमता और नवीनतम गैलेक्सी एआई सुविधाओं से लैस किया गया है। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा की मोटाई महज 5.1 मिलीमीटर है। कंपनी का दावा है कि यह उसका अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है।

सुमित ने 'नमस्ते बडी' पेशकश की

नई दिल्ली। कॉइनडीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता ने एआई आधारित स्टार्टअप 'नमस्ते बडी' के संस्थापकों को मार्गदर्शन और सलाह देने की पेशकश की है। यह स्टार्टअप छोटे शहरों और गांवों के बच्चों को एआई की मदद से अंग्रेजी में बातचीत का अभ्यास कराने पर काम कर रहा है। गुप्ता की नजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नमस्ते बडी से जुड़ी एक पोस्ट पर पड़ी।

आर्मा कैपिटल ने किया 10 करोड़ का निवेश

मुंबई । महाराष्ट्र स्थित आर्मा कैपिटल ने हैदराबाद मुख्यालय वाले ईबीजी समूह के स्वास्थ्य, खान-पान और पारिवारिक मनोरंजन कारोबार में 10 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही आर्मा कैपिटल की समूह के कई उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांडों में भागीदारी हो गई है। निवेश के तहत मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ स्थित तीन कार्लटन वेलनेस सेंटर के साथ हैदराबाद में नाटुफ कैफे, अधिरा एंड अप्पा कैफे और छोटा भीम फैमिली कैफे के लिए फ्रेंचाइजी साझेदारी शामिल है।

ट्रांसपोर्टरों ने कहा-कोकता को मुख्य ट्रक टर्मिनल एवं लॉजिस्टिक हब विकसित करने की मांग

ट्रांसपोर्ट नगर को आवासीय बनाने पर भड़के ट्रांसपोर्टर पदाधिकारी बोले-इंदौर वाली गलती भोपाल में न हो

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मास्टर प्लान-2047 में ट्रांसपोर्ट व्यवस्था के प्रस्तावों को लेकर भोपाल ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन ने आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने सवाल उठाया है कि जब कोकता में रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर पहले से विकसित है, तो मुख्य ट्रक टर्मिनल को शहर से बाहर अवारपुर, बंगरसिया, भैरोपुर, सतगड़ी, भानपुर और आदमपुर जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में प्रस्तावित करने की जरूरत क्यों है? एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन मंत्री और परिवहन विभाग से मांग की है कि कोकता स्थित रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर को ही भोपाल का मुख्य ट्रक टर्मिनल रखा जाए। इसके आसपास की जमीन को आवासीय उपयोग के बजाय थोक व्यापारियों के गोदाम, लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के लिए आरक्षित किया जाए।

एसोसिएशन ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के आसपास आवासीय कॉलोनियां विकसित होने से बाद में भारी वाहनों की आवाजाही और रहवासी क्षेत्रों के बीच टकराव की स्थिति बनती है। संगठन का सवाल है कि जिस तरह की समस्या इंदौर में सामने आई, वही स्थिति भोपाल में क्यों तैयार की जा रही है? एसोसिएशन के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर का मूल उद्देश्य ट्रांसपोर्ट, गोदाम, लोडिंग-अनलोडिंग और उससे जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जगह उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके आसपास आवासीय उपयोग बढ़ाने के बजाय इसे एकीकृत कमर्शियल और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

1. थोक व्यापारियों के गोदाम लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट गतिविधियों के लिए आरक्षित किया जाए
2. आवासीय के बजाए एकीकृत कमर्शियल और लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित किया जाए



गोदाम शहर से बाहर हों ट्रक टर्मिनल नहीं

ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने मास्टर प्लान के लिए अलग मॉडल सुझाया है। उनका कहना है कि शहर के भीतर संचालित थोक व्यापारियों के गोदामों को चरणबद्ध तरीके से बाहर निर्धारित व्यावसायिक क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाए, लेकिन मौजूदा ट्रांसपोर्ट टर्मिनल को और दूर ले जाने के बजाय कोकता में ही मजबूत किया जाए। एसोसिएशन का तर्क है कि इससे भारी वाहनों की शहर के अंदर आवाजाही कम होगी। कोकता में ट्रांसपोर्ट नगर, गोदाम, थोक व्यापार और लॉजिस्टिक गतिविधियों को एक ही कॉरिडोर में विकसित करने से माल की लोडिंग-अनलोडिंग और परिवहन व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित हो सकती है।

बाहरी इलाकों में टर्मिनल बनाने पर अतिरिक्त दूरी का दिया तर्क



एसोसिएशन के अनुसार मास्टर प्लान में अवारपुर, बंगरसिया, भैरोपुर, सतगड़ी, भानपुर और आदमपुर जैसे बाहरी क्षेत्रों में ट्रक टर्मिनल प्रस्तावित किए गए हैं। संगठन का कहना है कि ऐसे स्थानों पर टर्मिनल बनने से भोपाल के व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को माल लाने-ले जाने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और परिवहन लागत बढ़ सकती है। व्यापारियों का कहना है कि भोपाल के बाहर से आने वाला और शहर से बाहर जाने वाला माल यदि कोकता स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के माध्यम से व्यवस्थित किया जाए तो ट्रांसपोर्ट, थोक व्यापार और वेयरहाउसिंग को एक ही क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है।

ठाकुरलाल राजपूत बोले नाम का नहीं, काम का ट्रांसपोर्ट नगर चाहिए



भोपाल ट्रांसपोर्ट कम्पनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि मास्टर प्लान-2047 को अंतिम रूप देने से पहले ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों की आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। एसोसिएशन की मांग है कि रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर, कोकता को केवल नाम का ट्रांसपोर्ट नगर न रखा जाए, बल्कि इसे भोपाल के मुख्य ट्रक टर्मिनल, थोक व्यापार, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक गतिविधियों के एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। कोकता के आसपास कमर्शियल, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक जोन विकसित कर भोपाल की माल परिवहन व्यवस्था को एकीकृत स्वरूप देने की मांग की गई है।

अशोक गुप्ता (असाटी) बोले-आज का फैसला, कल की परेशानी न बने



भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर कोकता अध्यक्ष, अशोक गुप्ता (असाटी) का कहना है कि मास्टर प्लान आने वाले दशकों में शहर की दिशा तय करता है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास अभी आवासीय उपयोग बढ़ाया गया तो भविष्य में रहवासियों और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच विवाद, यातायात दबाव और समस्याएं बढ़ सकती हैं। गुप्ता ने दो टूक कहा है कि शहर के भीतर के थोक गोदाम बाहर किए जाएं, लेकिन ट्रांसपोर्ट टर्मिनल को कोकता से और दूर ले जाने के बजाय यहीं मजबूत किया जाए।

दशहरे से पहले चीनी का नया कोटा जारी, कीमतों पर सरकार की नजर

13 लाख टन का आवंटन, डीलरों की स्टॉक की सीमा 1,000 क्विंटल हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नवरात्र और दशहरा से पहले सरकार ने घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए 13 लाख टन चीनी का नया बिक्री कोटा जारी किया है। कुल आवंटन का करीब 83 फीसदी हिस्सा देश के तीन प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक को मिला है। राज्यवार आवंटन में महाराष्ट्र को 4.39 लाख टन, उत्तर प्रदेश को 4.18 लाख टन और कर्नाटक को 2.20 लाख टन चीनी दी गई है। वहीं, जिन रिफाइनरियों को पहले घरेलू बाजार में सीमित मात्रा में आयातित चीनी बेचने की अनुमति मिली थी, उन्हें पिछले दो आवंटनों की तरह इस बार भी 1 लाख टन का कोटा दिया गया है।



आपूर्ति मजबूत रखने की कवायद

सरकार के इस कदम को त्योहारों से पहले बाजार में आपूर्ति मजबूत रखने की कवायद माना जा रहा है। दशहरा 20 अक्टूबर को है और इस दौरान मिठाई तथा अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ने की संभावना रहती है। चीनी की कीमतों पर दबाव बनाए रखने के साथ सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए डीलरों की स्टॉक सीमा भी घटाई है। 15 अक्टूबर से देशभर में डीलर अधिकतम 1,000 क्विंटल चीनी रख सकेंगे। कोलकाता के विस्तारित महानगरीय क्षेत्र और असम में यह सीमा 2,000 क्विंटल होगी।

कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई

अगस्त में डीलरों की स्टॉक सीमा 4,000 क्विंटल थी, जिसे 15 सितंबर से घटाकर 2,000 क्विंटल किया गया था। अब इसमें फिर कटौती की गई है। अगस्त में चीनी की औसत खुदरा कीमत करीब 15 फीसदी, जबकि मिलों से निकलने वाली कीमत करीब 28 फीसदी घट चुकी थी। हालांकि पिछले तीन महीनों से कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं। नए कोटे और घटती स्टॉक सीमा से त्योहारों के दौरान आपूर्ति बनाए रखने के साथ कीमतों में और नरमी लाने की कोशिश की जा रही है।

424 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद विभाग को जांच का आदेश

हाईकोर्ट का फैसलाः सप्लायर की गलती पर व्यापारी का जीएसटी क्रेडिट नहीं कटेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी के इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने व्यापारियों के लिए अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सिर्फ सप्लायर द्वारा कर जमा नहीं करने, रिटर्न दाखिल न करने या उसका पंजीकरण रद्द होने के आधार पर खरीदार का इनपुट टैक्स क्रेडिट अपने-आप नहीं काटा जा सकता।

अदालत ने 1 अक्टूबर 2026 को शौर्या अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य से जुड़े मामलों में यह व्यवस्था दी। मुख्य मामला सीडब्ल्यूपी-34296-2024 है। अदालत ने जीएसटी कानून की धारा 16(2)(सी) की वैधता बरकरार रखी, लेकिन कहा कि इसका इस्तेमाल बिना जांच के यांत्रिक तरीके से नहीं किया जा सकता। अदालत के मुताबिक कर अधिकारियों को यह देखना होगा कि लेन-देन वास्तविक था या नहीं, माल या सेवा वास्तव में खरीदार को मिली या नहीं और खरीदार की भूमिका क्या थी।



सप्लायर की गलती जांच शुरू करने का आधार हो सकती है, लेकिन अकेले सप्लायर का चूक करना इनपुट टैक्स क्रेडिट काटने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। अदालत ने विभाग को यह भी निर्देश दिया कि कर नोटिस में जरूरी साक्ष्य दिए जाएं, खरीदार को अपना पक्ष रखने और सुनवाई का पूरा अवसर मिले तथा अंतिम आदेश तर्कसंगत हो। इस फैसले से उन कारोबारियों को राहत मिल सकती है जिनका कर क्रेडिट केवल सप्लायर की चूक के चलते विवाद में फंस गया था।

सोनालीका ने 6 माह में पार किया 1 लाख ट्रैक्टर बिक्री का आंकड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में भारत की नंबर-1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपने 30वें वर्ष में बिक्री का नया रिकॉर्ड कायम किया है। कंपनी ने अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच महज छह महीनों में 1 लाख ट्रैक्टरों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया। खास बात यह है कि करीब आठ साल पहले जिस बिक्री स्तर को हासिल करने में कंपनी को पूरा एक साल लगा था, अब वही उपलब्धि छह महीने में हासिल कर ली गई है। कंपनी के मुताबिक यह सफलता ट्रैक्टरों में लगातार तकनीकी सुधार, किसानों के साथ मजबूत जुड़ाव, बेहतर उत्पादन योजना और डीलर नेटवर्क के साथ प्रभावी तालमेल का परिणाम है। कंपनी ने इस उपलब्धि को अपने 'खुद से जीतने का दम' अभियान से जोड़ा है, जिसका उद्देश्य किसानों को अपने ही प्रदर्शन के रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रेरित करना है। त्योहारी सीजन में बढ़ने वाली मांग को देखते हुए सोनालीका ने उत्पादन और सप्लाई को भी मजबूत किया है। होशियारपुर स्थित कंपनी के प्लांट में 19 हजार ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन दर्ज किया गया है। इससे बाजार में ट्रैक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने के साथ डीलर नेटवर्क को भी मजबूत किया गया है।इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि प्रगति की असली पहचान खुद से आगे निकलना है।

मोर रिटेल की मोंट्रा इलेक्ट्रिक से साझेदारी

बेंगलुरु। प्रमुख सुपरमार्केट चेन मोर रिटेल अपनी मिड-माइल लॉजिस्टिक्स फ्लीट को इलेक्ट्रिक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। कंपनी ने मोंट्रा इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी कर अपने 600 मिड-माइल वाहनों में से 150 को इलेक्ट्रिक कर लिया है। इनमें मोंट्रा इलेक्ट्रिक एविएटर के 110 ई-एससीवी शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, 110 एविएटर वाहन प्रतिदिन करीब 22 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं और सालाना 1,750 टन से अधिक टेलपाइप सीओ2 उत्सर्जन में कमी ला सकते हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल से ऊर्जा और रखरखाव लागत कम होने के साथ डिलीवरी संचालन में दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। मोंट्रा इलेक्ट्रिक ई-एससीवी डिविजन के सीईओ साजू नायर ने कहा कि मोर रिटेल का इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना व्यावसायिक उपयोग में इलेक्ट्रिफिकेशन की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाता है।

बेचना है

बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100.x 50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर / 05 / अक्टू.)

छोटा लिंग निराश क्यों?

जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक

लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।

घर बैठे मंगवाये।

लाभ नही तो पैसे वापिस।

09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

वृष — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

मिथुन — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

कर्क — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

सिंह — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

कन्या — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

तुला — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

वृश्चिक — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि

धनु — किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

मकर — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

कुंभ — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

मीन — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 26 / वर्ष 2026 - 27 / कार्य.यं. — निविदा सूचना — नरसिंहपुर, दिनांक 28/09/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।


क्र.	टेण्डर आई डी	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा फार्म की राशि	आमंत्रण क्र.	कार्य समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2025_PWDRB_513899_1	नरसिंहपुर	मजबूती करण	नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर मगरधा सांकल सिंहपुर मैनावारी पहुंच मार्ग शहरी क्षेत्र मिसिंग लंबाई 3.60 कि.मी. (विद्युतीकरण कार्य सहित) का मजबूतीकरण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	462.12	4,62,500	15,000	द्वितीय आमंत्रण	05 माह वर्षा ऋतु सहित	सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें।
				योग	462.12					

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 10/10/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 10/10/2026, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री

G-19377/26 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" — लोक निर्माण विभाग (भ / स) - संभाग नरसिंहपुर

शब्द पहेली - 6366



बाएँ से दाए

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. वैयक्तिक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनक्का, अर्पित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्लिप्तता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मणुक, मङ्कुअ-3
35. इक्यगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लम्बद्ध-4

ऊपर से नीचे

2. संघ, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. पलक का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. परिपत्र, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. सपाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रचार, चमत्कार-3
32. लड़ी, शृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6365 का हल



सूडोकु नवताल - 6376

कठिनतम ★★★★★

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHI, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक अड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6375 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल'की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग



में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल'से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

भारत को एक मिनट में मिले 2 गोल्ड, बॉक्सर अंकुश और रेसलर सुजीत बने चैंपियन

एशियन गेम्स 2026 में शुक्रवार का दिन भारत के लिए बेहद खास रहा। कुश्ती और बॉक्सिंग में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में गोल्ड मेडल डाल दिए। इसी गोल्डन सिलसिले में पहलवान सुजीत कलकल और बॉक्सर अंकुश पंघाल ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर भारत का नाम रोशन किया।

एजेंसी ▶▶ नागोया

सबसे पहले कुश्ती के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल ने शानदार मुकाबला जीतकर भारत को कुश्ती में गोल्ड दिलाया। सुजीत ने फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह 2026 एशियन गेम्स में भारत का कुश्ती में पहला गोल्ड भी है।

इसके तुरंत बाद बॉक्सिंग में अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंकुश ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और शानदार प्रदर्शन के साथ एशियन गेम्स का खिताब अपने नाम किया।

बॉक्सिंग में एक दिन तीन गोल्ड मेडल

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने इस दिन तीन गोल्ड मेडल पूरे किए। इससे पहले लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा भी अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी थीं। यानी एशियन गेम्स के इस दिन भारत के लिए बॉक्सिंग और कुश्ती से लगातार गोल्ड आने का सिलसिला देखने को मिला।





सेपकटकरा : भारत को मिला कांस्य

भारतीय टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों की सेपकटकरा प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान जापान से 0-2 से हार गई और इस तरह से उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत सेमीफाइनल मैच 12-15, 13-15 से हार गया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में जापान को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में वह जीत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। इससे पहले भारत ने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने ग्रुप चरण में लाओस (2-0), वियतनाम (2-0) और म्यांमार (2-1) को हराया था। दूसरी ओर जापान ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसकी शुरुआत इंडोनेशिया से 1-2 की हार से हुई थी। इसके बाद उसने सिंगापुर और कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्रिकेट : आज टीम इंडिया के सामने पाकिस्तान की चुनौती



नागोया। विश्व चैंपियन भारत शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान की युवा टीम के खिलाफ अपने अनुभवी सितारों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का अब तक का सबसे अधिक राजनीतिक तनाव वाला फाइनल होगा। मैदान पर दोनों टीमें जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और मैदान के बाहर भी दोनों के बीच तनातनी बनी रहने की संभावना है। पिछले साल एशिया कप के दौरान शुरू हुई हाथ न मिलाने की परंपरा के कारण इस मुकाबले से पहले या बाद में भी खिलाड़ियों के एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संभावना बेहद कम है।
लगातार बारिश के कारण दोनों टीमों को मैदान पर सीधे सेमीफाइनल मुकाबले में उतरना पड़ा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल आसानी से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह दोनों को स्वर्ण पदक के लिए सिर्फ दो मुकाबले जीतने पड़े हैं। भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और नये टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा।



महिला डिंगी सेलिंग : नेत्रा ने कांस्य पदक किया अपने नाम

गामागोरी सिटी। भारत की नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की महिला डिंगी सेलिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने चौथे एशियाई खेल अभियान में पहला पदक हासिल किया। चेन्नई की 29 वर्षीय नेत्रा ने कुल 14 अंक हासिल किए। दो बार की इस ओलंपियन ने फाइनल रेस में सात और क्वालीफिकेशन रेस में भी सात अंक जुटाए और तीसरे स्थान पर रहीं। थाईलैंड की सोफिया मॉन्टगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण, जबकि सिंगापुर की जेनिया आंग ने 13 अंक के साथ रजत पदक जीता। नेत्रा ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, 'मेरी भावनाएं मिली-जुली हैं। यह मेरे चौथे एशियाई खेल हैं और आखिरकार यहां से कोई पदक लेकर लौटना अच्छा लग रहा है। मैंने हालांकि कई गलतियां कीं और काफी अंक गंवाए।' सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और सबसे कम कुल अंक वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। नेत्रा ने अपनी अंतिम दो रेस में से एक में जीत हासिल की, जबकि दूसरी रेस में वह छठे स्थान पर रहीं।

तीरंदाजी : महिला रिकर्व टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण




नागोया। महिला रिकर्व टीम ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष रिकर्व और मिश्रित रिकर्व टीमों ने रजत पदक अपने नाम कर एशियाई खेलों की तीरंदाजी में शुक्रवार के दिन को भारत के लिए शानदार बना दिया। रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अंकिता भकत, कोंर्ति शर्मा और 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम दिन का पहला पदक दिलाया। भारतीय तिकड़ी ने तेज हवा के कारण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच धैर्य बनाए रखते हुए गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-3 (54-54, 56-56, 55-51, 54-54) से हराकर यादगार जीत दर्ज की।

पुरुष हॉकी : टीम की नजरें स्वर्ण पर, आज मलेशिया से खिताबी भिड़ंत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है। दूसरी ओर मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा मलेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा।

खबर संक्षेप



प्रणवी को एकल बढ़त स्वर्ण पदक की उम्मीद

नागोया। भारत की प्रणवी उर्स ने शुक्रवार को तीसरे दौर में चार अंडर 66 का स्कोर बनाकर तीन स्ट्रोक की बढ़त हासिल कर ली और एशियाई खेलों की महिला गोल्फ प्रतियोगिता में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक के लिए खुद को मजबूत दावेदार बना दिया। पहली बार एशियाई खेलों में भाग ले रही मैसूर की इस 23 वर्षीय खिलाड़ी का कुल स्कोर 15 अंडर 195 है और वह सिंगापुर की शैनन टैन से तीन शॉट आगे है, जो तीसरे दौर में एक-ओवर 71 के स्कोर के साथ लड़खड़ा गईं और नीचे खिसक गई। शैनन से एक स्ट्रोक पीछे चीन की यिन रुओनिंग हैं। उन्होंने चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 11-अंडर 199 का स्कोर हासिल किया। प्रणवी के स्कोर में पांच बर्डी शामिल थीं, जबकि उन्होंने पार-फोर 14वें होल पर एक बोगी लगाई। उन्होंने पहले, तीसरे और आठवें होल में बर्डी बनाई।

समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगी नीरू



नागोया। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा रविवार को एशियाई खेलों के समापन समारोह में भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।
नीरू ने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक और एक टीम रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी अपना तीसरा पदक जीतने के एक दिन बाद भारत लौट गई थी। अब वह समापन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने के लिए शनिवार सुबह नागोया वापस जाएंगी।
भारत की उपमाशन प्रमुख अंजलि भागवत ने शुक्रवार को बताया, 'नीरू समापन समारोह में महिला ध्वजवाहक होगी।

गेंदबाजी की 'गुत्थी' सुलझाने उतरेगा भारत

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी वनडे आज

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

पहले दो मैच में जीत हासिल कर चुकी भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गेंदबाजी की गुत्थी सुलझानी होगी, जिसमें अनुभवी रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। भारत ने सीरीज में दबदबा बनाए रखा है, लेकिन उनके प्रदर्शन के बजाय चर्चा पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर केंद्रित रही है, क्योंकि पिछले वनडे में 800 से अधिक रन बने थे। इन परिस्थितियों की आलोचना करने वालों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी शामिल हैं, जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहते हैं। सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त ले चुकी भारतीय टीम अब अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



युजवेंद्र चहल ने लाल गेंद क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मैदान पर नॉर्थम्पटनशर की ओर से मिडलसेक्स के खिलाफ अपना आखिरी इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके चहल लाल गेंद की क्रिकेट में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिनमें 6 बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने के



कारनामे सहित 148 विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर की तरफ से अपने अंतिम प्रथम श्रेणी सत्र में चहल ने 5 मैचों में 21 विकेट लिए, जिसमें डरहम के खिलाफ एक मैच में 9 विकेट लेना भी शामिल है।

टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था

चहल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'मैंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच लॉर्ड्स में खेला था। यह कहते हुए मैं भावुक हो रहा हूं क्योंकि टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था। एक ऐसा सपना, जिसे मैंने कई साल तक संजोकर रखा। भले ही यह सपना पूरा न हुआ हो, लेकिन मैं अपने अब तक के सफर से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लाल गेंद का क्रिकेट केवल एक अन्य प्रारूप नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, जज्बा, दृढ़ता और घंटों तक मैदान पर रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने के आनंद का मतलब सीखा।'

कोलकाता पहुंची ब्राजील की फुटबॉल टीम, आज होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी



और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी मार्क्विनहोस शामिल हैं। ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है, जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है।

भारत-पाक एशियाड फाइनल में नहीं आएंगे नकवी

दुबई। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी जापान के निशिन शहर के कोरोगी पार्क में शनिवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच एशियाई खेलों



के स्वर्ण पदक मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं होंगे एसीसी ने आधिकारिक मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा, ''एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं के कारण एशियाई खेल 2026 के फाइनल में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी चार टीम को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं। नकवी ने इस पोस्ट में कहा, 'एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। प्रतिबद्धताओं के कारण मैं नागोया से दूर रहूंगा। लेकिन मैं कुछ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार करूंगा।'

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज पर जमाया कब्जा

इंडिया ए ने कराया ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच ड्रॉ



एजेंसी ▶▶ पुडुचेरी

ऑस्ट्रेलिया ए के इंडिया ए ने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच को बचा लिया है। मैच की चौथी पारी में जीत के लिए 365 रनों का लक्ष्य दिया था।

मैच में एक दिन से ज्यादा का समय बचा हुआ था। इसके बाद भी मुश्किल विकेट पर इंडिया ए ने मैच को ड्रॉ करवा दिया है। आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया ए को 9 विकेट की जरूरत थी लेकिन उनके गेंदबाज 8 ही भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर पाई। दो मैचों की इस सीरीज को इंडिया ए ने 1-0 से अपने नाम किया।

इंडिया ए ने चौथी पारी में 310 रन बनाए

इंडिया ए ने अपनी चौथी पारी में 9 विकेट पर 310 रन बनाए। जब टीम का 9वां विकेट गिरा तो 18 गेंद का खेल बाकी थी। नचिकेत भुटे ने प्रफुल हिंगे के साथ मिलकर टीम को बचा लिया। भुटे ने 21 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए। वहीं हिंगे ने 6 गेंदों का सामना किया और विकेट नहीं दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ए ने 358 रन बनाए तो इंडिया ए की टीम 167 रन ही बना सकी। दूसरी पारी को ऑस्ट्रेलिया ए ने 4 विकेट पर 173 रन बनाकर घोषित कर दी।

देशपांडे और यश राठौर की फिफ्टी

इंडिया ए के लिए नाइटवॉच मैन के रूप में उतरे तुषार देशपांडे ने फिफ्टी ठोकी। वह तीसरे दिन स्टंप से पहले साई सुदर्शन के आउट होने के बाद उतरे थे। 119 गेंदों पर देशपांडे के बल्ले से 119 गेंदों पर 52 रनों की पारी निकली। वहीं यश राठौर ने 138 गेंद पर 80 रन बनाए। ओपनर आयुष पांडे ने 80 गेंद पर 19 रनों का योगदान दिया। इंडिया ए के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने 26 और शेख रशीद ने 38 रन नबाए। कुमार कुशाग्र और तनुष कोटियान 1-1 रन का ही योगदान दे पाए।

नेशंस लीग फुटबॉल : जर्मनी ने सर्बिया को दी शिकस्त

जर्मनी कोच जुर्गेन क्लोप ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी के मुख्य कोच के रूप में जुर्गेन क्लोप ने आखिरकार पहली जीत का स्वाद चखा जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में भी पुर्तगाल ने नेशंस लीग फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क को 4-2 से हराया। फ्लोरियन विर्ट्ज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत में जर्मनी ने म्यूनिख में ग्रुप ए2 में सर्बिया को 2-0 से हराया।

पूर्व खिलाड़ी 59 वर्षीय क्लोप नीदरलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ और यूनान के हाथों मिली 0-1 की चौंकाने वाली हार के बाद अपने शुरुआती तीनों मैचों में जीत से महरूम रहने वाले जर्मनी के पहले कोच बनने की कगार पर थे। टॉम बिशॉफ 39वें मिनट में ने गोल कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। विर्ट्ज ने इसके बाद मैक्सिमिलियन मिटेलश्टेट के क्रॉस पर शानदार गोल करके जर्मनी की बढ़त 2-0 कर दी।



कोच और रोनाल्डो में मतभेद

पुर्तगाल ने दिग्गज क्रिस्टियनो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में कोपेनहेगन मे डेनमार्क को 4-2 से हराया। कोच जॉर्ज जीसस के साथ कथित मतभेद के बाद रोनाल्डो ने एक दिन पहले ही टीम का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।
रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंकालो रामोस ने जोआओ कैंसेलो के शुरुआती गोल में मदद की।

गोल नहीं कर सके हालैंड

वेल्स ने कार्डिफ में 10 खिलाड़ियों वाली नॉर्वे की टीम को 2-1 से हराकर ग्रुप ए4 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मुकाबले में नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड गोल नहीं कर सके। हालैंड के लिए यह अपने देश की ओर से पिछले 18 प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में केवल दूसरा मैच था, जिसमें वह गोल नहीं कर सके।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद 2025 में जारी हुआ था पांच चरणों का कार्यक्रम,
सरकार से जवाब मांग रहे सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोग

सहकारिता चुनाव का ऐलान हुआ, तारीखें भी बीतीं... फिर भी नहीं हुए चुनाव

संजय साहू

जबलपुर। मध्यप्रदेश में सहकारिता संस्थाओं के चुनाव का इंतजार लंबा होता जा रहा है। वर्ष 2018 के बाद से सहकारी संस्थाओं में चुनाव नहीं होने को लेकर पहले से सवाल उठते रहे हैं।
हाईकोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ने मार्च 2025 में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के चुनाव के लिए बाकायदा पांच चरणों का कार्यक्रम जारी किया था। तारीखें तय हुईं, निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जारी हुआ था कार्यक्रम

राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा 24 मार्च 2025 को जारी आदेश क्रमांक 1663 में हाईकोर्ट के विभिन्न आदेशों का हवाला देते हुए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के निर्वाचन की घोषणा की गई थी। आदेश में बताया गया था कि न्यायालय के निर्देशों के पालन में पुनर्गठन की कार्रवाई पूरी कर यथाशीघ्र निर्वाचन कराया जाना है। निर्वाचन के लिए पांच चरण निर्धारित किए गए थे। पहले चरण में पंजीयन एवं निर्वाचन प्रक्रिया 1 मई से 23 जून 2025, दूसरे में 13 मई से 4 जुलाई, तीसरे में 26 मई से 22 अगस्त, चौथे में 5 जुलाई से 31 अगस्त और पांचवें चरण में 14 जुलाई से 7 सितंबर 2025 तक कार्यक्रम प्रस्तावित था।



अधिकारियों को भी दिए गए थे निर्देश

निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश में जिला निर्वाचन समन्वयकों और उप-सहायक आयुक्तों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। साथ ही बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रार/रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति के लिए संबंधित जिलों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची अनुमोदित कर भेजने को कहा गया था। यानी चुनाव को लेकर शासन स्तर पर प्रक्रिया, कार्यक्रम और जिम्मेदारियां तय कर दी गई थीं। इसके बावजूद चुनाव नहीं होने से अब पूरी प्रक्रिया पर ही सवाल उठ रहे हैं।

किसानों और सदस्यों के प्रतिनिधित्व का सवाल

सहकारी समितियां सीधे किसानों और उनके आर्थिक हितों से जुड़ी हैं। समितियों के माध्यम से किसानों को ऋण सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। ऐसे में लंबे समय से निर्वाचित प्रतिनिधित्व नहीं होने को लेकर सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों में असंतोष है। सहकारिता से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि सहकारी संस्थाओं की मूल भावना ही सदस्यों की भागीदारी और लोकतांत्रिक व्यवस्था है। जब वर्षों तक चुनाव नहीं होते तो सदस्यों और किसानों की समस्याओं को निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से संबंधित मंच तक पहुंचाने की व्यवस्था प्रभावित होती है।

घोषित कार्यक्रम का क्या हुआ?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब हाईकोर्ट के निर्देश के बाद चुनाव कार्यक्रम जारी हो चुका था, पांच चरणों की तारीखें भी तय हो चुकी थीं और अधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई थीं, तो चुनाव आखिर क्यों नहीं हुए? सहकारिता क्षेत्र से मांग उठ रही है कि वर्षों से लंबित चुनाव प्रक्रिया को तत्काल आगे बढ़ाया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि 2025 में घोषित कार्यक्रम के बावजूद चुनाव क्यों नहीं कराए जा सके। केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के मध्यप्रदेश दौरे के बीच सहकारिता चुनाव का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है।

हलफनामे और माफीनामे पर मिली 15 दिनों की मोहलत

हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद पेश हुए छिंदवाड़ा एसपी अजय पांडे

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक अजय पांडे व्यक्तिगत रूप से अदालत के समक्ष पेश हुए। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच के सामने उन्होंने हलफनामे के साथ बिना शर्त माफीनामा प्रस्तुत करते हुए वारंट निरस्त करने की गुहार लगाई। कोर्ट ने उनकी अर्जी स्वीकार करते हुए अदालती आदेश का पूरी तरह अनुपालन करने के लिए 15 दिनों की मोहलत प्रदान की है।

मामला सुहागी ,जबलपुर निवासी सीता तिवारी की ओर से दायर अवमानना याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ता के पति संतोष पांडे छिंदवाड़ा पुलिस विभाग में पदस्थ थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद निधन होने पर विभाग ने उनके पेंशन भुगतान से ₹2,24,000 की



रिकवरी निकाल ली थी। इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसमें अदालत ने दिवंगत पुलिसकर्मी के परिवार के पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किए थे।

बेंच ने सुनवाई के दौरान पाया कि अवमानना याचिका पर 10 माह पूर्व नोटिस जारी किए जाने के बावजूद छिंदवाड़ा पुलिस की ओर से कोई अनुपालन रिपोर्ट पेश नहीं की गई। रिकॉर्ड से यह उजागर हुआ कि एसपी अजय पांडे ने 11 फरवरी 2026 को गृह विभाग, भोपाल के अवर सचिव को नोटिस मिलने की सूचना दी थी। इससे स्पष्ट था कि अधिकारी अवमानना मामले की पेंडेंसी से पूरी तरह वाकिफ थे। अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सिर्फ अधिकारियों या रजिस्ट्रार को चिट्ठी लिखना न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं है। कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए आदेश का उल्लंघन करने पर एसपी पांडे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर तामीली की जिम्मेदारी जबलपुर आईजी को सौंपी थी। वारंट जारी होने के बाद बैकफुट पर आए छिंदवाड़ा एसपी ने अदालत के सामने स्वयं उपस्थित होकर माफी मांगी। आदेश के शत-प्रतिशत परिपालन का भरोसा दिया। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर ली गई अनुपालन रिपोर्ट और लिखित आश्वासन के आधार पर एसपी पांडे को अंतिम अवसर के रूप में 15 दिनों की राहत दे दी।

77 महीने का गुजारा भत्ता नहीं देने पर जेल गए मजदूर को हाई कोर्ट से राहत

जबलपुर। 77 महीने का भरण-पोषण नहीं देने पर 11 महीने के कारावास की सजा भुगत रहे मजदूर को मप्र हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने आवेदक की आर्थिक स्थिति को देखते हुए निर्देश दिया कि बकाया राशि का 10 प्रतिशत जमा करने पर उसे रिहा किया जाए। शेष 90 प्रतिशत राशि छह महीने में चार किश्तों में जमा करनी होगी। छिंदवाड़ा निवासी शाहिद कुरैशी का निकाह 26 अप्रैल 2012 को हुआ था। दंपती के दो बच्चे हैं। विवाद के बाद दोनों अलग रहने लगे। पत्नी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का आवेदन किया था। 21 जनवरी 2025 को फैमिली कोर्ट, छिंदवाड़ा ने एकतरफा आदेश में पत्नी और बच्चों को प्रतिमाह 3,750 रुपये भरण-पोषण देने के निर्देश दिए। भुगतान नहीं होने पर पत्नी ने वसूली आवेदन दिया। फैमिली कोर्ट ने 11 मई 2026 को 77 महीने की बकाया राशि 2,88,750 रुपये जमा नहीं करने पर शाहिद को 11 महीने के कारावास का आदेश दिया। इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाई कोर्ट ने आर्थिक स्थिति को देखते हुए 10 प्रतिशत राशि जमा करने पर रिहाई और शेष राशि छह महीने में चार किश्तों में चुकाने की शर्त पर याचिका का निराकरण कर दिया।

एक बगिया मां के नाम में कर्मचारी की बर्खास्तगी निरस्त, हाईकोर्ट ने कहा-जवाब पर विचार किए बिना कार्रवाई उचित नहीं

जबलपुर। एक बगिया मां के नाम योजना और मनरेगा कार्यों में कथित लापरवाही के आधार पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार शर्मा की संविदा सेवा समाप्त करने का आदेश मप्र हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीधी ने 17 दिसंबर 2025 को सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया था। तर्क दिया गया कि योजना के क्रियान्वयन में सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री व सहायक यंत्री सहित कई स्तर के अधिकारियों की भूमिका होती है, इसके बावजूद पूरी जिम्मेदारी याचिकाकर्ता पर डाल दी गई। कोर्ट ने पाया कि शर्मा ने 16 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस के जवाब में पोर्टल डाउन रहने, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां लंबित होने तथा कार्य-विभाजन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य रखे थे। इसके बावजूद अगले ही दिन सेवा समाप्ति आदेश पारित कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि आरोपों पर आधारित कलंककारी सेवा समाप्ति में कर्मचारी के जवाब और बचाव पर वस्तुनिष्ठ विचार करना आवश्यक है। हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर का सेवा समाप्ति आदेश निरस्त करते हुए मामला कलेक्टर, सीधी को नए सिरे से विचार के लिए भेज दिया। शर्मा को दो सप्ताह में अपील प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। कलेक्टर को पूर्ण सुनवाई के बाद दो माह में कारणयुक्त आदेश पारित करना होगा।

घर के सामने सुअरमार बम फोड़े

जबलपुर। घमापुर क्षेत्र में आधी रात घर के सामने सुअरमार बम फोड़कर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो संदिग्धों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। डॉक्टर मित्रा के पीछे गोपाल होटल क्षेत्र निवासी आरती रजक ने पुलिस को बताया कि एक अक्टूबर की रात करीब दो बजे परिवार के साथ घर में सो रही थीं। अचानक घर के सामने जोरदार धमाका हुआ। बाहर निकलकर देखा तो सुअरमार बम के अवशेष पड़े थे। महिला ने पुलिस को बताया कि सुरेश बेन और ऐश्वर्य नाहर स्कूटी से भागते दिखाई दिए। पुलिस ने धारा 3 और 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निजी कंपनी का काम विभागीय कर्मचारियों से कराने का आरोप
राष्ट्रीय अवकाश पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे आउटसोर्स कर्मचारी

विद्युत अधिकारी कर रहे कर्मचारियों का शोषण...?

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में स्मार्ट मीटर लगाने के काम को लेकर अब अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि निजी ठेका कंपनी को सौंपे गए स्मार्ट मीटर लगाने के काम में विभाग के आउटसोर्स और तकनीकी कर्मचारियों को लगाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि 2 अक्टूबर, गांधी जयंती जैसे राष्ट्रीय अवकाश के दिन भी कर्मचारियों को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए भेज दिया गया। मामला बलदेवबाग क्षेत्र का है। यहां दो स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचे आउटसोर्स एवं तकनीकी कर्मचारी ने घर पहुंचते ही बताया कि परिसर में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। जब राष्ट्रीय अवकाश के दिन काम करने को लेकर सवाल किया गया तो कर्मचारी ने खुद को विभागीय कर्मचारी बताया और कहा कि असिस्टेंट इंजीनियर श्री चौकसे के निर्देश पर मीटर बदलने का काम दिया गया है। हालांकि मौके पर इस काम से संबंधित कोई लिखित आदेश नहीं दिखाया गया।

आदेश पूछा तो शुरू हुआ टालमटोल

मामले में जब असिस्टेंट इंजीनियर चौकसे से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि उनकी ड्यूटी लगाई गई है और इसका आदेश अधीक्षण अभियंता द्वारा जारी किया गया है। लेकिन जब उनसे आदेश उपलब्ध कराने को कहा गया तो वे आदेश दिखाने में टालमटोल करते नजर आए। इससे सवाल खड़ा होता है कि आखिर राष्ट्रीय अवकाश के दिन किस लिखित आदेश के आधार पर आउटसोर्स कर्मचारी को स्मार्ट मीटर लगाने भेजा गया था?

चीफ इंजीनियर बोले- छुट्टी के दिन काम पर डबल भुगतान

मामले में चीफ इंजीनियर एस के गिरिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि किसी आउटसोर्स अथवा तकनीकी कर्मचारी को राष्ट्रीय अवकाश या उसके अवकाश के दिन काम पर बुलाया जाता है तो संबंधित कंपनी द्वारा उस दिन के बेसिक का दोगुना भुगतान किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई आउटसोर्स या तकनीकी कर्मचारी लगातार 48 घंटे काम करता है तो उसे 24 घंटे का अवकाश देना अनिवार्य है। उन्होंने मामले को दिखाने की बात कही।

अधीक्षण यंत्री ने ही खोल दिए सवालों के दरवाजे

वहीं अधीक्षण यंत्री संजय अरोरा का कहना है कि निजी कंपनी द्वारा लगाए गए तकनीकी या आउटसोर्स कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने का काम नहीं कर सकते। उनके अनुसार यदि किसी उपभोक्ता का मीटर खराब हुआ है तो उसे बदलने का काम विभागीय कर्मचारी कर सकते हैं। अब सवाल यही है कि बलदेवबाग में 2 अक्टूबर को स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचा कर्मचारी आखिर किसके आदेश पर और किस काम के लिए भेजा गया था? यदि अधीक्षण यंत्री के अनुसार निजी कंपनी के काम के लिए विभागीय आउटसोर्स



कर्मचारी स्मार्ट मीटर नहीं लगा सकते, तो मौके पर स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचा कर्मचारी किस श्रेणी में आता है?

निजी कंपनी को फायदा या विभागीय व्यवस्था का दुरुपयोग?

पूरे मामले में अधिकारियों के अलग-अलग बयानों ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक अधिकारी ड्यूटी लगाने की बात कह रहे हैं, जबकि अधीक्षण यंत्री स्पष्ट कर रहे हैं कि निजी कंपनी द्वारा लगाए गए कर्मचारी स्मार्ट मीटर नहीं लगा सकते। ऐसे में जांच का विषय यह भी है कि स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका किस कंपनी के पास है, बलदेवबाग में मीटर लगाने पहुंचा कर्मचारी किसके अधीन था, उसे किस अधिकारी ने अधिकृत किया और राष्ट्रीय अवकाश के दिन काम कराने के लिए क्या लिखित आदेश जारी हुआ था। मामला केवल एक दिन कर्मचारी को काम पर बुलाने का नहीं, बल्कि निजी ठेके के काम और विभागीय मानव संसाधन के इस्तेमाल की सीमा से जुड़ा है। यदि विभागीय कर्मचारियों से ठेका कंपनी का काम कराया जा रहा है तो इससे न केवल कर्मचारियों के अधिकारों पर सवाल उठते हैं, बल्कि निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचने की आशंका की भी जांच जरूरी हो जाती है। अधिकारियों के परस्पर विरोधी बयानों के बीच अब विभागीय स्तर पर निष्पक्ष जांच और संबंधित आदेश सार्वजनिक किए जाने की जरूरत है।

कोरियर के नाम पर 64 हजार की ऑनलाइन ठगी

जबलपुर। साइबर ठगों ने कोरियर आने का झांसा देकर महिला से 64 हजार रुपये ठग लिए। घमापुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बरऊ मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय रंजीता केवट के मोबाइल पर 25 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को कोरियर कंपनी से बताते हुए महिला से आधार कार्ड की फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। इसके बाद ठग ने एक स्कैनर भेजा और उसके कहने पर महिला ने 29 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

इसके बाद अलग-अलग बार 10 हजार, 11 हजार और 14 हजार रुपये और ट्रांसफर कराए गए। ठग ने फिर 30 हजार रुपये भेजने को कहा और रकम नहीं देने पर कोरियर वापस होने की



बात कही। इस तरह महिला से कुल 64 हजार रुपये पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 77 हजार

पनागर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठगों ने महिला के बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 77 हजार 524 रुपये से अधिक की रकम निकाल ली। ग्राम कसही निवासी संदीप गड़ारी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी कामिनी गड़ारी के बैंक ऑफ इंडिया पनागर शाखा के खाते से 25 सितंबर को 1.80 रुपये कटने का मैसेज आया। उन्होंने इसे बैंक की मैसेज सुविधा का शुल्क समझ लिया। अगले दिन अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर व्हाट्सएप पर आने वाले मैसेज को डिलीट करने की बात कही। इसके बाद खाते से लगातार 10 हजार, 20 हजार, 10 हजार, 20 हजार, 9,999 रुपये सहित अलग-अलग रकम निकाली गई। कुल 77,524.70 रुपये खाते से निकल गए।

पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस और 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

6 मोबाइल, सोने का लॉकेट, 17 हजार रुपये, पल्सर और मास्टर चाबियां बरामद

परीक्षार्थियों की एक्टिवा की डिक्की खोलकर चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

जबलपुर। माढ़ोताल पुलिस ने परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े परीक्षार्थियों के वाहनों की डिक्की मास्टर चाबी से खोलकर मोबाइल, नकदी और अन्य सामान चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6 मोबाइल, सोने जैसा धातु का एक लॉकेट, 17 हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल और मास्टर चाबियां बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार 24 सितंबर को समदड़िया कॉलोनी निवासी प्राची भोसले परीक्षा देने ग्लोबल कॉलेज पहुंची थीं। परीक्षा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक थी। उन्होंने अपना मोबाइल और सोने का लॉकेट एक्टिवा की डिक्की में रख दिया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद लौटने पर डिक्की खोलने पर मोबाइल और लॉकेट गायब मिले। आसपास खड़े अन्य परीक्षार्थियों के वाहनों की डिक्कियों से भी मोबाइल, नकदी और एटीएम कार्ड चोरी होने की जानकारी सामने आई। रिपोर्ट पर माढ़ोताल थाने में अपराध क्रमांक 814/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिरों को सक्रिय किया। फुटेज के आधार पर प्रतीक उर्फ गोलू सोनी (38), निवासी मानस बिहार कॉलोनी लमती, थाना विजय नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पल्सर मोटरसाइकिल से ग्लोबल कॉलेज के पास पहुंचा था। वहां उसने मास्टर चाबियों से करीब 8 से 10 खड़े वाहनों की डिक्कियां खोलने का प्रयास किया। इनमें से 5-6 वाहनों के लॉक खुल गए। आरोपी ने इन डिक्कियों से 6 मोबाइल, एक लॉकेट, एटीएम कार्ड और 7,500 रुपये नकद चोरी किए। इसके बाद चोरी किए गए एटीएम कार्ड के माध्यम से 10 हजार रुपये और निकालने की बात भी पुलिस को बताई।

आरोपी की निशानदेही पर उसके घर में पलंग के अंदर छिपाकर रखे 6 मोबाइल, लॉकेट और 17 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एमएच 9483 और मास्टर चाबियां भी जब्त की गईं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूट और चोरी सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं।

कार रिपेयरिंग के 62,680 रुपये बीमा कंपनी डेढ़ माह में दे

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग ने इफ्को टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दुर्घटनाग्रस्त कार की रिपेयरिंग में खर्च हुए 62 हजार 680 रुपये परिवादी को डेढ़ माह के भीतर भुगतान करने का आदेश दिया है। आयोग ने दुर्घटना की तारीख से उक्त राशि पर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के साथ ही पांच हजार रुपये हर्जाना भी देने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव, सदस्य अमित सिंह तिवारी और सोनल पंडित की पीठ ने यह आदेश स्टार ड्रीम्स सिटी, समाधि रोड निवासी विवेक धरया की शिकायत पर सुनवाई के बाद दिया। परिवादी की कार क्रमांक एमपी-20-जेडए-5079 का चार मार्च 2024 को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बीमा कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम देने से इन्कार कर दिया था कि वाहन में हुई क्षति पुरानी है। आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद बीमा कंपनी को रिपेयरिंग में खर्च हुई राशि का भुगतान करने का आदेश दिया।

112 पेटियों से 96 बोतल व 5180 पाव शराब जब्त, कीमत 5.32 लाख रुपये

रांझी में अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

जबलपुर। रांझी पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 112 पेटियों में 96 बोतल अंग्रेजी शराब, 730 पाव अंग्रेजी शराब और 4450 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कुल कीमत करीब 5 लाख 32 हजार 580 रुपये बताई गई है। मामले में एक अन्य आरोपी रवि उर्फ बल्लू पटवा फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि रवि उर्फ बल्लू पटवा ने गांधी व्यायामशाला क्षेत्र में अलग-अलग मकानों के कमरों को किराये पर लेकर भारी मात्रा में शराब छिपाकर रखी है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद थाना प्रभारी रांझी उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर बताए गए स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई। पहली टीम ने महेश यादव के मकान की तलाशी ली। दूसरे कमरे में 47 कार्टूनों में 2350 पाव देशी शराब तथा आठ कार्टूनों में 96



बोतल 8 पीएम व्हिस्की मिली। पूछताछ में महेश यादव ने बताया कि यह शराब रवि उर्फ बल्लू पटवा की है और उसने कमरा शराब रखने के लिए दो हजार रुपये मासिक किराये पर लिया था। पुलिस ने कुल 495 लीटर शराब, कीमत करीब 2 लाख 50 हजार 660 रुपये जब्त की। दूसरी टीम ने माया चौबे के मकान के ऊपर बने कमरे में दबिश दी। यहां 40 कार्टूनों में 2000 पाव देशी शराब, कीमत करीब 1 लाख 84 हजार रुपये, बरामद हुई। मकान मालिक माया चौबे ने पुलिस को बताया कि रवि उर्फ बल्लू पटवा ने कमरा तीन हजार रुपये मासिक किराये पर लिया था। तीसरी टीम ने हेरी सवास्टीन के मकान में कार्रवाई की। यहां जॉनी एंथोनी मिला। तलाशी के दौरान 14 कार्टूनों में 700 पाव तथा एक कार्टून में 30 पाव बॉम्बे रम और दो कार्टूनों में 100 पाव देशी शराब मिली। पुलिस ने कुल 830 पाव शराब, जिसकी कीमत करीब 98 हजार 120 रुपये है, जब्त की।

पुलिस ने मामले में महेश यादव और जॉनी एंथोनी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं रवि उर्फ बल्लू पटवा के खिलाफ भी धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक गनपत मसराम, मनीष कुमार जाटव, सुभाष चंद बागरी, प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम अहिरवार, चंद्रभान सिंह, हरिओम, विनोद सिंह, आरक्षक रवि पंचेश्वर, अभिषेक मिश्रा, मनीष अहिरवार, राहुल मलगाम, दिनेश भावरे, राहुल दुबे, हरिशंकर, चेतेन्द्र और आलोक की भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240